राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# तरुणमित्र

श्रम ही आधार, खबरों से सरोकार

लखनऊ
वर्षः 26 अंक 247
शुक्रवार 4 जुलाई, 2025

तापमान
अधिकतम 33°C
न्यूनतम 28°C

मूल्य 5 रुपए | पृष्ठ-12 | उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार एवं महाराष्ट्र से प्रकाशित | www.tarunmitra.in



TarunMitra TarunMitra TarunMitra
www.youtube.com/@TarunmitraGroup


# अयोध्या में एनएसजी हब का होगा निर्माण

## जेपीएनआईसी का संचालन और रखरखाव करेगा एलडीए, प्रस्ताव को मंजूरी

**यूपी कैबिनेट**

- उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन' के गठन के प्रस्ताव को हरी झंडी
- प्रदेश के एक लाख बेरोजगारों को निजी क्षेत्र में सेवायोजित करने का लक्ष्य
- एलडीए को सौंपी गई जेपीएनआईसी परियोजना, सोसाइटी भंग

**लखनऊ, 3 जुलाई।** उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार की गुरुवार को लोकभवन में हुई कैबिनेट बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसलों पर मुहर लगाई गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में जनपद अयोध्या व आसपास क्षेत्र की सुरक्षा को लेकर नेशनल सिक्योरिटी गार्ड (एनएसजी) हब सेंटर निर्माण हेतु प्रस्ताव को मंजूरी मिली है।

अयोध्या एवं सीमावर्ती संवेदनशील प्रतिष्ठानों की सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए अयोध्या में एनएसजी हब की स्थापना होगी। इसके लिए 8 एकड़ भूमि (नजूल भूमि) 99 साल की लीज पर गृह विभाग भारत सरकार के पक्ष में आवंटित किए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी मिली है।

इसके अलावा जय प्रकाश नारायण इंटरनेशनल सेंटर (जेपीएनआईसी) के संचालन की जिम्मेदारी लखनऊ विकास प्राधिकरण को सौंप दी गई। बैठक के बाद वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि जय प्रकाश नारायण इंटरनेशनल सेंटर (जेपीएनआईसी) को लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) को सौंपने पर योगी कैबिनेट ने मुहर लगा दी है।

समाजवादी पार्टी की अखिलेश सरकार ने लगभग 800 करोड़ रुपये खर्च कर जेपीएनआईसी का निर्माण कराया था। इसके संचालन के लिए सपा सरकार द्वारा गठित की गयी जेपीएनआईसी सोसायटी को योगी कैबिनेट ने भंग कर दिया है।



अब लखनऊ विकास प्राधिकरण ही इसका संचालन करेगा और उसकी देखभाल भी। वित्त मंत्री खन्ना ने बताया कि जनपद लखनऊ में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे को पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से जोड़ने के लिए 49.96 किमी लिंक एक्सप्रेस-वे निर्माण को मंजूरी मिली है। यह एक्सप्रेस-वे 4776 करोड़ रुपये की लागत से बनेगा। इसके अलावा बुंदेलखंड इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (बीआईडीए) एरिया अंतर्गत न्यू इंडस्ट्रियल टाउनशिप योजना के प्रस्ताव को स्वीकृति मिली है। बुंदेलखंड में बीआईडीए को विकसित किये जाने के लिए भूमि संबंधी प्रस्ताव को भी कैबिनेट से मंजूरी मिली है।

उत्तर प्रदेश में औद्योगिक निवेश हेतु प्रोत्साहन नीति के अंतर्गत कंपनियों को सब्सिडी व लेटर ऑफ कंफर्ट जारी करने के प्रस्ताव पर मुहर लगी है। श्रम एवं सेवायोजन विभाग का प्रस्ताव भी पास हुआ है। कैबिनेट बैठक में 'उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन' के गठन के प्रस्ताव को स्वीकृति मिली है। इसके तहत आगामी एक वर्ष में 25 से 30 हजार बेरोजगारों को देश के बाहर व देश में करीब एक लाख प्रदेश के बेरोजगारों को निजी क्षेत्र में सेवायोजित करने का लक्ष्य रखा गया है।

कैबिनेट बैठक में कारखानों में कामगार महिला वर्करों के सम्बंध में नियमावली संशोधन प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गयी है। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग अंतर्गत निगमों में उत्पादित वस्तुओं के क्रय अनिवार्यता के सम्बंध में प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी है। 11 प्रकार के उत्पादित वस्तुओं को निगमों द्वारा क्रय किया जाता है। ■ शेष पेज 11 पर

# सरकार किसानों की दुर्दशा के प्रति उदासीन बनी : राहुल

- महाराष्ट्र में किसानों की आत्महत्या पर मोदी सरकार पर बोला हमला
- बीज, खाद व डीजल महंगा, लेकिन एमएसपी की कोई गारंटी नहीं

**नई दिल्ली, 3 जुलाई।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने महाराष्ट्र में किसानों की आत्महत्या को लेकर गुरुवार को मोदी सरकार पर हमला बोला। कांग्रेस नेता ने कहा कि किसान दिन-प्रतिदिन कर्ज में डूबते जा रहे हैं और सरकार किसानों की दुर्दशा के प्रति उदासीन बनी हुई है। उन्होंने एक्स पर अपनी पोस्ट में सरकार पर किसानों की कर्ज माफी और फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी की मांगों की अनदेखी करने का आरोप लगाया उन्होंने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर पोस्ट करते हुए लिखा कि महाराष्ट्र में तीन महीनों में 767 किसों ने आत्महत्या कर ली है, लेकिन सरकार इस मुद्दे पर चुप है।

सरकार से सवाल करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि क्या ये सिर्फ एक आंकड़ा है? अब ये 767 परिवार जो कभी नहीं संभल पाएंगे। एक मीडिया रिपोर्ट को साझा करते हुए उन्होंने यह भी लिखा कि किसान हर दिन कर्ज में और गहराई तक डूब रहा है। बीज महंगे हैं, खाद महंगी है, डीजल महंगा है, लेकिन एमएसपी की कोई गारंटी नहीं। जब वो कर्ज माफी की मांग करते हैं, तो उन्हें नजरअंदाज कर दिया जाता है, लेकिन जिनके पास करोड़ों हैं? उनके लोन मोदी सरकार आराम से माफ कर देती है।

प्रधानमंत्री मोदी पर हमला करते हुए राहुल गांधी ने उन पर वादे से मुकरने का भी आरोप लगाया। राहुल गांधी ने लिखा, 'मोदी जी ने कहा था, किसान की आमदनी दोगुनी करेंगे, लेकिन आज हाल ये है कि अन्नदाता की जिंदगी ही आधी हो रही है।

ये सिस्टम किसानों को मार रहा है और मोदी जी अपने ही पीआर का तमाशा देख रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### साहिबगंज में मालगाड़ी की 18 बोगी पटरी से उतरीं

**साहिबगंज, 3 जुलाई।** झारखंड के साहिबगंज में गुरुवार सुबह बड़ा रेल हादसा हो गया। इसमें पत्थरों से लोड एक मालगाड़ी बेपटरी हो गयी, जिससे कई बोगियां क्षतिग्रस्त हो गईं। हालांकि इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ है लेकिन रेलवे को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। इस दुर्घटना में मालगाड़ी की करीब 18 बोगियां पटरी से उतरकर नीचे गिर गईं हैं। मालदा डीआरएम घटनास्थल का मौका-मुआयना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि नुकसान का आकलन किया जा रहा है। मालदा डीआरएम मनीष गुप्ता घटनास्थल पर पहुंच गए हैं और जांच कर रहे हैं।

### तीन आईपीएस अफसरों का तबादला

**लखनऊ, 3 जुलाई।** यूपी में गुरुवार को तीन आईपीएस अफसरों के तबादले कर दिए गए हैं। मुथा अशोक जैन को गोरखपुर जोन का अपर पुलिस महानिदेशक बनाया गया है। वह अभी तक भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड में अपर पुलिस महानिदेशक के पद पर कार्यरत थे। इसी तरह पीसी मीणा को पुलिस महानिदेशक कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें नियुक्त किया गया है। डॉ के एस प्रताप कुमार को पुलिस महानिदेशक सीएमडी, पुलिस आवास निगम नियुक्त किया गया है।

### चुनाव आयोग से मिला वाईएसआर कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल

**नई दिल्ली, 3 जुलाई।** देश में आगामी विधानसभा चुनावों से पहले चुनाव आयोग चुनावी प्रक्रिया को मजबूत करने और राजनीतिक दलों के साथ सीधा संवाद स्थापित करने की दिशा में लगातार प्रयास कर रहा है। इसी क्रम में बुधवार को नई दिल्ली स्थित निर्वाचन सदन में वाई.वी. सुब्बा रेड्डी के नेतृत्व में युवजन श्रमिक रायथू (वाईएसआर) कांग्रेस पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव आयोग से मुलाकात की और चुनाव सुधारों तथा प्रक्रिया को लेकर अपने सुझाव प्रस्तुत किए। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार, चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी से विस्तार से चर्चा की।

### ड्रोन और 33 नई तकनीकों से लैस होगी सेना : देवेंद्र शर्मा

**शिमला, 3 जुलाई।** भविष्य की चुनौतियों के अनुरूप भारतीय सेना अब खुद को आधुनिक बना रही है। युद्ध के बदलते स्वरूप को देखते हुए सेना प्रशिक्षण कमान (आरट्रैक) वर्ष 2027 तक ड्रोन समेत 33 नई तकनीकों में जवानों को प्रशिक्षित करेगी। यह जानकारी सेना प्रशिक्षण कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ (जीओसी-इन-सी), लेफ्टिनेंट जनरल देवेंद्र शर्मा, पीवीएसएम, एवीएसएम, एसएम ने गुरूवार को शिमला में आयोजित आरट्रैक अलंकरण समारोह 2025 के दौरान दी।

लेफ्टिनेंट जनरल ने कहा कि आज युद्ध केवल पारंपरिक हथियारों से नहीं लड़े जाते, बल्कि तकनीक इसकी दिशा और परिणाम तय कर रही आरट्रैक द्वारा 15 प्रमुख प्रशिक्षण प्रतिष्ठानों को नई तकनीकों में विशेषज्ञता के केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। प्रशिक्षण और बुनियादी ढांचे के लिए 390 करोड़ रुपये की योजना बनाई गई है। इसके अंतर्गत 57 नई पहल शुरू की गई हैं।

# नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी की बहस पूरी

**गांधी परिवार की दलीलें 4 जुलाई को रखने का आदेश**

**नई दिल्ली, 3 जुलाई।** नेशनल हेराल्ड से जुड़े मामले में गुरुवार को ईडी की ओर से राऊज एवेन्यू कोर्ट में अपनी दलीलें पूरी कर ली है। इसके बाद स्पेशल जज विशाल गोगने ने 4 जुलाई को राहुल गांधी और सोनिया गांधी समेत दूसरे आरोपितों की ओर से दलीलें रखने का आदेश दिया।

ईडी की ओर से पेश अटॉर्नी सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) एसवी राजू ने कहा कि यंग इंडियन 2000 करोड़ की आपराधिक आय प्राप्त करने का एक साधन था और यह मनी लांड्रिंग का एक क्लासिक मामला है। सुनवाई के दौरान एएसजी ने कहा कि शेयरहोल्डिंग सिर्फ नाम के लिए है और अन्य आरोपित गांधी परिवार की कठपुतली हैं।

ईडी ने कहा कि राहुल गांधी और सोनिया गांधी कांग्रेस को नियंत्रित करते हैं। उनका उद्देश्य 92 करोड़ प्राप्त करना नहीं था, बल्कि उनका उद्देश्य 2000 करोड़ रुपये प्राप्त करना था। ईडी ने 2 जुलाई को कोर्ट को बताया था कि सोनिया गांधी और राहुल गांधी ने 2000 करोड़ की संपत्ति के लिए मात्र 50 लाख रुपये ही दिए।

# भारत की विविधता उसकी शक्ति : मोदी

**सम्मान**



- प्रधानमंत्री ने घाना की संसद को किया संबोधित
- मोदी को घाना के सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान से किया सम्मानित

**नई दिल्ली, 3 जुलाई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को घाना की संसद को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने वैश्विक संस्थानों में सुधार, लोकतंत्र को सशक्त बनाने और वैश्विक दक्षिण की प्रगति के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र होने के नाते भारत को दुनिया की प्रगति का आधार स्तंभ बताया और कहा कि मजबूत भारत अधिक स्थिर और स्मृद्ध विश्व में सहयोग कर सकता है।

उन्होंने कहा कि वैश्विक दक्षिण की आवाज के बिना वैश्विक स्तर पर प्रगति पाना संभव नहीं है। वैश्विक संस्थानों में सुधार की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आज विश्व नई और जटिल समस्याओं से जूझ रहा है।

इसमें जलवायु परिवर्तन, महामारी, आतंकवाद और साइबर सुरक्षा जैसी चुनौतियां शामिल हैं। ऐसे में पिछली शताब्दी में बनाए गए संस्थान आज कुछ नहीं कर पा रहे हैं। वर्तमान की चुनौतिपूर्ण परिस्थितियों का सामना करने के लिए जिम्मेदार और प्रभावी सुधार जरूरी हैं। प्रधानमंत्री ने भारत और घाना के ऐतिहासिक संबंधों को लोकतांत्रिक मूल्यों का आधार बताया। उन्होंने कहा कि भारत और घाना के इतिहास की पृष्ठभूमि औपनिवेशिक शासन की पीड़ा से जुड़ी है, लेकिन दोनों देशों की आत्मा हमेशा स्वतंत्र और निर्भीक रही है।

उन्होंने घाना को लोकतंत्र, गरिमा और संकल्प की भूमि बताया। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के लिए लोकतंत्र कोई प्रणाली नहीं, बल्कि एक संस्कार है। यह भारतीय समाज को हजारों वर्षों से प्रेरणा देता रहा है।

उन्होंने भारत को नवाचार और प्रौद्योगिकी का केंद्र बताया और कहा कि यहां वैश्विक कंपनियां आकर काम करना चाहती हैं।

प्रधानमंत्री ने भारत-अफ्रीका संबंधों को लोकतंत्र, समावेश और नवाचार पर आधारित बताया। साथ ही कहा कि भारत-अफ्रीका विकास साझेदारी समय की मांग हैं। उन्होंने इसे आत्मनिर्भर पारिस्थितिक तंत्रों के निर्माण की दिशा में एक सशक्त कदम बताया। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की विविधता उसकी शक्ति है। देश में 2,000 से अधिक राजनीतिक दल, 22 आधिकारिक भाषाएं और हजारों बोलियां हैं। ■ शेष पेज 11 पर

# भ्रामक विज्ञापन नहीं चला सकती रामदेव की कंपनी : हाईकोर्ट

**नई दिल्ली, 3 जुलाई।** दिल्ली हाई कोर्ट ने बाबा रामदेव को झटका देते हुए उनकी कंपनी पतंजलि आयुर्वेद को निर्देश दिया है कि वो डाबर च्यवनप्राश के खिलाफ कोई भी भ्रामक या नकारात्मक विज्ञापन का प्रसारण नहीं करें। जस्टिस मिनी पुष्करणा की अध्यक्षता वाली बेंच ने ये अंतरिम आदेश जारी किया। मामले की अगली सुनवाई 14 जुलाई को होगी। याचिका डाबर इंडिया ने दायर की है। सुनवाई के दौरान डाबर इंडिया के वकील संदीप सेठी ने आरोप लगाया कि वह बाबा रामदेव की कंपनी पतंजलि आयुर्वेद अपने विज्ञापनों के जरिये च्यवनप्राश को गलत तरीके से बदनाम करके उपभोक्ताओं को भ्रमित कर रही है।

पतंजलि ने भ्रामक और गलत दावा कर यह बताने की कोशिश की है कि वही एकमात्र असली आयुर्वेदिक च्यवनप्राश बनाता है।

# शहरी निकायों को अधिक उत्तरदायी बनाया जाना चाहिए : बिरला

■ आलोक कुमार होलकर

**राष्ट्रीय सम्मेलन**



- लोकतांत्रिक संस्थाओं को उच्च स्तर पर ले जाना सभी की जिम्मेदारी
- भविष्य में राजनीतिक नेतृत्व शहरी निकायों से ही निकलेगा

**नई दिल्ली, 3 जुलाई।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने गुरुवार को कहा कि शहरी निकाय लोकतंत्र की बुनियाद हैं और जनता से सीधे जुड़े होते हैं। उन्हें संवाद और आदर्श प्रथाओं के जरिए अधिक उत्तरदायी और पारदर्शी बनाया जाना चाहिए।

सदन नियमित चले, मुद्दों पर चर्चा हो, जवाबदेही सुनिश्चित हो, यही लोकतंत्र की सच्ची परंपरा है, जिसे हमें विकसित करना होगा। ओम बिरला गुरुग्राम के मानेसर में शहरी निकायों के राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने लोकतंत्र ■ शेष पेज 11 पर

# बेलाव घाट डबल मर्डर केस में पूर्व सांसद धनंजय सिंह बरी

**जौनपुर, 3 जुलाई।** केराकत थाना अंतर्गत बेलवा घाट पर हुए 15 वर्ष पूर्व हुए डबल मर्डर केश के आरोपी पूर्व सांसद धनंजय सिंह को एमपी एमएलए कोर्ट ने निर्दोष पाते हुए गुरुवार को बरी कर दिया है। जौनपुर के केराकत थाना क्षेत्र के बेलाव घाट पर ठेकेदारी के विवाद को लेकर एक अप्रैल 2010 की सुबह बेलाव घाट पर संजय निषाद व नंदलाल निषाद की ठेकेदारी के विवाद को लेकर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में तत्कालीन सांसद धनंजय सिंह, आशुतोष सिंह, पुनीत सिंह सहित पांच लोगों को आरोपी बनाया गया था। मामले में पुलिस ने सभी को क्लीन चिट दे दिया था।

बाद में सीबीसीआईडी ने जांच के बाद आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया था। एडीजे प्रथम एमपी सिंह की अदालत में मामले में विचार चल रहा था।




**लखनऊ :** राजभवन में उच्च प्राथमिक विद्यालय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में पीटी, योग करते नौनिहाल बच्चे। - छाया तरुणमित्र

# शमिक भट्टाचार्य बने पश्चिम बंगाल भाजपा के नए अध्यक्ष

**कोलकाता, 3 जुलाई।** राज्यसभा सांसद और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता शमिक भट्टाचार्य को गुरुवार को पार्टी की पश्चिम बंगाल इकाई का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया। वे पार्टी का नेतृत्व 2026 के विधानसभा चुनाव में करेंगे, जो अब एक साल से भी कम समय में होने वाले हैं। 61 वर्षीय भट्टाचार्य को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया।

बुधवार को नामांकन की अंतिम तिथि तक किसी अन्य उम्मीदवार ने नामांकन दाखिल नहीं किया। पार्टी की ओर से उनकी औपचारिक घोषणा कोलकाता के साइंस सिटी में एक सम्मान समारोह के दौरान की गई। इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री और चुनाव के राष्ट्रीय निर्वाचन अधिकारी रविशंकर प्रसाद मौजूद रहे।

## उप्र में भाजपा को जल्द मिलेगा नया प्रदेश अध्यक्ष

# स्वतंत्र देव और धर्मपाल के नाम चल रहे शीर्ष पर

■ तरुणमित्र

**हलचल**

- नये अध्यक्ष के निर्विरोध चुनकर आने की सम्भावना अधिक
- बी एल वर्मा, विद्यासागर, कठेरिया के नाम भी दौड़ में शामिल
- राष्ट्रीय अध्यक्ष से पहले होगी उप्र प्रदेश अध्यक्ष की घोषणा

**लखनऊ, 3 जुलाई।** उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी को जल्द नया प्रदेश अध्यक्ष मिलने वाला है। नए प्रदेश अध्यक्ष के चयन को लेकर सियासी हलचल तेज हो गई है। सूत्रों से खबर है कि उप्र भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव तीसरे चरण में होगा। इस चरण में यूपी, गुजरात, कर्नाटक, दिल्ली, हरियाणा समेत नौ राज्यों में एक साथ नए प्रदेश अध्यक्षों का चयन किया जाएगा।

बता दें कि भाजपा के 36 संगठनात्मक राज्यों में से अब तक 26 राज्यों में प्रदेश अध्यक्षों का चुनाव पूरा हो चुका है। राष्ट्रीय अध्यक्ष के चयन के लिए कम से कम 19 राज्यों में चुनाव होना आवश्यक है, लेकिन उप्र में राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव से पहले ही प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव पूरा कर लिया जाएगा। अगले कुछ दिनों में दूसरे चरण के छह अन्य राज्यों में भी चुनाव कराने की तैयारी है। राष्ट्रीय अध्यक्ष के चयन को लेकर भाजपा और आरएसएस के बीच अभी मंथन जारी है। अंदर की खबरों के अनुसार उप्र में नए प्रदेश अध्यक्ष के चयन के लिए ओबीसी या दलित चेहरों पर विचार किया जा रहा है, लेकिन इस मुद्दे पर कुछ असमंजस बना हुआ है। नए प्रदेश अध्यक्ष के लिए जिन नामों की चर्चा है, उनमें कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह और स्वतंत्र देव जैसे वरिष्ठ नेताओं के नाम शामिल हैं।

केंद्रीय मंत्री बी एल वर्मा के अतिरिक्त विद्यासागर सोनकर व रामशंकर कठेरिया का नाम भी दौड़ में है। इस भीड़ से इतर मप्र की तरह कोई नया नाम भी उभर कर आने की पूरी सम्भावना है। यह भी कहा जा रहा है कि नये अध्यक्ष के लिए चुनाव प्रक्रिया शायद ही अपनानी पड़े और नया अध्यक्ष निर्विरोध ही निर्वाचित हो जाए। जो भी हो, भाजपा के नए अध्यक्ष का चयन 2027 के विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखकर किया जाएगा।

पार्टी आलाकमान का मानना है कि संगठनात्मक मजबूती और रणनीतिक नेतृत्व के लिए यह फैसला महत्वपूर्ण है। जो जानकारी हमें मिली है, उसके अनुसार अगले कुछ दिनों में इस प्रक्रिया को अंतिम रूप दे दिया जाएगा।

# उत्तराखंड में पांच अवैध मजारों पर चला बुलडोजर

**उधम सिंह नगर/काशीपुर, 3 जुलाई।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर सरकारी भूमि पर धार्मिक अतिक्रमण के खिलाफ प्रदेशभर में चल रहे अभियान के तहत काशीपुर के कुंडेश्वरी क्षेत्र में प्रशासन ने पांच अवैध मजारों को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया।

यह कार्रवाई एसडीएम अभय प्रताप सिंह के नेतृत्व में गुरुवार सुबह की गई। बताया गया कि जिन मजारों को हटाया गया, वे सरकारी आमबाग भूमि पर बनी थीं। प्रशासन की ओर से पहले नोटिस जारी कर वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने का मौका दिया गया था, लेकिन निर्धारित समय सीमा में कोई वैध दस्तावेज नहीं पेश किए गए। मुख्यमंत्री धामी की अगुवाई में पूरे प्रदेश में अब तक 537 अवैध मजारों को हटाया जा चुका है। राज्य सरकार का संदेश स्पष्ट है कि उत्तराखंड में आस्था का सम्मान होगा, लेकिन उसका दुरुपयोग किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। जो भी सरकारी जमीन पर नीली और पीली चादर चढ़ाकर धर्म की आड़ में कब्जे की कोशिश करेगा तो उस पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। राज्य सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि उत्तराखंड की प्राकृतिक संपदा और सांस्कृतिक धरोहर पर कोई भी कुटिल मंशा अब पैर न जमा सके।

कुंडेश्वरी की कार्रवाई से यह स्पष्ट हो गया है कि यहां शासन सिर्फ कागजों तक सीमित नहीं है, बल्कि सशक्त इच्छाशक्ति के साथ जमीन पर भी कार्रवाई हो रही है।

# किसान की दुर्दशा पर क्षमायाचना करे मोदी सरकार-प्रमोद



लालगंज, प्रतापगढ़, 03 जुलाई (तरुणमित्र)। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने केन्द्र की मोदी सरकार पर गरीब किसानों पर लगातार बढ़ रहे कर्ज को लेकर कड़ा हमला बोला है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने सरकारी योजनाओं का लाभ किसानों को नहीं मिल पाने के कारण महाराष्ट्र के लातूर जिले में एक गरीब किसान को बैल तक नसीब न हो पाना बेहद दुखद एवं दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने लातूर में मजबूर बुजुर्ग किसान को खेती के लिए बैल की जगह खुद हल के साथ खेत की जुताई की घटना को शर्मनाक एवं असहनीय करार दिया है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के लातूर में भाजपा की ट्रिपल इंजन सरकार है। जिले के गरीब बुजुर्ग किसान अंबादास पवार को गरीबी के कारण अपने बैल बेचने पड़े। उन्होंने कहा कि इस गरीब किसान परिवार के पास टैक्टर से जुताई का किराया तक अदा करना नामुमकिन हो गया है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि बुजुर्ग किसान को अपनी बेबस पत्नी मुक्ताबाई अंबादास पवार के साथ खेत में खुद बैल की जगह हल से जुताई करता देख हर देशवासी का ह्रदय पीड़ा से भर गया है। उन्होंने पीएम मोदी पर कटाक्ष किया कि आंकड़ेबाजी के सहारे देश को तीसरी अर्थव्यवस्था बनाने के दावे पर बेबस किसान की तस्वीर अर्थव्यवस्था की बदहाली का कड़वा सच उजागर कर गयी है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि महाराष्ट्र में ही कर्ज के बोझ से दबे पांच सौ सरसठ किसानों का आत्महत्या करना गंभीर चिन्ताजनक रहा है। उन्होंने आरबीआई की ताजा रिपोर्ट के हवाले से कहा कि यह चिन्ताजनक है कि इस समय पिछले दो वर्षों में प्रति व्यक्ति का कर्ज नब्बे हजार से चार दशमलव आठ लाख हो गया है। उन्होंने कहा कि सरकार की खस्ताहाल अर्थव्यवस्था के चलते विदेशी कर्ज का बोझ भी लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि आम आदमी की आमदनी का पचीस दशमलव सात प्रतिशत इस कर्ज को चुकाने में व्यय हो रहा है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि खस्ताहाल अर्थव्यवस्था के चलते चंद पूंजीपति ही मुनाफा कमा रहे हैं। वहीं उन्होंने कहा कि देश का गरीब और किसान कर्ज में डूब रहा है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि सरकार सिर्फ झूठे जुमलों व आंकड़ेबाजी से अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में कमियों पर पर्दा डाल रही है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के राज में किसान और गरीब तबका अपनी गाढ़ी कमाई की कीमत भी नहीं पा रहा है। उन्होंने मोदी सरकार से किसानों की दुर्दशा के मद्देनजर देश से अविलम्ब क्षमायाचना किये जाने की भी कडी मांग उठाई है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी का बयान गुरूवार को यहां मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल के हवाले से निर्गत हुआ है।

# पर्यावरण की सुरक्षा एवं भूजल संरक्षण को पौधारोपण जरूरी-अजय क्रांतिकारी



प्रतापगढ़, 03 जुलाई (तरुणमित्र)। वन महोत्सव-2025 के तहत पर्यावरण सेना द्वारा विश्वनाथगंज में पर्यावरण सेना प्रमुख अजय क्रांतिकारी के नेतृत्व में पौधारोपण कर जलवायु संरक्षण हेतु जागरूक किया गया। इस मौके पर अमरूद, कंजी और जामुन के पौधे लगाकर वृक्षारोपण एवं भूजल जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर विश्व जल पुरस्कार विजेता एवं पर्यावरण सेना प्रमुख अजय क्रांतिकारी ने कहा कि पर्यावरण एवं भूजल संरक्षण हेतु पौधारोपण जरूरी है। सभी लोगों को अधिक से अधिक पेड़ लगाकर उसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी लेनी होगी।धरती पर जीवन के लिए जल,जंगल और जमीन की सुरक्षा एवं संवर्धन करना होगा। आगे उन्होंने कहा कि पौधारोपण से जहां एक ओर धरती का श्रृंगार होता है वहीं दूसरी ओर भूजल का संरक्षण एवं संवर्धन होता है।उन्होंने से सभी से वर्षा जल की हर बूंद को बचाने की हरित अपील की। पर्यावरण सैनिक रवि प्रकाश मिश्र ने लोगों से पर्यावरण के अनुकूल जीवन जीने और प्रकृति से तालमेल बनाकर चलने हेतु प्रेरित किया। इस मौके पर सरविंद सिंह, सुनील कुमार,चंद्रभान पटेल एवं नमन कुमार तिवारी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### पराविधिक स्वंय सेवकों के चयन को अभ्यर्थियों का साक्षात्कार 9, 10 व 11 जुलाई को

प्रतापगढ़, 03 जुलाई (तरुणमित्र)। अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुमित पंवार ने बताया है कि अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/जिला जज के आदेश के अनुक्रम में जनपद न्यायालय में स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में पराविधिक स्वंय सेवक के तौर पर कार्य करने के इच्छुक व्यक्तियों के आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये थे जिसमें अभ्यर्थियों के कुल 129 आवेदन प्राप्त हुये है। प्राप्त आवेदन पत्रों के अभ्यर्थियों का गठित चयन समिति के द्वारा दिनांक 09 जुलाई, 10 जुलाई एवं 11 जुलाई साक्षात्कार को अपरान्ह 4.30 बजे जनपद न्यायालय प्रतापगढ़ के सभागार में किया जायेगा। उन्होंने पराविधिक स्वंय सेवक के तौर पर कार्य करने के इच्छुक आवेदक/अभ्यर्थी अपने आवेदन में उल्लिखित शैक्षणिक योग्यता व अन्य समस्त प्रपत्रों के मूल प्रमाण पत्र के साथ नियत साक्षात्कार तिथि दिनांक 09 जुलाई, 10 जुलाई एवं 11 जुलाई को ससमय कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिविल कोर्ट प्रतापगढ़ के कार्यालय में उपस्थित हो। अधिक जानकारी के लिये कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिविल कोर्ट प्रतापगढ़ में सम्पर्क करें।

### पुलिस ने तमंचा और कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

अमेठी, 03 जुलाई (तरुणमित्र)। थाना फुरसतगंज पुलिस ने एक कार्रवाई में एक अभियुक्त को तमंचा और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक अमेठी श्रीमती अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में और अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी शैलेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी तिलोई दिनेश कुमार मिश्रा के नेतृत्व में थाना फुरसतगंज पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मोटरसाइकिल सवार अभियुक्त जितेन्द्र कुमार पुत्र स्व0 लालता प्रसाद कोरी निवासी ग्राम मकन्दपुर मजरे बालापुर थाना अन्तू जनपद प्रतापगढ़ को गिरफ्तार किया। मोटरसाइकिल के कागजात मांगने पर अभियुक्त उन्हें दिखा नहीं सका। तलाशी में अभियुक्त के कब्जे से 01 तमंचा और 01 जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक श्री मती अर्पणा रजत कौशिक ने इस कार्रवाई के लिए पुलिस टीम की सराहना की है और आगे भी अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

### जिलाधिकारी ने निर्माण कार्य पूर्ण हो चुके, परियोजनाओं को हैण्ड ओवर करने के दिए निर्देश

कौशाम्बी, 03 जुलाई (तरुणमित्र)। जिले में जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने आज उदयन सभागार में निर्माणाधीन परियोजनाओं के निर्माण कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की।जिलाधिकारी ने सभी कार्यदाई संस्थाओं से कहा कि जिन परियोजनाओं का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है, उन परियोजनाओं को शीघ्र हैंडओवर कर दिया जाय। जिन परियोजनाओं का निर्माण कार्य धनराशि अभाव के कारण रुका हुआ है, शासन में प्रभावी पैरवी कर धनराशि की मांग किया जाय। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि परियोजनाओं का निर्माण कार्य निर्धारित समय से पूर्व ही पूर्ण कराना सुनिश्चित किया जाय तथा भौतिक प्रगति के सापेक्ष वित्तीय प्रगति भी सुनिश्चित किया जाय। जिलाधिकारी ने सभी कार्यदाई संस्थाओं से कहा कि प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के अंतर्गत पॉलिटेक्निक एवं आई.टी.आई. कॉलेज के 10-10 विद्यार्थियों को इंटर्नशिप/ अप्रेंटिस कराया जाना सुनिश्चित किया जाय, इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाय। उन्होंने अधिशासी अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग को पुरखास में सड़क का निर्माण कार्य शनिवार तक शुरू कराने के निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्य शुरू न हुआ, तो कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने अधिशासी अभियंता,विद्युत से कहा कि मोहर्रम के दृष्टिगत कहीं भी विद्युत तार नीचे लटकता हुआ न पाया जाय, कहीं पर तार नीचे लटकता हुआ पाया जाता है, तो संबंधित अवर अभियंता एवं एसडीओ के विरुद्ध कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग एवं अधिशासी अभियंता,यूपी सिडको द्वारा निर्माण कार्यों की नियमित अनुश्रवण न करने तथा कार्य में लापरवाही बरतने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। बैठक में परियोजना प्रबंधक,सेतु निगम द्वारा परियोजनाओं के निर्माण कार्य की व्यापक जानकारी न देने एवं अपेक्षित प्रगति न लाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी प्रकट करते हुए कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। बैठक में प्रधानाचार्य,राजकीय महाविद्यालय सिराथू ने विद्युत एवं अन्य समस्याओं से अवगत कराया।



# पूर्व राज्य मंत्री वीरेंद्र तिवारी का लालगंज पहुंचने पर हुआ स्वागत

लालगंज, रायबरेली, 03 जुलाई (तरुणमित्र)। पूर्व राज्य मंत्री वीरेंद्र तिवारी ने लालगंज पहुंच कर कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। लालगंज के एक होटल में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूर्व राज्य मंत्री का जबरदस्त स्वागत किया और शिवम गुप्ता ने प्रतीक चिन्ह व चंदन त्रिवेदी ने रामायण भी भेंट की। कार्यक्रम का संयोजन भारतीय जनता पार्टी और व्यापार मंडल के द्वारा किया गया। संचालन वरिष्ठ कार्यकर्ता सुशील शुक्ला के द्वारा किया गया। पत्रकारों से हुई वार्ता में उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपलब्धियों का बखान करते हुए कांग्रेस के द्वारा लगाए गए आपातकाल की जमकर धज्जियां उड़ाई और कहा कि संविधान का ढोंग रचने वाली कांग्रेस को अपने गिरेबान में झांकना चाहिए। आपातकाल के लिए कांग्रेस नेतृत्व को माफी मांगनी चाहिए। पूर्व राज्य मंत्री वीरेंद्र तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 26 मई 2014 को पहली बार प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली थी और तब से वह दो बार फिर चुने गए। उनके 11 वर्षों के कार्यकाल में भारत ने कई क्षेत्रों में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। श्री तिवारी ने कहा कि राष्ट्र के विकास में बुनियादी ढांचे नीव का पत्थर होता है। राष्ट्रीय राजमार्गों का नेटवर्क बढ़कर 1,46,145 किलोमीटर हो गया है और हवाई अड्डों की संख्या 74 से बढ़कर 157 हो गई है।अंतरिक्ष विज्ञान इसरो ने चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग की और आदित्य-एल 1 मिशन लॉन्च किया। इन उपलब्धियों ने भारत को एक मजबूत और समृद्ध राष्ट्र बनाया है और वैश्विक मंच पर उसकी पहचान को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है।

# रायबरेली को मिला पहला स्ट्रोक रेडी सेंटर, सिमहेन्स हॉस्पिटल में मेदांता लखनऊ की अभिनव पहल के साथ, डॉक्टरों की ओपीडी सेवाएं शुरू

रायबरेली, 03 जुलाई (तरुणमित्र)। इलाज के लिए दूसरे शहरों में जाना मरीजों के लिए, खर्च, परेशानी और तनाव का कारण बनता है। सफर की थकान, ठहरने की मुश्किल जैसी परेशानियों से मरीज और उनके परिवारों को जूझना पड़ता है। ऐसे में अपने ही शहर में विशेषज्ञ डॉक्टरों से परामर्श मिले तो बड़ी राहत मिलती है। मेदांता लखनऊ की इसी सोच के तहत रायबरेली के मरीजों को अब विशेषज्ञ इलाज के लिए लंबा सफर नहीं करना पड़ेगा। इसके साथ ही जिले का पहला स्ट्रोक रेडी सेंटर भी लॉन्च किया है। सिमहेन्स हॉस्पिटल पर मेदांता की ओर से एआई-सक्षम सीटी इमेजिंग प्रोग्राम की शुरूआत की गई है, जो न्यूरो इमरजेंसी, विशेषकर स्ट्रोक की स्थिति में त्वरित एवं सटीक निर्णय लेने में सहायक सिद्ध होगा। मेदांता लखनऊ ने रायबरेली में अपनी विशेषज्ञ ओपीडी सेवाएं शुरू कर दी हैं। इसके तहत हर महीने तय तारीखों पर मेदांता के अनुभवी डॉक्टर शहर के विभिन्न अस्पतालों में मरीजों की जांच करेंगे। ओपीडी का समय सुबह 11:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक निर्धारित किया गया है। इस पहल की शुरूआत जुलाई महीने से हो रही है जिसमें कुल पांच अस्पतालों को शामिल किया गया है। गैस्ट्रोसाइंस विभाग के जीआई सर्जरी डायरेक्टर डॉ. संदीप कुमार वर्मा हर महीने के पहले और तीसरे गुरुवार को निर्मल हॉस्पिटल में परामर्श देंगे। नेफ्रोलॉजी, रीनल केयर विभाग के कंसल्टेंट डॉ. शुभम शुक्ला जल्द ही शुभ हॉस्पिटल में मरीजों को देखना शुरू करेंगे। वहीं, पीडियाट्रिक केयर विभाग के सीनियर कंसल्टेंट डॉ. श्यामेंद्र प्रताप शर्मा हर महीने के चौथे बुधवार को वत्सल्य हॉस्पिटल या सुमित्रा हॉस्पिटल में मरीजों को परामर्श देंगे। रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग विभाग की एसोसिएट कंसल्टेंट डॉ. वृत्तिका भारद्वाज हर महीने के पहले गुरुवार को सिमहंस हॉस्पिटल, रायबरेली में मरीजों को देखेंगी। मेदांता हॉस्पिटल के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. राकेश कपूर ने कहा हमारा लक्ष्य यह है कि रायबरेली के मरीजों को विशेषज्ञ इलाज के लिए बड़े शहरों की ओर न जाना पड़े। अब वही विशेषज्ञ रायबरेली में ही मरीजों को देखेंगे, जिससे समय और पैसे की बचत तो होगी ही, साथ ही परेशानी भी नहीं होगी।



# विद्यालयों के मर्जर के आरएसएम ने निकाला पैदल मार्च



रायबरेली, 03 जुलाई (तरुणमित्र)। परिषदीय विद्यालयों के मर्जर के विरोध में गुरुवार को राष्ट्रीय सचिव महासंघ ने मार्च फास्ट निकाला। शिक्षकों ने बुलंद अवसर में एक साथ कहा कि प्रमुख सचिव बेसिक और डीजी की यह तानाशाही बिल्कुल नहीं चलेगी। शिक्षकों ने विकास भवन से पैदल मार्च निकालते हुए डिग्री कॉलेज चौराहा होते हुए कचहरी रोड से अंबेडकर चौक पहुंचा। यहां से शिक्षकों ने मशाल जलाकर विरोध किया और कहा कि यह तानाशाही बिल्कुल ही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिला अध्यक्ष बीरेंद्र सिंह ने कहा कि शिक्षकों के साथ ही साथ प्रधानों पर दबाव बनाकर विद्यालयों को मर्जर करने का आदेश निकला गया है। संगठन 20 को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को दिये गये ज्ञापन पत्र के पश्चात भी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा खण्ड शिक्षा अधिकारियों के नियम विरुद्ध मनमाने पूर्ण ढंग से दिये गये प्रस्ताव पर युग्मन/मर्जर आदेश निर्गत किया गया है। संगठन से संवाद स्थापित न करने से छात्रों और शिक्षकों के समक्ष अंधकारमय भविष्य है। उन्होंने इसके की डीजी की तरफ से स्पष्ट कहा गया है कि एमसी एमसी की समिति के बिना कोई भी विद्यालय मर्ज नहीं किया जाएगा। लेकिन जिले के खंड शिक्षा अधिकारियों ने अपना नंबर बढ़ाने के लिए प्रधानाध्यापकों पर जबरदस्ती दबाव बनाकर सहमति ले ली है। यह बिल्कुल ही बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिले में जिस तरीके से विद्यालयों के मर्जर का आदेश निकल गया है। यह पूरी तरीके से गलत है और राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ इसका विरोध करता है। उन्होंने कहा कि अगर विद्यालयों का मर्जर नहीं बंद किया गया तो हम लोग विधायक को सांसदों के साथ ही साथ अन्य अधिक उच्च अधिकारियों को ज्ञापन देने के साथी जिला जिला बेसिक शिक्षा कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन करेंगे। जिला महामंत्री संजय कनौजिया ने कहा कि विद्यालयों का मर्जर पूरी तरीके से गलत है और इसका विरोध किया जाता रहेगा।

# अभियान चलाकर बिजली विभाग ने वसूले एक लाख बीस हजार

लालगंज, प्रतापगढ़, 03 जुलाई (तरुणमित्र)। मार्निंग रेड अभियान के तहत बिजली विभाग ने अभियान चलाकर लाखों का बकाया शुरू किया। वहीं कई बकायेदारों की बिजली काटने के साथ ही तीन उपभोक्ताओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया। अधिशाषी अभियंता लालगंज रुपेश कुमार के नेतृत्व में एसडीओ आशुतोष कुमार ने क्षेत्र में विद्युत चोरी व बकायेदारों को लेकर अभियान चलाया। इस दौरान विजलेंस टीम भी साथ रही अभियान के तहत कुल एक लाख बीस हजार विद्युत बकाये की रकम वसूल की गयी। वहीं तेईस घरों की बिजली काटी गयी। एसडीओ आशुतोष कुमार ने बताया कि तीन उपभोक्ताओं के खिलाफ विद्युत चोरी को लेकर एफआईआर भी दर्ज करायी गयी है।

# कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त पदाधिकारी के पद ग्रहण एवं संकल्प समारोह का आयोजन आज

प्रतापगढ़, 03 जुलाई (तरुणमित्र)। राज्यसभा में उपनेता प्रतिपक्ष सांसद प्रमोद तिवारी शुक्रवार को लीला पैलेस,मीरभवन प्रतापगढ़ में जिला कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त पदाधिकारियों के पदग्रहण एवं संकल्प समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। उनके साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला कोऑर्डिनेटर हरिकेश मिश्रा, जिला कोऑर्डिनेटर प्रमोद मिश्र व निवर्तमान प्रदेश महासचिव मुकुंद तिवारी सम्मलित होंगे। उक्त बाते आज कांग्रेस कार्यालय पर जिला अध्यक्ष डॉ.नीरज त्रिपाठी ने मासिक बैठक को सम्बोधित करते हुए कही। उन्होंने आगे कहा कि पूरे प्रदेश में संगठन सृजन अभियान पूरे जोर-शोर से चल रहा है। जिला कार्यकारिणी के गठित होते ही संगठन सृजन अभियान का पहला चरण पूर्ण हो चुका है। जिला कांग्रेस कमेटी, प्रतापगढ़ के पदाधिकारियों को शपथ दिलाकर हम अपनी नेता सोनिया गांधी के मार्गदर्शन में, राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के कुशल नेतृत्व में, जननायक राहुल गांधी के सामाजिक न्याय के सिद्धान्तों को समाहित करते हुए एवं श्रीमती प्रियंका गांधी वाड्रा के उत्तर प्रदेश में संगठन सृजन के स्वप्न को पूर्ण करते हुए हम एक सशक्त संगठन का निर्माण करेंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य है कि सभी पदाधिकारियों को उनके कार्य और जिम्मेदारियों की शपथ दिलाकर यह संकल्प दिलाया जायेगा कि आज भाजपा शासनकाल में जिस तरह से समाज में नफरत फैलाई जा रही है, संविधान को खत्म करने का प्रयास किया जा रहा है, ऐसे दौर में कांग्रेस पार्टी की विचारधारा और गांधीवादी सिद्धान्तों को अपनाकर ही हम लड़ेंगे।

# चाइल्ड हेल्पलाइन ने बच्चों को 1098 टोल फ्री नंबर व साइबर अटैक बचाव की दी जानकारी

अमेठी, 03 जुलाई (तरुणमित्र)। जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल कुमार मौर्य ने बताया कि महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित चाइल्ड हेल्पलाइन के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर गौरव श्रीवास्तव द्वारा एमजेएस मेमोरियल ग्रीन वैली स्कूल मुसाफिरखाना रोड गौरीगंज में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को साइबर अटैक या मुसीबत में फंसे बच्चों की मदद के लिए 1098 सेवा के बारे में एवं साइबर अटैक से बचाव के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बच्चों को बताया कि किसी अनजान व्यक्ति को ऑनलाइन व्यक्तिगत जानकारी पासवर्ड व ईमेल संबंधित जानकारी साझा ना करें ना ही ऑनलाइन बात करें, विद्यार्थी सोशल साइट पर अपनी निजी तस्वीर डालने से बचें, बदले की भावना के प्रति खतरे में पड़ सकते हैं इससे बचना चाहिए रोशन लाल ने 1098 टोल फ्री नंबर के बारे में बताया कि यह साल के 365 दिन 24 घंटे रात दिन की सेवा है जिस पर आप निःशुल्क फोन कर सकते हैं रुचि सिंह ने 112, 1076, 1090, 181, 108 की जानकारी दी गई एवं कन्या सुमंगला व स्पॉन्सरशिप योजना के बारे में बताया गया। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ के प्रधानाध्यापक संदीप कुमार मौर्य एवं कमला कांत तिवारी व साक्षी सिंह ने सहयोग कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

# 10 दिवसीय नि:शुल्क कार्यशाला आयोजित

रायबरेली, 03 जुलाई (तरुणमित्र)। उत्तर प्रदेश संस्कृति विभाग द्वारा प्रायोजित भारतेंदु नाट्य अकादमी, संस्कार भारती अवध प्रांत और गोपाल सरस्वती विद्या मंदिर के संयुक्त तत्वावधान में 21 जून से 10 दिवसीय निःशुल्क कार्यशाला का आयोजन गोपाल सरस्वती विद्या मंदिर, सीनियर सेकेंडरी स्कूल, रायपुर चौराहा, रायबरेली के प्रांगण में अनवरत किया जा रहा है। इस संगीतमय रंगमंच कार्यशाला का प्रशिक्षण संगीत नाटक अकादमी, उत्तर प्रदेश से सम्मानित, संस्कार भारती अवध प्रांत के नाट्य सदस्य, संगीतमय नाट्य प्रस्तुतियों के लेखक, अभिनेता व निर्देशक अमित दीक्षित राम जी के निर्देशन में रामायण के संग, नौटंकी के रंग शीर्षक से अभिनय, संगीत व नृत्य की कार्यशाला आयोजित की जा रहा है।

# कांग्रेस ने सरकारी विद्यालय विलय निर्णय के खिलाफ सौंपा ज्ञापन



अमेठी, 03 जुलाई (तरुणमित्र)। उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार द्वारा 5000 सरकारी प्राइमरी व जूनियर विद्यालयों का विलय करने के निर्णय के विरोध में कांग्रेस पार्टी ने आवाज उठाई है। प्रदेशाध्यक्ष अजय राय के आह्वान पर जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल की अगुवाई में कांग्रेसजनों ने जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने कहा कि प्रदेश की योगी सरकार युवाओं, छात्रों और बेरोजगारों के प्रति पूरी तरह उदासीन रवैया अपनाए हुए है और उन्हें हर तरह से प्रताड़ित करने का कार्य कर रही है। प्राइमरी व जूनियर विद्यालयों को विलय करने का निर्णय सरकार ने लिया है, जो युवाओं, छात्रों और बेरोजगारों के हितों के विपरीत है। कांग्रेस पार्टी ने कहा कि इस निर्णय से दूर गांव के बच्चों को दूसरे गांव में शिक्षा ग्रहण करने के लिए जाना पड़ेगा, जिससे उन्हें और उनके अभिभावक को काफी दिक्कत आएगी। इसके साथ ही मिड डे मील के तहत जो स्कूलों में खाना बनाते थे, उनकी नौकरी भी चली जाएगी। बीएड-बीटीसी की डिग्री लिए युवाओं के लिए नौकरी की दिक्कतें खड़ी होंगी। कांग्रेस पार्टी ने युवाओं, छात्रों और बेरोजगारों के व्यापक हितों के लिए संघर्ष करने का निर्णय लिया है। इस मौके पर शत्रुघ्न सिंह, अनिल सिंह, फिरोज आलम, राम बरन कश्यप, विजय पासी, अरविंद चतुर्वेदी, शुभम सिंह, मतीन खान समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे। लड़ेगी।

# एडीएम प्रशासन की अध्यक्षता में खाद्य सुरक्षा सलाहकार समिति की हुई बैठक

सुलतानपुर, 03 जुलाई (तरुणमित्र)। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) गौरव शुक्ला की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय खाद्य सुरक्षा सलाहकार समिति (खाद्य अनुभाग और औषधि अनुभाग) की बैठक आयोजित की गयी। उक्त बैठक में सहायक आयुक्त (खाद्य)-क्क्द्वारा खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन द्वारा गतमाह की बैठक अनुपालन आख्या व विभिन्न एजेण्डा बिन्दुओं का विस्तृत रूप से चर्चा की गयी। बैठक में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) द्वारा बेसिक शिक्षा विभाग में मिड्डे मील, आंगनवाड़ी केन्द्रों पर बाल विकास पुष्टाहार के तहत खाद्य पदार्थों के नमूने लिये जाने तथा कृत कार्यवाही के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की गयी। सम्बन्धित द्वारा अवगत कराया गया कि अब तक कुल 32 नमूने जॉच हेतु इकट्ठे किये गये हैं, जिनमें से 08 की रिपोर्ट प्राप्त हुई है, जिसमें 03 अधोमानक पाये गये हैं। इसी प्रकार टी.एच.आर. प्लान्ट से कुल-30 नमूनें एकत्रित किये गये हैं, जिनकी रिपोर्ट प्राप्त होना है। अपर जिलाधिकारी(प्रशासन) द्वारा बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि खण्ड शिक्षा अधिकारी को नोडल अधिकारी नामित करते हुए उक्त के सम्बन्ध में समीक्षा कर समस्त कार्यवाही करें। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा प्रतिमाह लिये जाने वाले नमूनें के सम्बन्ध में सम्बन्धित द्वारा अवगत कराया गया कि सभी के द्वारा प्रतिमाह 10 नमूनें एकत्रित किये जाते हैं। एक खाद्य सुरक्षा अधिकारी को छोड़कर सभी के द्वारा लक्ष्य के अनुरूप नमूनें एकत्रित किये गये हैं। एडीएम (प्रशासन) द्वारा सम्बन्धित के द्वारा लक्ष्य के अनुरूप नमूना एकत्रित न किये जाने के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। जनपद में दूध, मावा, पनीर, दही तथा घी आदि के निर्माताओं/दुग्ध डेयरियों व प्रतिष्ठानों पर मिलावट आदि के सम्बन्ध में विभाग द्वारा कृत कार्यवाही से अवगत कराया गया।

# अमरनाथ दर्शन के लिए 13 लोगों का जत्था हुआ रवाना

## जगमोहनेश्वर धाम में दर्शन के बाद भोले के भक्तों ने खूब लगाये जयकारे



रायबरेली, 03 जुलाई (तरुणमित्र)। अमरनाथ यात्रियों का ॐ शिव शक्ति सेवा मंडल का पहला जत्था शहर की बीचोबीच स्थित जग मोहनेश्वर से बालटाल के लिए रवाना हुआ। अमरनाथ जा रहे श्रद्धालुओं में इस यात्रा को लेकर जोश काफी हाई है। गुरुवार (3 जुलाई) से अमरनाथ यात्रा की औपचारिक शुरूआत हो गई है और आखिर आज वह पल आ ही गया जब देश भर के भगवान भोलेनाथ के श्रद्धालु उनके पवित्र शिवलिंग के दर्शन कर सकेंगे। पहलगाम हमले के बावजूद इस बार अमरनाथ यात्रियों में इस यात्रा को लेकर जोश काफी हाई देखने को मिल रहा है रायबरेली से अमरनाथ के लिए रवाना हुए इन श्रद्धालुओं का दावा है कि उन्हें भारतीय सेना और सुरक्षा बलों पर पूरा भरोसा है और इसी भरोसे के चलते वह यह यात्रा कर रहे हैं। श्रद्धालुओं का दावा है कि उन्हें भगवान भोलेनाथ पर पूरा भरोसा है और अगर भगवान भोलेनाथ ने उन्हें यात्रा के लिए बुलाया है तो वहीं भगवान उनकी रक्षा करेंगे। बम बम भोले के जयकारे लगाते हुए श्रद्धालु यह भी दावा कर रहे हैं कि इस यात्रा के माध्यम से वे आतंक को जवाब देना चाहते हैं और भगवान भोलेनाथ के दर्शन करने के लिए जा रहे हैं। श्रद्धालु यह बात भी कह रहे हैं कि इस बार आस्था आतंक पर भारी है। वही समाजसेवी सिद्धार्थ चौधरी ने सभी श्रद्धालुओं को अंगवस्त्र देकर सभी की यात्रा मंगलमय की शुभकामनाएं देकर विदाई दी। ॐ शिव शक्ति सेवा मंडल संगठन द्वारा बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए जाने वाले श्रद्धालुओं में राजेंद्र, पप्पू, राज चौधरी, रितु त्रिवेदी केशवानंद शुक्ला, राहुल मिश्रा, दिलीप चौधरी, आलोक सिंह, शैलेन्द्र तिवारी, शिवम त्रिवेदी, पप्पू सिंह, छोटेलाल, राजेंद्र यादव रहे मौजूद।

# टीबी हारेगा, देश जीतेगा: अमावा में एम्स और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त मुहिम

रायबरेली, 03 जुलाई (तरुणमित्र)। मुख्य चिकित्सा अधिकारी रायबरेली डॉ. नवीन चंद्रा के निर्देशन और जिला क्षय रोग अधिकारी की निगरानी में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमावा के अधीक्षक डॉ. रोहित कटियार की देखरेख में टीबी उन्मूलन के लिए एक प्रभावशाली जनजागरूकता व सर्वेक्षण अभियान चलाया गया। इस अभियान का संचालन एम्स रायबरेली और टीबी यूनिट अमावा की संयुक्त टीम द्वारा किया गया, जिसने टीबी को हराना है, देश को जिताना है के संकल्प को गांव-गांव पहुंचाया। इस विशेष अभियान का नेतृत्व एम्स रायबरेली की मुख्य शोधकर्ता डॉ. हिमांशी शर्मा ने किया। उनके साथ इंटर्न डॉ. आदर्श पांडेय और डॉ. अभिनव कटारिया ने सक्रिय भागीदारी निभाई। टीम ने घर-घर जाकर न केवल टीबी के लक्षणों और इलाज के बारे में जानकारी दी, बल्कि टीबी प्रिवेंटिव थेरेपी (टीपीटी) की उपयोगिता को भी समझाया-जो संक्रमण को प्रारंभिक स्तर पर ही रोकने का एक प्रभावी उपाय है। अभियान के केंद्र में रहे टीबी यूनिट अमावा के प्रभारी करुणा शंकर मिश्रा, जिनकी कार्यशैली, समर्पण और प्रभावशाली संवाद क्षमता ने ग्रामीण जनमानस को गहराई से प्रभावित किया।

# जन सुनवाई में लोगों को मिला कल्याणकारी योजनाओं का लाभ



हरदोई, 03 जुलाई (तरूणमित्र)। में जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा ने बड़ी संख्या में लोगों की शिकायतों को सुना। गुरुवार को जन सुनवाई के दौरान कुल 82 शिकायतें आयीं जिनके त्वरित निस्तारण के निर्देश जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को दिए।

मौके पर ही पात्रों को वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन व दिव्यांग पेंशन का लाभ दिलाया गया। 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनवाये गए। आज कुल 02 बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बने। इस प्रकार अब तक जिलाधिकारी अनुनय झा की जन सुनवाई में कुल 136 बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनाये जा चुके हैं। इसके साथ ही अब तक 7 नये अंत्योदय कार्ड व 20 पात्र गृहस्थी कार्ड बनाये जा चुके हैं। 10 महिलाओं को निराश्रित महिला पेंशन दिलायी गयी है। निराश्रित महिला पेंशन से सम्बंधित 29 लोगों की समस्याओं को दूर कराया गया है। 13 बच्चों को बाल सेवा योजना व 32 बच्चों को स्पॉन्सरशिप योजना से आच्छादित कराया गया है। 31 नये लोगों को वृद्धावस्था पेंशन से आच्छादित किया गया है। 11 नये लोगों को दिव्यांग पेंशन का लाभ दिलाया गया है। 1 दिव्यांग व्यक्ति को दुकान निर्माण योजना व 6 दिव्यांगों को दुकान संचालन योजना से लाभान्वित किया गया है। उप जिलाधिकारियों को उन्होंने निर्देशित किया कि पैमाइश, बटवारा व वरासत आदि के प्रकरणों को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाये। परिषदीय विद्यालयों में पंजीकृत बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र के सम्बन्ध में उन्होंने कहा कि उप जिलाधिकारी जन्म प्रमाण पत्र से सम्बन्धित आर्डर जारी करने में देरी न करें। सोनी नाम की एक महिला जिनके पति का देहांत हो चुका है, के बच्चों को स्पॉन्सरशिप योजना का लाभ दिलाया गया। एक दृष्टिबाधित महिला को अंत्योदय कार्ड बनवाया गया।

इसके साथ ही उनका आयुष्मान कार्ड भी बनवाया गया तथा दिव्यांग पेंशन का लाभ भी दिलाया गया। एक दिव्यांग महिला गीता देवी ने जन सुनवाई के दौरान बताया कि उनके पति भी दिव्यांग हैं। उनके बच्चे का आधार कार्ड नहीं बना है। जिलाधिकारी ने बीडीओ भरखनी को निर्देश दिए कि बच्चे को घर से लाकर उसका उसका आधार कार्ड बनवाया जाये। तत्पश्चात बच्चे को स्पॉन्सरशिप योजना का लाभ दिलाया जाये। परिवार की प्रधानमंत्री आवास योजना की पात्रता योजना की भी जाँच करा ली जाये। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी नहने राम व उप जिलाधिकारी भूमिका राजबहादुर व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## आयुष्मान गोल्डन कार्ड का दिया लाइव डेमो

शाहजहांपुर, 03 जुलाई (तरूणमित्र)। विकास भवन में सीडीओ डा.अपराजिता सिंह की मौजूदगी में पंचायत सहायक हटौरिया वैशाली द्वारा आयुष्मान गोल्डन कार्ड का लाइव डेमो प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर एक लाभार्थी रामनाथ का आयुष्मान गोल्डन कार्ड मौके पर ही बनाया गया। इसके अतिरिक्त, आवास योजना के अंतर्गत स्वयं सर्वेक्षण की प्रक्रिया एवं आयुष्मान ऐप के माध्यम से आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनाने की प्रक्रिया का भी प्रयोगात्मक अवलोकन सीडीओ ने करवाया। इस पहल का उद्देश्य डिजिटल सेवाओं के उपयोग को बढ़ावा देना तथा ग्रामीण स्तर पर पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का त्वरित लाभ उपलब्ध कराना है। सीडीओ ने बताया कि इस प्रकार से आयुष्मान कार्ड धारकों को ज्यादा से ज्यादा हम लाभान्वित कर सकेंगे।

# प्राइमरी स्कूल स्थानांतरित करने को ले गुस्साए ग्रामीणों ने किया हंगामा

### स्कूल में डाला ताला, पुलिस ने खुलवाया



हरदोई, 03 जुलाई (तरूणमित्र)। कोथावां में गौरी गांव के लोगों ने प्राथमिक स्कूल को बिराहिमपुर गांव के स्कूल में मर्ज होने का विरोध किया। ग्रामीणों का कहना है कि इससे बच्चों को 2 किमी दूर जाना होगा, जो सर्दी, गर्मी और बारिश में मुनासिब नहीं, गुरुजी...हम अपने गांव की धरोहर प्राथमिक स्कूल को दूसरे गांव के स्कूल में मर्ज नहीं होने देंगे।

नन्हे मुन्हें बच्चे कैसे सर्दी गर्मी बरसात को सहकर पैदल स्कूल जाएंगे। हम ऐसा नहीं होने देंगे, इसके लिए हम कुछ भी करने को तैयार हैं। यह कहते हुए गौरी गांव के लोगों ने अध्यापकों के सामने हंगामा करते हुए स्कूल में ताला लगा दिया और प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने विद्यालयों के मर्ज होने का विरोध किया है। बताते चलें कि कोथावां ब्लॉक के कोथावां ग्राम पंचायत का गौरी मजरा है और इस गांव में 100 परिवार है जहां स्थित प्राथमिक विद्यालय में 56 छात्र एवं छात्राएं नामांकित हैं। बताते हैं कि बुधवार को खंड शिक्षा अधिकारी स्कूल पहुंचीं और एसएमसी से स्कूल मर्ज करने का प्रस्ताव मांगा वैसे ही ग्रामीण बिफर गये। खबर मिलते ही बृहस्पतिवार को सुबह गांव के तमाम लोग एवं स्कूली बच्चे पहुंच गए। उन्होंने मिन्नतें कि स्कूल को मर्ज न किया जाये। जब कुछ बात बनती दिखाई नहीं दी तो ग्रामीणों एवं बच्चों ने हंगामा करते हुए नारेबाजी शुरू कर दी।

काफी देर तक हंगामे के बाद समाधान न होने पर ग्रामीणों ने अध्यापकों को स्कूल में ताला लगा कर बंद कर दिया और स्कूल बंद न करने की गुहार लगाई है। वहीं सूचना पर पहुंचे बेनीगंज इंस्पेक्टर संजय सिंह ने ग्रामीणों को समझा बुझाकर स्कूल में लगाए गए ताले को खुलवाया जिस पर नाराज ग्रामीणों ने खंड विकास अधिकारी कार्यालय के घेराव की बात कही।

## वाहन ने मामा भांजे को रौंदा, मौत व मौसी घायल

मल्लावां,हरदोई, 03 जुलाई (तरूणमित्र)। कटरा बिल्हौर हाइवे पर बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने टक्कर मे मार दी। इस घटना में मामा भांजे की मौत हो गई। साथ मे बाइक सवार मौसी गंभीर रूप से घायल हो गई। इनका इलाज जिलाअस्पताल कन्नौज मे चल रहा है कोतवाली क्षेत्र के गांव भड़वल सलेमपुर निवासी साहिल 22 पुत्र भूरा अपने मामा इरफान 32 पुत्र अन्नू निवासी अटवारा नेवादा के साथ मौसी फकरुन 30 पत्नी स्व अशरफ को बाइक से छोड़ने जा रहा था। बुधवार की रात करीब 8 बजे कटरा बिल्हौर हाइवे पर स्थित गाजर पुलिया के निकट उसकी बाइक मे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे तीनो बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरो की सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनो घायलों उन्नाव जनपद की सीएचसी गंजमुरादाबाद मे भर्ती कराया। जंहा पर चिकित्सक ने साहिल को मृत घोषित कर दिया।

अन्य दोनों घायलों को जिला अस्पताल उन्नाव रेफर कर दिया। देर रात इलाज के दौरान इरफान ने भी दम तोड़ दिया। दोनों की मौत की खबर मिलते ही परिजनों मे कोहराम मच गया। फकरून के पति की छह साल पहले मौत हो गई थी। जब से वह मायके मे रह रही है। मृतक साहिल अविवाहित था। दो बहनो मे दूसरे नंबर का था। वही मृतक इरफान के दो बेटी एक बेटा है। थाना अध्यक्ष बालेन्द्र मिश्रा ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

# 97 जोड़ों का हुआ सामूहिक विवाह, 14 जोड़ों ने कबूल किया निकाह

शाहजहांपुर, 03 जुलाई (तरूणमित्र)। तिलहर विधानसभा में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत भव्य आयोजन कर 97 जोड़ों का विवाह सम्पन्न कराया गया। इस कार्यक्रम में सामाजिक समरसता और सांप्रदायिक सौहार्द का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत करते हुए 83 जोड़ों ने हिंदू रीति-रिवाजों के अनुसार सात फेरे लिए, वहीं 14 मुस्लिम जोड़ों का निकाह मुस्लिम रीति-रिवाजों से संपन्न कराया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि तिलहर विधानसभा की विधायक सलोना कुशवाह सहित राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार कठेरिया, एमएलसी सुधीर गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा श्याम नारायण मिश्रा, अध्यक्ष क्षेत्र पंचायत भानुप्रताप सिंह एवं जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने मंडप स्थल पर पहुंचकर नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान किया और शासन द्वारा निर्धारित उपहार भी वितरित किए। मुख्य अतिथि विधायक सलोना कुशवाह ने कहा, ह्लमुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना केवल एक विवाह कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह सामाजिक समरसता, आर्थिक सहयोग और महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक मजबूत पहल है। मुख्यमंत्री ने यह योजना चलाकर जनता को लाभान्वित किया है। पहले परिवार में बेटी के जन्म पर यह चिंता रहती थी कि उसकी शादी कैसे होगी, लेकिन अब मुख्यमंत्री ने यह जिम्मेदारी स्वयं ले ली है। गरीब माता-पिता को बेटियों के हाथ पीले करने में यह योजना पूर्ण सहयोग कर रही है। पहले इस योजना में 250,000 की सहायता मिलती थी, जिसे अब बढ़ाकर रू1,00,000 कर दिया गया है। बेटियों की शिक्षा हेतु कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय खोले गए हैं, जहां निःशुल्क पढ़ाई की सुविधा है।

उन्होंने यह भी कहा कि सरकार ने सरकारी नौकरियों व अन्य क्षेत्रों में 33ः आरक्षण देकर बेटियों को आत्मनिर्भर बनने का अवसर दिया है। गाँवों में अच्छी सड़कें, पर्याप्त बिजली जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। सभी लोग अपनी बेटियों को जरूर पढ़ाएं ताकि उनका भविष्य उज्ज्वल हो सके। विवाह एक पवित्र रिश्ता है, जिसमें आपसी विश्वास और सहयोग जरूरी है। नवविवाहित जोड़ों को शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने कहा कि जीवनभर एक-दूसरे का साथ सच्चाई और प्रेम से निभाएं। जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने नवविवाहित जोड़ों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा, यह योजना जरूरतमंद परिवारों के लिए वरदान साबित हो रही है।

जिला प्रशासन की ओर से आयोजन को सुचारु रूप से सम्पन्न कराने के लिए सभी तैयारियां सुनिश्चित की गई थीं। कार्यक्रम स्थल को भव्य रूप से सजाया गया था और सभी जोड़ों को सरकार द्वारा निर्धारित आर्थिक सहायता, उपहार सामग्री एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट प्रवेन्द्र कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी, संबंधित जिलास्तरीय अधिकारीगण, समस्त अधिशासी अधिकारी तथा बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# छात्र-छात्राओं ने संभाली यातायात व्यवस्था

शाहजहांपुर, 03 जुलाई (तरूणमित्र)। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर देवेन्द्र कुमार एवं क्षेत्राधिकारी यातायात श्रीमती निष्ठा उपाध्याय के नेतृत्व में प्रभारी यातायात विनय कुमार पाण्डेय द्वारा अंटा चैराहे पर आकांक्षा स्कूल के छात्र-छात्राओं के सहयोग से एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना था। छात्र-छात्राओं ने न केवल चैराहे पर ट्रैफिक संचालन में सहयोग किया, बल्कि नागरिकों को नियमों के पालन के प्रति प्रेरित भी किया। मार्गदर्शन स्वरूप उन्हें यातायात संचालन की मूल बातें, संकेतों की महत्ता और जिम्मेदार वाहन चालकों की भूमिका के बारे में बताया गया।

प्रभारी यातायात विनय कुमार पाण्डेय द्वारा उपस्थित आमजन को संबोधित करते हुए कहा गया कि यदि युवाओं विशेषकर छात्रों की शक्ति को सही दिशा में संगठित किया जाए तो सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। उन्होंने जनता से बताया कि हेल्मेट एवं सीट बेल्ट का प्रयोग द्द दोपहिया वाहन चालकों को हेल्मेट पहनना अनिवार्य करना चाहिए तथा चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट लगाना सुरक्षा की पहली शर्त है। मोबाइल फोन का प्रयोग न करें द्द वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग दुर्घटना को आमंत्रण देता है। अत्यधिक गति व स्टंट से बचें द्द ट्रिपल राइडिंग, ओवर स्पीडिंग एवं स्टंट करने से स्वयं और अन्य लोगों के जीवन को खतरा होता है। नशे की हालत में वाहन न चलाएं द्द यह न केवल गैरकानूनी है, बल्कि बेहद जोखिमपूर्ण भी। गुड सैमेरिटन बनें द्द यदि किसी दुर्घटना में व्यक्ति घायल होता है तो उसे शीघ्र अस्पताल पहुँचाएं, यह एक मानवीय दायित्व है। कार्यक्रम में आकांक्षा स्कूल के शिक्षकगण भी उपस्थित रहे, जिन्होंने छात्रों को प्रोत्साहित किया और नागरिकों को सुरक्षित यातायात की महत्ता के बारे में जानकारी दी।

## वन महोत्सव अन्तर्गत वन विभाग ने किया वृक्षारोपण

शाहजहांपुर, 03 जुलाई (तरूणमित्र)। प्रभागीय वनाधिकारी विनोद कुमार के निर्देशन में तिलहर रेन्ज अन्तर्गत ग्राम कुण्डरा खण्डसार सम्पर्क मार्ग पर वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान खण्डसार दीपक यादव ने वृक्ष रोपित कर किया। क्षेत्रीय वनाधिकारी अनिल कुमार ने एक पेड़ माँ के नाम 2.0 को विशेष अभियान बताते हुये जन सहभागिता की अपील की तथा अधिक से अधिक वृक्ष रोपित करने हेतु प्रेरित किया। वृक्षारोपण अन्तर्गत छायादार व फलदार वृक्ष जैसे पीपल, कदम्ब, जामुन, बहेड़ा आदि प्रजातियों को रोपण किया।

महोत्सव अन्तर्गत प्रभागीय कार्यालय में प्रभागीय वनाधिकारी विनोद कुमार व उप प्रभागीय वनाधिकारी डॉ0 सुशील कुमार ने उत्तर प्रदेश के राजकीय वृक्ष 'अशोक' का रोपण किया। कार्यक्रम में विशेष सहयोग क्षेत्रीय वनाधिकारी शत्रुघ्न प्रसाद, जिला परियोजना अधिकारी डॉ0 विनय सक्सेना, उप क्षेत्रीय वनाधिकारी अजय सिंह राणा, उप क्षेत्रीय वनाधिकारी अमित शर्मा, उप क्षेत्रीय वनाधिकारी अजय सिंह, वन दरोगा सुशील कुमार, वन दरोगा पुष्पेन्द्र कुमार, वन दरोगा श्याम सिंह सहित वन विभाग के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### दहेज के लिए विवाहिता को घर से निकाला

कलान/शाहजहांपुर, 03 जुलाई (तरूणमित्र)। दहेज लोभियों ने पांच लाख रुपए बाइक की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया। विवाहिता ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। नगर पंचायत के अंतर्गत मोहल्ला सूर्य नगर निवासी नीतू पुत्री विष्णू कश्यप ने थाने पर दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि कलान थाना क्षेत्र के ग्राम हरजू नगला निवासी राजेंद्र कश्यप पुत्र कलक्टर कश्यप के साथ 4 वर्ष पूर्व उसकी शादी हुई थी।उसके परिजनों ने सामर्थ्य के अनुसार सारा दान दहेज भी दिया लेकिन वह दहेज को लेकर उसे परेशान करते रहे।उसने बताया है कि पति राजेंद्र,ससुर कलक्टर,सास इंद्रावती,नंनद कंचन व चांदनी,देवर लाला उसको शारीरिक मानसिक रूप से आए दिन प्रताड़ित करते हैं।दहेज लोभियों ने उसे घर से निकाल दिया और उसके पास एक पुत्र राज 2 वर्ष का है।उसने बताया कि दहेज लोभियों ने उसे जान से मारने की धमकी देते हुए कहा कि अगर 5 लाख रुपया बाइक नहीं दी तो घर में नहीं घुसना। पीड़िता ने प्रभारी निरीक्षक से दहेज लोभियों के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की गुहार लगाई है।

### कोतवाली में हुई पीस कमेटी की बैठक

शाहजहाँपुर, 03 जुलाई (तरूणमित्र)। त्यौहारों के दृष्टिगत थाना कोतवाली पर पीस कमेटी की बैठक आयोजित, संभ्रांत नागरिकों को शासन के दिशा-निर्देशों से कराया गया अवगत। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर द्वारा आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत थाना कोतवाली परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न धर्मों से जुड़े संभ्रांत नागरिकों की सहभागिता रही। बैठक के दौरान उपस्थितजनों को त्यौहारों के शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण आयोजन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। साथ ही शासन द्वारा निर्गत आदेशों एवं निर्देशों से सभी को अवगत कराया गया। अधिकारियों द्वारा जनसहयोग की अपील करते हुए यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया कि सभी पर्व सामाजिक समरसता एवं कानून व्यवस्था के अनुरूप संपन्न हों। बैठक में प्राप्त सुझावों पर गंभीरता से विचार करते हुए आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन दिया गया।

## डीएम ने महोलिया ड्रेन का किया निरीक्षण, 10 दिनों में नाला सफाई करने के दिये निर्देश



हरदोई, 03 जुलाई (तरूणमित्र)। नगर की जल निकासी व्यवस्था को निर्बाध बनाये रखने के लिए जिलाधिकारी अनुनय झा ने अन्य अधिकारियों के साथ महोलिया ड्रेन का निरीक्षण किया। सबसे पहले उन्होंने पेनी पुरवा में जल प्रवाह को देखा।

उन्होंने कहा कि नाले से कचरे की सफाई करायी जाये। नाले की गाद निकालने का कार्य कराया जाये। इसके बाद उन्होंने धियर महोलिया के पोखर को देखा और पोखर की सफाई कर जल निकासी को निर्बाध बनाने के निर्देश दिए। इसके उपरांत उन्होंने सीतापुर रोड पर अमर नगर कॉलोनी के पास नाले को देखा। उन्होंने सबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि अगले 10 दिनों में नालों की सफाई का कार्य पूर्ण किया जाये। कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न की जाये। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी गरिमा सिंह, अधिशाषी अधिकारी रामेन्द्र सिंह व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## दहेज हत्या के फरार आरोपी गिरफ्तार

हरदोई, 03 जुलाई (तरूणमित्र)। कोतवाली शहर थाना क्षेत्र में 16 जून को हुई विवाहिता की मृत्यु के मामले में पुलिस ने दहेज हत्या के वांछित आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया है।प्राप्त विवरण में 16 जून को शेर बहादुर पुत्र श्री राधेश्याम निवासी ग्राम रुकमनपुर द्वारा कोतवाली शहर पर तहरीर दी गयी कि रमेशचन्द्र पुत्र मोती निवासी खद्दीपुर कसरावां कोतवाली शहर सहित 05 परिजनों द्वारा अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर वादी की पुत्री को प्रताडित किया गया, जिससे उसकी मृत्यु हो गयी। इस संबंध में मृतका के पिता की तहरीर पर कोतवाली शहर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश शुरू की थी।दरसल कोतवाली शहर के उपनिरीक्षक कैलाशनाथ और पुलिस बल द्वारा उपरोक्त अभियोग से संबंधित नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

# मंडलायुक्त की अध्यक्षता में तीन दिवसीय श्रम बाल सर्वेक्षण कार्यशाला आयोजित




रामपुर, 03 जुलाई (तरूणमित्र)। जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी सूर्य प्रकाश ने बताया कि उत्तर प्रदेश नियोजन विभाग द्वारा तीन दिवसीय आवधिक श्रम बाल सर्वेक्षण कार्यशाला का आयोजन मुरादाबाद स्थित विकास भवन सभागार में मंडलायुक्त आञ्जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में किया गया।यह सर्वेक्षण कार्यक्रम 2 जुलाई से प्रारंभ होकर 4 जुलाई तक आयोजित किया जाएगा,जो रोजगार एवं बेरोजगारी के सैंपल के आधार पर किया जायेगा।

मंडलायुक्त ने सर्वेक्षण कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए आकड़े की शुद्धता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि नियोजन प्रक्रिया एवं किसी भी महत्वपूर्ण योजना की क्रियान्वयन के लिए आंकड़ों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।उन्होंने प्रशिक्षण सत्र में शामिल कार्मिकों को निर्देशित किया कि वह आंकड़ों का सही तरीके से संग्रह करें,जिससे कि योजनाएं बनाने में सरकार को सहयोग प्राप्त हो सके।

जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी,मुरादाबाद प्रदीप कुमार ने इन आंकड़ों का प्रयोग वन ट्रिलियन इकोनॉमी में किये जाने के संबंध में बताया।उपनिदेशक विष्णु कुमार सिंह ने कार्यक्रम का संचालन किया।कार्यशाला में भारत सरकार के सांख्यिकी मंत्रालय के प्रतिनिधियों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी रामपुर, मुरादाबाद, संभल एवं अमरोहा उपस्थित रहे।

# कंपोजिट स्कूल घाटमपुर में निकाली गई स्कूल चलो अभियान रैली

रामपुर, 03 जुलाई (तरूणमित्र)। शासन के निदेर्शानुसार जुलाई माह के प्रथम पखवाड़े में बृहस्पतिवार 03 जुलाई को सैदनगर ब्लॉक के कंपोजिट स्कूल घाटमपुर में सुबह प्रार्थना सभा के बाद स्कूल चलो अभियान रैली (चरण-2) निकाली गई।स्कूल चलो अभियान रैली को सैदनगर के खंड शिक्षा अधिकारी मदनलाल वर्मा,ग्राम प्रधान जावेद अली एवं प्रधानाध्यापक नाजिम अली ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

खंड शिक्षा अधिकारी मदन लाल वर्मा ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा लक्ष्य शासन के निदेर्शानुसार नामांकन बढ़ाना है। इसलिए स्कूल चलो अभियान के तहत यह जागरूकता रैली निकाली गई है।ताकि कोई भी बच्चा प्रवेश से छूट न जाए।रैली में विद्यालय आए सभी छात्र एवं छात्राएं शामिल रहे

सबसे आगे वाले बच्चे स्कूल चलो अभियान का बैनर पकड़ कर चल रहे थे और सबसे पीछे वाले बच्चे स्कूल का नाम लिखा बैनर पकड़कर चल रहे थे।रैली विद्यालय से शुरू होकर तोपखाना रोड,ग्राम हजरतपुर,प्रानपुर रोड पर होती हुई विद्यालय पर आकर समाप्त हुई।रैली में सभी बच्चे विभिन्न प्रकार के नारे लगा रहे थे और अभिभावकों को जागरुक करते हुए चल रहे थे।रैली में सभी बच्चों ने स्कूल चलो अभियान से संबंधित नारे लिखी तख्तियां पकड़ रखी थी और विभिन्न प्रकार के नारे लगा रहे थे जैसे

हर बच्चे का नारा है,शिक्षा अधिकार हमारा है। पढ़ी-लिखी लड़की, रोशनी घर की, घर-घर विद्या दीप जलाओ,अपने बच्चे सभी पढ़ाओ। एक भी बच्चा छूट गया,लक्ष्य हमारा टूट गया।पढ़ाई और किताबों से प्यार करो,जीवन अपना उद्धार करो। बेटी बेटा एक समान,सबको दो शिक्षा का ज्ञान। समग्र शिक्षा ने ठाना है,सबको स्कूल लाना है।मम्मी पापा हमें पढ़ाओ,स्कूल में चलकर नाम लिखाओ।हिंदू मुस्लिम सिख इसाई सब मिलकर के करो पढ़ाई।शिक्षा ऐसी सीढ़ी है जिससे चलती पीढ़ी है।समग्र शिक्षा का है अभियान,सबको मिले प्राथमिक ज्ञान।

इस अवसर पर ग्राम प्रधान जावेद अली, प्रधानाध्यापक नाजिम अली, मुजाहिद खान, चिरंजीव गुड्डू, अमरपाल सिंह, मलखान सिंह, रजिया बेगम, सीमा गौहर, नसरीन बी, संगीता यादव, शबिस्ता नैयर, शाजिया बी, शहनाज फातिमा आदि उपस्थित रहे।

# पूर्व सपा सांसद का हिंदू संगठनों को पहलगाम की घटना से तुलना करना गलत - राजूदास

## इनका बयान आतंकवाद को जोड़ना और सनातन को गाली देना



हरदोई, 03 जुलाई (तरूणमित्र)। पहुंचे अयोध्या हनुमानगढ़ी के महंत राजूदास ने पूर्व सांसद एसटी हसन के बयान पर जमकर हमला बोला उन्होंने कहा कि हिंदू संगठनों की तुलना पहलगाम से घटना से करना गलत है। 160 करोड़ की आबादी में पूरे देश में एक आध घटना को हिंदू संगठनों को पहलगाम की घटना से आप जोड़ दोगे इसका मतलब आप पाकिस्तान को बढ़ावा दे रहे हो और आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है।

संत राजू दास ने कहा कि एक मजहब को खुश करने के लिए अखिलेश यादव ऐसी बात करते हैं वह अभी तक अयोध्या नहीं आ पाए अगर वाकई में भगवान कृष्ण के वंशज हैं तो डंके की चोट पर कहें कि कृष्ण जन्मभूमि मंदिर का निर्माण हम करेंगे वह सिर्फ चिकनी चुपड़ी बात करके हिंदुओं को बड़ा लालच देकर वोट लेते हैं और तुरंत सनातन और हिंदुओं को गाली देते हैं।शहर के आर आर इंटर कालेज मैदान में रामकथा के अवसर पर पहुंचे अयोध्या हनुमान गढ़ी के महंत राजूदास ने मुजफ्फरनगर में कांवड़ यात्रा से पहले ढाबे पर काम करने वाले कर्मचारी के कपड़े उतार कर चेकिंग करने के मामले में सपा के पूर्व सांसद एसटी हसन के ऐसा करने वालों की तुलना पुलवामा की घटना के आतंकियों से करने को लेकर प्रतिक्रिया देते हुए महंत राजूदास ने कहा कि एसटी हसन जी डॉक्टर रहे हैं सांसद भी रहे हैं नेता भी हैं कुल मिलाकर कहने का मतलब उनकी मानसिकता देखें किस प्रकार की है उन्होंने मैं पूछना चाहता हूं एसटी हसन जी से लमसम 160 करोड़ की आबादी है और 160 करोड़ की आबादी में मुश्किल से ऐसी घटना एक आध तो पूरे देश में 160 करोड़ में तो क्या आप आतंकवादी कह दोगे हिंदू संगठनों को पहलगाम की घटना से आप जोड़ दोगे आप क्या कहना चाह रहे हो पाकिस्तान को बढ़ावा दे रहे हो आतंकवाद को बढ़ावा दे रहे हो और क्या कर रहे हो यह शुद्ध रूप से आतंक को और सनातन पर टिप्पणी करने का समाजवादी ने ठेका ले रखा है और लगातार समाजवादी नेता बार-बार एक नहीं अनेक नेता चाहे वह अखिलेश यादव हों चाहे वह पूर्व में स्वामी प्रसाद मौर्य हों चाहे एसटी हसन तमाम ऐसे नेता हैं जो सनातन के ऊपर टिप्पणी करते हैं इससे आतंकवाद को जोड़ना और सनातन को गाली देना हो गया। राजूदास से सवाल किया कि ब्राह्मणों के पूजा पाठ को लेकर अखिलेश यादव का बयान आया है कि कई ऐप है ऐप के माध्यम से भी पूजा कर सकते हैं इसको लेकर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि देखिए मैं पूछना चाहता हूं माननीय मुलायम सिंह यादव जी जब खत्म हुए थे तो क्या ऐप से उन्होंने पूजा कराया था या किसी ब्राह्मण को बुलाया था क्यों ब्राह्मण को बुलाया था उनको नहीं बुलाना चाहिए था ऐसे तो उन्होंने पूजा नहीं किया देखिए वैदिक परंपरा में सनातन पद्धति में एक जो विद्वान है ब्राह्मण है वह वेद पुराण शास्त्र उपनिषद के ज्ञाता होते हैं जैसे हम साधु हैं हवन कर सकते हैं पूजन कर सकते हैं ठाकुर जी की सेवा कर सकते हैं आप कह दो कि बाबा जी चैनल पर आकर बैठकर एंकरिंग करो तो क्या कर पाएंगे नहीं कर सकते उतना अच्छा उसके लिए हमको आप उतना सिखाओगे पढ़ाओगे तब कर पाएंगे यह उनकी बातें हैं जो हम लोगों के दिमाग में आता नहीं है वह लगातार सनातन पर टिप्पणी कर देते हैं सिर्फ एक को एक मजहब को संप्रदाय को खुश करने के लिए ऐसी बात करते हैं और कोई बात नहीं है सिर्फ टोपी की बात करना है इस्लाम को आगे करना सनातन को गाली देना यह उनका अध्याय लक्ष्य है अभी तक अयोध्या नहीं आ पाए अगर वाकई में भगवान कृष्ण के वंशज हैं डंकी की चोट पर कहें हां कृष्ण की जन्मभूमि मंदिर निर्माण हम कराएंगे हम उनके साथ हैं नहीं बोल सकते दम है क्या सिर्फ चिकनी चुपड़ी बात करके हिंदुओं को बरगलाकर वोट लेते हैं और तुरंत सनातन और हिंदुओं को गाली देते हैं।

इटावा की घटना जातीय रंग लेती जा रही है अखिलेश यादव ब्राह्मणों के लिए कह रहे हैं कि प्रभुत्ववादी और वर्चस्ववादी लोग यह घोषित करें कि पीडीए की ओर से दिया गया दान चढ़ावा कभी स्वीकार नहीं करेंगे इसको लेकर महंत राजू दास ने कहा कि देखिए अखिलेश यादव जी का बयान दुर्भाग्यपूर्ण था जिस प्रकार से इटावा की घटना घटी उस घटना का पुरजोर विरोध करते हैं निंदा करते हैं सनातन में कहीं भी किसी की चोटी काटने का कोई प्रावधान नहीं है।

## मीरसराय इमामबाड़े से सातवीं मोहर्रम की जुलूस का हुआ शुभारंभ

पिहानी, हरदोई, 03 जुलाई (तरूणमित्र)। सच्चाई और मानवता की रक्षा में शहीद होने वाले



इमाम हुसैन के भतीजे हजरत कासिम की याद में निकल रहा साथ में मोहर्रम का जुलूस एसडीएम शाहाबाद, सीओ हरियावा, कोतवाल विद्यासागर पाल कस्बा इंचार्ज अनेक पाल सिंह के साथ प्रभारी निरीक्षक पचदेवरा ,प्रभारी निरीक्षक हरियावा, पांच निरीक्षक, 20 उप निरीक्षक डेढ़ सेक्शन पीएसी, 140 हेड कांस्टेबल व पुलिसकर्मी, तेरह पुलिस कर्मी सादी वर्दी में,एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड, पिस्तौल, राइफल, दंगा नियंत्रण के लिए लाठी, हेलमेट, और ढाल लेश सभी पुलिसकर्मी जुलूस में मौजूद, चार ड्रोन कैमरा निरंतर चलाकर जुलूस के कड़ी निगरानी कर रही पुलिस।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# तरुणमित्र
श्रम ही आधार, सिर्फ खबरों से सरोकार
शुक्रवार, 4 जुलाई 2025
विक्रम संवत्– 2082, आषाढ़ शुक्ल पक्ष– नवमी

## श्रीलंका से दोस्ती

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विदेश दौरे पर एक बार फिर भारत ने पाकिस्तान पोषित आतंकवाद के मुद्दे को उठाते हुए आपरेशन सिन्दूर के मामले में अपनी स्थिति साफ की है। उधर, अमेरिका में विदेश मंत्री जयशंकर ने भी पाकिस्तान की आतंकवाद को लेकर छीछालेदर की है और उसे दुनिया के सामने एक्सपोज किया है। बात ये है कि आपरेशन सिंदूर के बाद भारत को अपने पड़ोसी चीन के साथ अमेरिका के साथ भी बदले हालातों का सामना करना पड़ रहा है। चीन के मजबूत समर्थन से पाकिस्तान संयुक्त राष्ट्र से लेकर अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष तक में मजबूती से समर्थन प्राप्त कर रहा है। फिर वह चाहे अंतर्राष्ट्रीय कर्ज की बात हो या हाल में संयुक्त राष्ट्र की तात्कालिक अध्यक्षता प्राप्त करने की। उधर, भारत आपरेशन सिंदूर के बाद दुनिया में अकेला पड़ गया लग रहा है। ऐसी स्थिति में भारत का समुद्री पड़ोसी देशों पर चीन के प्रभाव को सीमित करना रणनीतिक प्राथमिकता है। भारत के पड़ोसियों नेपाल, बांग्लादेश, श्रीलंका आदि को चीन ने अर्थ के जाल में पहले ही फंसा रखा है। अच्छी बात ये है कि चीन के चौतरफा दबाव के बावजूद श्रीलंका भारत के स्वाभाविक सहयोगी के रूप में सामने आया है, इसीलिए भारत श्रीलंका जैसे देशों के साथ अपना रक्षा सहयोग मजबूत कर रहा है। चीन ने बीते दशक में श्रीलंका के साथ कई बड़े समझौते करने के साथ इस द्वीपीय देश में भारी निवेश किया जिसमें हंबनटोटा पोर्ट सबसे बड़ा रणनीतिक निवेश है। सामरिक विशेषज्ञों ने कई बार श्रीलंका में चीन के दखल पर चिंता जताई थी। जवाब में भारत की प्रमुख सरकारी जहाज निर्माण कंपनी मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड ने हाल ही में श्रीलंका के साथ एक सैन्य सहयोग समझौता किया जो न दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूती देगा, बल्कि हिंद महासागर क्षेत्र में चीन की बढ़ती मौजूदगी को संतुलित करने में भी अहम भूमिका निभाएगा। भारत इस समझौते के तहत श्रीलंका को डिफेंस प्लेटफॉर्म की आपूर्ति, ट्रेनिंग, और मरम्मत सेवाएं देगा। मझगांव डॉक की ओर से बनाए जाने वाले पोतों के लिए श्रीलंका में रख-रखाव केंद्र बनाने की बात भी सामने आई है। अगर यह योजना आकार लेती है, तो भारत की क्षेत्रीय नौसैनिक उपस्थिति हिंद महासागर में और बढ़ेगी क्योंकि इस क्षेत्र में रणनीतिक तौर पर श्रीलंका की स्थिति बहुत महत्वपूर्ण है। भारत की यह नई पहल एक स्पष्ट संकेत है कि वह अब सिर्फ प्रतिक्रिया नहीं, बल्कि सक्रिय रणनीति अपना रहा है। इस डील के जरिए भारत, श्रीलंका जैसे देशों के साथ रक्षा सहयोग को मजबूत करके चीन की पकड़ को संतुलित करना चाहता है और हिंद महासागर क्षेत्र में चीन की चुनौतियों से निपटने के लिए भी सहयोगियों के साथ मजबूती से कदम बढ़ा रहा है। भारत की श्रीलंका के साथ इस बड़ी समुद्री सैन्य डील से चीन ही नहीं, पाकिस्तान को भी सन्देश दिया जा सकेगा। इससे भारत को हिंद महासागर क्षेत्र में रणनीतिक बढ़त मिलेगी क्योंकि अब हिंद महासागर का इस्तेमाल चीन अपनी विस्तारवादी मंशा को अंजाम देने के लिए कर रहा है।

## भारत का उत्कर्ष ही तुम्हारी उन्नति



अरुण कुमार दीक्षित

**स्वामी विवेकानंद इतिहास पुरुष हैं। वे सनातन के महान प्रतिनिधि हैं। वे भारतीय संस्कृति के स्वभाव को दुनिया के देशों में ले गए। उस कालखंड में यह कार्य असम्भव था। वे भारत को भी प्राचीन संस्कृति का स्मरण कराते रहे।**

उनका राष्ट्र धर्म विश्व धर्म था। उन्होंने वेद उपनिषद, ब्रह्म सूत्र, मीमांसा, न्याय, वैशेषिक, योग का अध्ययन कर ज्ञान योग की बात की। वे ग्रन्थों से भारत के ऋषियों के ज्ञान विज्ञान की संस्कृति जन जन तक ले जाने के कर्म योग में थे। स्वामी विवेकानंद जितना प्रभावशाली अपने जीवन काल में रहे उनके न रहने के बाद उनका प्रभाव बढ़ा है। वे युवाओं को राष्ट्र प्रेम से सम्बद्ध करते हैं। संस्कृति सभ्यता से जोड़ते हैं। वे युवाओं में विशेष ऊर्जा का संचरण करते हैं। वह मौलिक बात करते हैं।

वे धर्म की बात प्राथमिक न कह कर सीधे भौतिक प्रश्न करते हैं। वे कहते हैं जो भूखे हैं उन्हें प्राथमिकता में पहले भोजन का प्रबंध हो। जो वस्त्रहीन हैं उन्हें वस्त्र चाहिए। बुनियादी प्रश्नों के हल के बाद हम धर्म की बात कर सकते हैं। वह वंचितों के लिए प्रश्न खड़े कर रहे हैं। वह किसी पूजा, उपासना की बात प्राथमिक नहीं करते हैं।

वे अधिक जोर कर्म पर ही दे रहे हैं। वह अभाव को ईश्वरीय देन नहीं मानते। तभी तो वह उठो जागो और लक्ष्य की प्राप्ति तक मत रुको का संदेश दे रहे थे। वे भक्ति, पूजा, उपासना, प्रेम,श्रद्धा की ओर प्रत्येक को ले जाना चाहते हैं। वह विश्व बंधुत्व की बात कर रहे हैं। वे प्रत्येक में व्यक्ति ईश्वरत्व देखते हैं। प्रत्येक व्यक्ति में अनंत ऊर्जा देखते हैं।

विवेकानंद चाहते थे कि लोग राष्ट्रभक्ति भाव से भर जाएं। वह उपनिषदों का अध्ययन करने के बाद निष्कर्ष पर पहुंचते हैं कि उपनिषदों का प्रत्येक पृष्ठ मुझे शक्ति का संदेश देता है। उपनिषद कहते हैं, हे मानव तेजस्वी बनो। दुर्बलता को त्याग दो। संपूर्ण जगत के साहित्य में इन्हीं उपनिषदों में भयशून्य यह शब्द बार-बार प्रयोग हुआ। और संसार के किसी भी शास्त्र में ईश्वर या मानव के प्रति भय शून्य यह विशेषण प्रयुक्त नहीं हुआ है, कि निर्भय बनो। उपनिषदों द्वारा मुक्ति और स्वाधीनता का उद्‌घोष किया गया है। यहां पर लाहौर में दिए गए उनके तीन वक्तव्यों का उल्लेख आवश्यक प्रतीत हो रहा है। पहला 'हिंदू धर्म के सामान्य आधार' पर, दूसरा भक्ति पर, तीसरा वक्तव्य वेदांत पर था।

उन्होंने कहा यह वही पवित्र भूमि है जो आर्यावर्त में पवित्रम मानी जाती है। यह वही ब्रह्मावर्त है। इसका उल्लेख हमारे महर्षि मनु ने किया है। यह वही भूमि है जहां आत्म तत्व आकांक्षा का प्रबल स्त्रोत प्रवाहित हुआ है। जैसा कि इतिहास से प्रकट है। जहां वेगवती नदियों की तरह समान आध्यात्मिक महत्वाकांक्षाएं उत्पन्न हुई। फिर धीरे-धीरे एक धारा में होकर शक्ति संपन्न हुई है। आर्यावर्त में हमलावर बर्बर जातियों के प्रत्येक हमले का सामना इसी वीर भूमि ने छाती खोलकर किया।

वही भूमि है जहां गुरु नानक ने विश्व प्रेम का उपदेश दिया। जहां केवल हिंदुओं को ही नहीं मुसलमान को भी गले लगाने के लिए अपने हाथ फैलाए। गुरु गोविंद सिंह ने धर्म रक्षा के लिए अपना और प्रिय जनों का रक्त बहा दिया। लोगों ने उनके साथ छोड़ दिया। हे पंचनद के भाइयों अपनी इस प्राचीन भूमि में तुम लोगों के सामने आचार्य रूप में नहीं खड़ा हुआ हूं। मैं तो यह खोजने आया हूं कि हम लोगों की मिलन भूमि कौन सी है। यहां मैं जानने आया हूं कि कौन सा आधार है कि हम लोग आपस में सदा भाई बने रह सकते हैं। कुछ रचनात्मक कार्यक्रम रखने आया हूं। स्वभावतः इस देश में मेधा संपन्न महापुरुषों का जन्म हुआ। उनके हृदय में सत्य,न्याय, के प्रति प्रबल अनुराग था। पुनर्निर्माण का समय आ गया है।

बिखरी शक्तियों को एक ही केंद्र में लाकर सदियों से रुकी उन्नति में अग्रसर करने का समय आ गया है। मैं हिंदू शब्द का प्रयोग बुरे अर्थों में नही कर रहा।जो बुरा मानते हैं अर्थ समझते हो। प्राचीन काल में उस शब्द का अर्थ था सिंधु नद के दूसरी ओर बसने वाले लोग। हमसे घृणा करने वाले बहुतेरे लोग आज उस शब्द का कुत्सित अर्थ भले लगाते हो, पर केवल नाम में क्या धरा है। हिंदू नाम ऐसी प्रत्येक वस्तु का द्योतक रहे जो महिमामय हो। अध्यात्मिक हो। यदि आज हिन्दू शब्द का कोई बुरा अर्थ है तो उसकी परवाह मत करो। अपने कार्यों आचरण द्वारा दिखाने को तैयार हो जाओ कि समग्र संसार की कोई भी भाषा इससे ऊंचा, महान शब्द अविष्कार नही कर सकी। विवेकानंद कह रहे हैं कि तुम्हें अपनी हिन्दू संस्कृति पर गर्व होना चाहिए। तुम आर्यावर्त की महान संतान हो। तुम सबको साथ लेकर सबको गले लगाकर चलो। यह यात्रा अनंत है।

वे दूसरी बात कठोपनिषद की ऋचा,न तत्र सूर्यो भाति न चंद्रतारकम से उधृत कर भक्ति पर कह रहे हैं। वहां सूर्य प्रकाश नही करता। चन्द्र और तारे वहां नही हैं। बिजलियां नहीं चमकती। इस भौतिक अग्नि का कहना ही क्या। वे कहते हैं इस अपूर्व हृदय स्पर्शी कविता सुनते हुए मानो इस इंद्रियगम्य जगत से, बुद्धि से भी दूर पहुंचते हैं। जिसे किसी काल में का ज्ञान विषय नहीं बनाया जा सकता है। वह सदा हमारे पास रहता है। इस तरह भक्ति के बीज पहले से ही विद्यमान है। संहिताओं में हमें परिचय मिलता है। भक्ति के लिये पुराणों को समझना होगा। पुराणों में भक्तिवाद स्पष्ट दिखाई देता है।

तीसरी बात वेदांत की कर रहे हैं। जगत दो हैं। एक बहिर्जगत दूसरा है अंतर्जगत।प्राचीनकाल से मनुष्य दोनों भूमियों में समानांतर रेखाओं की तरह बराबर उन्नति करते आये हैं। मनुष्यों ने पहले समस्याओं के उत्तर की बाह्य प्रकृति से चेष्टा की। ईश्वर तत्व उपासना तत्व अदभुत सिद्धान्त प्राप्त हुए। उस शिव सुंदर का उन्होंने अपूर्व वर्णन किया। इस जगत को विश्व के बाहर के किसी ईश्वर ने नही बनाया। यह अपने आप सृष्ट हो रहा है। अभिव्यक्ति हो रही है।अनन्त सत्ता ब्रम्ह है।

(विवेकानंद साहित्य खंड पांच)

वे वेदांत को सर्वोपरि कह रहे हैं। वे परम सत्ता के प्रति विनयावनत हैं। भारतीय दर्शन समग्र की बात करता है।

सब अद्वैत है। वह दिखता भिन्न भिन्न रूपों में है। वह है एक ही सत्ता। यह वेदांत के अतिरिक्त किसी दर्शन में नही है। तभी वे कहते हैं यह गर्व की भूमि है। प्रेम, करुणा, दया, क्षमा, शील की भूमि है। आज भी प्रासंगिक हैं विश्व द्रष्टा विवेकानंद। भारत में विदेशी विचारों वाले कचरे का आयात बढ़ा है। कभी सेवा के नाम पर। कभी दवा के नाम पर तो कभी वस्तुओं के कारण पाश्चात्य के संबंध गहरे हुए हैं। पाश्चात्य संस्कृति ने भारत के प्रत्येक आंगन को खंडित किया है। उसकी भरपाई आज की पीढ़ी को करनी होगी? यह बात बिल्कुल भौतिक है। दुनिया के देश भारत की संस्कृति पर सदियों से हमलावर हैं। तलवार के बल पर शासन किया। मतांतरित किया। अंग्रेज भारत को गुलाम बनाने में सफल रहे। प्राचीन काल से भारत आकर्षण का केंद्र रहा है। गुलामी से मुक्ति के लिए बलिदान करने पड़े। जिन शक्तियों ने भारत को गुलाम बनाया वे भारत के हितैषी कैसे हो सकते हैं?

विवेकानंद कह रहे हैं तुम्हारा आत्मबल राष्ट्र के लिए कमजोर क्यों है। वेदांत संपूर्णता की बात करता है। वह भी समग्रता की बात कर रहे हैं। सूर्य, चंद्रमा, पृथ्वी, तारे,समुद्र सब परमसत्ता हैं। सनातन संस्कृति तभी रहेगी जब तुम राष्ट्र के प्रति श्रद्धा करोगे। कृष्ण भी कर्मयोग की बात कह रहे हैं। विवेकानंद स्मृति में लाते हैं कि तुम सब शक्तिशाली ऋषियों की संतान हो।

वह उपनिषदों के माध्यम से कह रहे हैं कि तुम तेजस्वी बनो। जो पीड़ित है जो वंचित हैं जो दुखी हैं वह तुम्हारे ही हैं। वे राष्ट्र के ही हैं। विवेकानंद कह रहे हैं भारत के उत्कर्ष में ही तुम्हारी उन्नति है। स्मृति दिवस चार जुलाई पर उन्हें श्रद्धांजलि।

ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

## सामाजिक क्रांति की ओर अग्रसर 'वर्चुअल रियलिटी'



पल्लवी बोरा

तकरीबन एक दशक से ज्यादा समय से वर्चुअल रियलिटी को डिजिटल अनुभवों में अगली बड़ी चीज के तौर पर समाज के हर एक मंच पर पेश किया जा रहा है। डिजिटल क्षेत्रों से जुड़े विशेषज्ञों के अनुसार, वर्चुअल रियलिटी सामाजिक संपर्क, रोजगार, शिक्षा और मनोरंजन में क्रांति लाने की ओर तेजी से अग्रसर है।

हालांकि, जैसे-जैसे 2020 आगे बढ़ रहा है, कई लोग सोच रहे हैं कि क्या वर्चुअल रियलिटी वाकई लोकप्रिय हो जाएगा। कुछ जगहों पर तो यह पहले ही लोकप्रिय हो चुका है। बहरहाल, मुद्दा यह भी है कि भविष्य वैसा नहीं हो सकता जैसा कि शुरूआती दूरदर्शी लोगों ने उम्मीद की थी।

### वीआर की शांत सफलता...!

अगर आप प्रचार-प्रसार के पैटर्न को देखें, तो आप देखेंगे कि वर्चुअल रियलिटी कई अलग-अलग व्यवसायों में बुनियादी तौर पर स्थापित है। असली सफलता की कहानियहां स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, डिजाइन और एयरोस्पेस जैसे क्षेत्रों में सामने आने लगी हैं, जहां इमर्सिव सिमुलेशन ध्यान देने योग्य, उपयोगी लाभ प्रदान करते हैं। इसने गेमिंग उद्योग में काफी लोकप्रियता हासिल की है, क्योंकि प्ले स्टेशन और मेटा क्वेस्ट जैसे प्लेटफॉर्म पर गेम ऐसे अनुभव प्रदान करते हैं जो फ्लैट स्क्रीन पर संभव नहीं हैं।



मेडिकल पेशेवर वर्चुअल ऑपरेटिंग रूम में प्रशिक्षण ले रहे हैं। इंजीनियर 3डी-प्रोटोटाइप की पूरी तरह से समीक्षा कर रहे हैं। छात्र ऐसे वातावरण की खोज कर रहे हैं जो कभी पहुंच से बाहर थे। इन संदर्भों में, यह प्रयोगात्मक नहीं है, आवश्यक है। इन प्रगति के बावजूद, उपभोक्ता के लिए इसको अपनाना आसान नहीं है। कई लोगों को इसको दैनिक ड्राइवर के रूप में उपयोग करने का विचार अभी तक क्लिक नहीं हुआ है। इसके कई कारण हैं। इतने सुधारों के बावजूद, हार्डवेयर अभी भी भारी लगता है। गेम और कुछ विशेष ऐप के अलावा, अभी भी बहुत कम सामग्री उपलब्ध है। उपयोगकताओं का एक बड़ा प्रतिशत थकान और मोशन सिकनेस का अनुभव करता है। इसके अतिरिक्त, आभासी दुनिया के बजाय वास्तविक दुनिया से पूरी तरह से संबंध तोड़ने की सामाजिक चिंता अभी भी है।

### स्थानिक कंप्यूटिंग का प्रवेश...!

अगर पूरी तरह से इमर्सिव वीआर ही समाधान नहीं है, तो और क्या है। डिजिटल जानकारी को बदलने के बजाये वास्तविकता (एआर) और मिश्रित वास्तविकता (एमआर) अनुभवों पर बढ़ रहा है जो डिजिटल सामग्री को भौतिक वातावरण में एकीकृत करते हैं। इस अभियान का नेतृत्व माइक्रोसॉफ्ट के होलोलेंस और एप्पल के विजन प्रो कर रहे हैं। ये गैजेट नई कंप्यूटर अवधारणा की ओर इशारा करते हैं जिसमें आप हर जगह मौजूद ऐप्स, डेटा और संचार उपकरणों का उपयोग करते हुए अपने वास्तविक परिवेश में रह सकते हैं। पूर्ण विसर्जन की तुलना में, यह हाइब्रिड विधि जिसे अक्सर स्थानिक कंप्यूटिंग के रूप में संदर्भित किया जाता है, अधिक जैविक, प्रभावी और सामाजिक रूप से स्वीकार्य साबित हो सकती है।

### तो, क्या वीआर उड़ान भरेगा...!

देखा जाये तो वीआर ने पहले से ही उड़ान भरी है, लेकिन उस व्यापक तरीके से नहीं जैसा कि शुरूआती अपनाने वालों ने सपना देखा था। प्रशिक्षण और सिमुलेशन, पेशेवर सेटिंग्स और निश्चित रूप से, गेमिंग में, आभासी वास्तविकता एक स्थायी स्थिरता बन रही है। जैसे-जैसे सामग्री विकसित होती है और हार्डवेयर बेहतर होता जाता है, उपभोक्ता उपयोग बढ़ सकता है। हालांकि, अकेले दीर्घकालिक नवाचार नहीं हो सकता है। वास्तविक क्रांति स्थानिक कंप्यूटिंग की ओर व्यापक प्रवृत्ति में निहित हो सकती है जो डिजिटल और भौतिक दुनिया के सर्वोत्तम पहलुओं को जोड़ती है।

ये लेखिका के अपने निजी विचार हैं... तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

### अपनाएं अब हमको !

ले आओ अब हमको ।
देंगे रोजगार ।।
होगा बंद पलायन ।
सत्ता असरदार ।।
चुटकियों में कर देंगे ।
रोटी का जुगाड़ ।।
हैं महत्व वोट का ।
ना करें कबाड़ ।।
अपनाएं अब हमको ।
इनको दें उखाड़ ।।
हैं लगे हम बरसो से ।
हमारा भी जुगाड़ ।।
चाहिए बस हमको ।
मौका एक बार ।।
हैं बांधे मुरेठा ।
कस कमर तैयार ।।



कृष्णेन्द्र राय

## सहयोग की शक्ति और सामाजिक समरसता का उत्सव

### अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस



ललित गर्ग

हर वर्ष जुलाई के पहले शनिवार को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस मनाया जाता है। यह दिन सहकारी संस्थाओं की उपलब्धियों को रेखांकित करने और उनके सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक योगदान को सम्मानित करने का अवसर होता है। सहकारिता एक ऐसा आंदोलन है जो 'एकता में शक्ति' की भावना को मजबूत करता है और लोकतांत्रिक, समावेशी और न्यायसंगत आदर्श समाज के निर्माण में सहायक बनता है। सहयोग की शक्ति और सामाजिक समरसता के इस उत्सव का 2025 की थीम है 'सहकारिताः एक बेहतर दुनिया के लिए समावेशी और टिकाऊ समाधान लाना।'

यह थीम पर्यावरण-संरक्षण, स्वच्छ ऊर्जा, और सामाजिक समावेशन जैसे विषयों को सहयोग के माध्यम से हल करने की प्रेरणा देती है। आज के समय में जब आर्थिक विषमता और सामाजिक असंतुलन बढ़ रहा है, सहकारिता एक वैकल्पिक और मानवीय मॉडल प्रस्तुत करती है। यह न केवल आर्थिक विकास की राह दिखाती है, बल्कि सामाजिक विश्वास, सह-अस्तित्व और भाईचारे को भी बढ़ावा देती है।

इस वर्ष संयुक्त राष्ट्र द्वारा मान्यता प्राप्त यह 29वां अंतर्राष्ट्रीय सहकारी दिवस और 101वां अंतर्राष्ट्रीय सहकारी दिवस होगा। यह सहकारी आंदोलन का एक वार्षिक उत्सव है जो अंतर्राष्ट्रीय सहकारी गठबंधन द्वारा 1923 से जुलाई के पहले शनिवार को मनाया जाता है। इस उत्सव का उद्देश्य सहकारिता के बारे में जागरूकता बढ़ाना, संयुक्त राष्ट्र और अंतर्राष्ट्रीय सहकारी आंदोलन के पूरक लक्ष्यों और उद्देश्यों को उजागर करना, संयुक्त राष्ट्र द्वारा संबोधित प्रमुख समस्याओं के समाधान में आंदोलन के योगदान को रेखांकित और विस्तारित करना है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 2025 को अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के रूप में घोषित किया है। यह घोषणा 2012 में पहले सफल आयोजन के बाद की गई है और वैश्विक स्तर पर सतत विकास को बढ़ावा देने में सहकारी समितियों की महत्वपूर्ण भूमिका को मान्यता देती है। दुनिया भर की सहकारी समितियां दिखाएंगी कि कैसे वे एकजुटता और लचीलेपन के साथ युद्ध, महामारी एवं प्राकृतिक आपदा संकट का सामना कर रही हैं और समुदायों को जन-केंद्रित और पर्यावरण की दृष्टि से न्यायसंगत पुनर्प्राप्ति की पेशकश कर रही हैं।

सहकारिता दिवस इस बात का प्रचार करने का अवसर है कि किस प्रकार मानव-केन्द्रित व्यवसाय मॉडल, जो स्वयं-सहायता और एकजुटता के सहकारी मूल्यों तथा सामाजिक उत्तरदायित्व और समुदाय के प्रति चिंता के नैतिक मूल्यों द्वारा समर्थित है, असमानता को कम कर सकता है, साझा समृद्धि का सृजन कर सकता है। सहकारी समितियां, जो आर्थिक सफलता को सामाजिक और पर्यावरणीय जिम्मेदारी के साथ संतुलित करने की अपनी अनूठी क्षमता के लिए जानी जाती हैं, उन्हें सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को प्राप्त करने में प्रमुख खिलाड़ी के रूप में देखा जाता है। संयुक्त राष्ट्र का प्रस्ताव सदस्य देशों को सहकारी समितियों के लिए एक सहायक कानूनी और नीतिगत माहौल को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित करता है, जिसमें कृषि, वित्त और खुदरा सहित विभिन्न क्षेत्रों में उनके महत्व पर जोर दिया गया है।

अंतर्राष्ट्रीय सहकारी गठबंधन (आईसीए) ने इस पहल का गर्मजोशी से स्वागत किया है। आईसीए के अध्यक्ष एरियल ग्वार्को ने इस घोषणा को संगठन के सतत विकास के लिए चल रहे प्रयासों के साथ संरेखित करने पर प्रकाश डाला। इस घोषणा से वैश्विक स्तर पर समानतापूर्ण और लचीली अर्थव्यवस्था बनाने में सहकारी समितियों के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ने की उम्मीद है, खासकर जलवायु परिवर्तन और आर्थिक असमानता जैसी वैश्विक चुनौतियों के सामने। सहकारिता पर ध्यान केंद्रित करके, संयुक्त राष्ट्र का उद्देश्य टिकाऊ, समुदाय-केंद्रित समाधान प्रदान करने में मॉडल की प्रभावशीलता को प्रदर्शित करना है।

सहकारिता, जिसे अंग्रेजी में कोआपरेटिव कहते हैं, एक ऐसा संगठन है जिसमें लोग स्वेच्छा से मिलकर काम करते हैं ताकि अपनी सामान्य आर्थिक, सामाजिक या सांस्कृतिक आवश्यकताओं को पूरा कर सकें। यह एक लोकतांत्रिक रूप से नियंत्रित व्यवसाय है जहां सदस्य ही मालिक होते हैं और व्यवसाय का संचालन और लाभ का वितरण भी सदस्यों के बीच ही होता है। सहकारिता का अर्थ है, 'मिलजुल कर काम करना' या 'आपस में सहयोग करना'। यह एक ऐसी व्यवस्था है जिसमें लोग स्वेच्छा से एक साथ मिलकर काम करते हैं, ताकि वे अपने सामान्य आर्थिक, सामाजिक या सांस्कृतिक लक्ष्यों को प्राप्त कर सकें. सहकारिता का मुख्य उद्देश्य आपसी सहयोग, समानता और सामूहिक हित को बढ़ावा देना है। इसका मूल मंत्र है 'सभी के लिए एक, और एक सभी के लिए।'

भारत में सहकारिता की भावना एवं विचारधारा आजादी से पहले से जन-जन में रची-बसी है। भारत की जनता के स्वभाव में सहकारिता घुली मिली है, ये कोई उधार लिया विचार नहीं है। सहकारिता भारत के संस्कार में है। भारत में सहकारिता आंदोलन कभी भी अप्रासंगिक नहीं हो सकता। सहकारिता की जड़े 1904 के सहकारी ऋण समितियां अधिनियम से जुड़ी हैं। स्वतंत्रता के बाद यह आंदोलन और भी सशक्त हुआ। चाहे अमूल जैसी डेयरी सहकारी संस्थाएं हों या सहकारी बैंकों और किसान समितियां, उन्होंने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में जब सहकारिता आंदोलन की सबसे अधिक जरूरत थी, तब यशस्वी एवं दूरदर्शी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने सहिकारिता मंत्रालय का गठन करके सहकार से समृद्धि के स्वप्न को साकार करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की है। केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सहकारिता को नये आयाम दिये हैं। उनके नेतृत्व में केंद्र सरकार सहकारिता क्षेत्र के माध्यम से करोड़ों किसानों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने पर जोर दिया जा रहा है। सभी राज्यों के सहकारिता मंत्री अपने-अपने राज्यों में कृषि मंत्रियों के साथ समन्वय कर प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दे रहे हैं ताकि आम लोगों के साथ-साथ धरती माता का स्वास्थ्य भी बेहतर हो सके।

गरीब कल्याण और गरीब उत्थान, बिना सहकारिता के सोचा नहीं जा सकता। नरेन्द्र मोदी के मन की इच्छा है कि छोटे से छोटे व्यक्ति को विकास की प्रक्रिया में हिस्सेदार बनाना, सहकारिता की प्रक्रिया से हर घर को समृद्ध बनाना और हर परिवार की समृद्धि से देश को समृद्ध बनाना, यही सहकार से समृद्धि का मंत्र है। देश पर जब-जब कोई विपदा आई है, सहकारिता आंदोलनों ने देश को बाहर निकाला है। कॉपरेटिव बैंक बिना मुनाफे की चिंता किए लोगों के लिए काम करते हैं क्योंकि, भारत के संस्कारों में सहकारिता है।

आज देश में लगभग 91 प्रतिशत गांव ऐसे हैं जहां छोटी-बड़ी कोई न कोई सहकारी संस्था काम करती है। सहकारिता गरीबों और पिछड़ों के विकास के लिए है। राष्ट्रीय सहकारिता विकास निगम-(एनसीडीसी) और सहकारिता मंत्रालय जैसे संस्थान इस क्षेत्र को संगठित और सशक्त बनाने का कार्य कर रहे हैं।

(ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।)

### सूडोकु नवताल- 7480

★ ☆ ☆ ☆ ☆
सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | | | | 2 | 6 | | 3 |
| | | | 4 | | | | | |
| 1 | 3 | 5 | | 8 | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | 8 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 7 | | | 9 | | | 2 | |
| | | | | 6 | | 5 | 9 | 2 |
| | | | | | 3 | | | |
| 2 | | 8 | 5 | | | | 6 | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7479 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 8 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 8 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 2 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 7 |
| 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 |
| 1 | 9 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 | 6 | 2 |
| 8 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 2 | 9 | 8 | 3 | 4 | 1 |

### आज का राशिफल

**मेष** : व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी।

**वृष** : सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। यात्रा का योग हैं।

**मिथुन** : प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सम्मान मिलेगा। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच मांगलिक कार्य सम्पन्न होंगे।

**कर्क** : शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा।

**सिंह** : शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा।

**कन्या** : परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं।

**तुला** : स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

**वृश्चिक** : लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा।

**धनु** : सुख आरोग्य प्रभावित होगा। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती हैं। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा।

**मकर** : स्वविवेक से कार्य करें। किसी से कहा सुनी न हो यह ध्यान रहें। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी।

**कुंभ** : प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा।

**मीन** : श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी।

पं0 सुभाष पाण्डेय: हस्तरेखा विशेषज्ञ, मो. 8808052918

# उचित दरों पर गरीबों का उच्चस्तरीय इलाज जरूरी : डीएम

## डीएम अविनाश सिंह ने किया मिनिमल इनवेसिव कैंप का उद्घाटन

**बरेली, 03 जुलाई (तरूणमित्र)।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने गुरुवार को एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में लगे मिनिमल इनवेसिव सर्जरी (दूरबीन विधि) कैंप का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने यहां उपलब्ध विश्वस्तरीय उपकरणों की जानकारी ली और मरीजों से बात कर आयुष्मान में मिलने वाली सुविधाओं के बारे में पूछा। उन्होंने उचित दरों पर गरीबों के स्तरीय इलाज को जरूरी बताया और इसके लिए एसआरएमएस ट्रस्ट द्वारा संचालित सेवाओं की तारीफ की। अपनी स्थापना के 23 वर्ष पूरे करने के



अवसर पर एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में मिनिमल इनवेसिव सर्जरी (दूरबीन विधि) कैंप संचालित किया जा रहा है। शुक्रवार को डीएम अविनाश सिंह ने फीता काट कर इसका उद्घाटन किया।

मेडिकल कालेज के डायरेक्टर आदित्य मूर्ति जी, मेडिकल सुपरिटेंडेंट डा.आरपी सिंह, प्रिंसिपल एयरमार्शल (सेवानिवृत्त), डा.एमएस बुटोला, डिप्टी एमएस डा.सीएम चतुर्वेदी, डीन यूजी डा.बिंदु गर्ग के साथ उन्होंने आईसीयू, कैथ लैब, माड्युलर ओटी का निरीक्षण किया और यहां उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी हासिल की। डीएम ने रोबोटिक सर्जरी और कैंसर के उपचार में विशेष रुचि दिखाई। अत्याधुनिक सुविधाओं पर संतुष्टि जताते हुए उन्होंने महंगे होते इलाज को उचित दरों पर आम लोगों तक पहुंचाने पर जोर दिया। इस पर उन्हें एसआरएमएस ट्रस्ट की ओर से आम लोगों के इलाज लिए संचालित की योजनाओं की जानकारी दी गई। निशुल्क बेड, निशुल्क दवाइयों के साथ उपचार में भी रियायती दरों के बारे में बताया गया। डीएम ने यहां मौजूद मरीजों और उनके तीमारदारों से भी बात की और यहां उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी हासिल ली। उन्होंने स्वास्थ्य क्षेत्र में प्रशासन और एसआरएमएस मेडिकल कालेज के साथ मिल कर मरीजों के लिए काम करने की पहल की। इस अवसर पर क्रिटिकल केयर इंचार्ज डा.ललित सिंह, रोबोटिक सर्जन डा.एसके सागर, हार्ट स्पेशलिस्ट डा.अमरेश अग्रवाल, कैंसर स्पेशलिस्ट डा.पियूष कुमार, ओंको गायनी सर्जन डा.मनोज कुमार टांगड़ी मौजूद रहे।

# अवैध मेडिकल स्टोर पर मारा छापा, दवाएं सीज

**बरेली, 03 जुलाई (तरूणमित्र)।** जनपद में अवैध औषधियों के क्रय विक्रय पर प्रभावी रोकथाम के मकसद से गुरुवार को थाना सीबीगंज क्षेत्र, ग्राम बल्ला कोठा स्थित बिना लाइसेंस तथा बिना नाम के संचालित मेडिकल स्टोर पर राजेश कुमार एवं अनामिका अंकुर जैन औषधि निरीक्षक द्वारा मय पुलिस बल थाना सीबीगंज द्वारा छापे की कार्यवाही की गयी।

अवैध मेडिकल स्टोर का संचालन नेकपाल पुत्र देवीलाल द्वारा किया जा रहा था । मौके पर उपस्थित व्यक्ति नेकपाल द्वारा कोई भी औषधि विक्रय लाइसेंस एवं भंडारित एलोपैथिक औषधियों के संबंध में कोई भी क्रय-विक्रय अभिलेख प्रस्तुत नहीं किए गए। मौके पर उक्त अवैध मेडिकल स्टोर में विक्रयार्थ भंडारित



लगभग 90,000/- रुपए कीमत की एलोपैथिक औषधियां नियमानुसार फॉर्म 16 पर अंकित करते हुए सीज की गई तथा 10 संदिग्ध औषधियों के नमूने नियमानुसार जांच एवं विश्लेषण हेतु संग्रहित किए गए। परीक्षण रिपोर्ट प्राप्त होने व विवेचना पूर्ण होने के पश्चात दोषी व्यक्ति के विरूद्ध सक्षम न्यायालय में परिवाद दाखिल किया जायेगा ।

# फिरोजाबाद क्लब में माथुर वैश्य मण्डलीय परिषद का स्नेह मिलन एवं सम्मान समारोह कल



**फिरोजाबाद, 03 जुलाई (तरूणमित्र)।** माथुर वैश्य मण्डलीय परिषद फिरोजाबाद द्वारा 05 जुलाई को स्नेह मिलन एवं सम्मान समारोह के आयोजन में एक प्रेस वार्ता का आयोजन फिरोजाबाद क्लब में गुरुवार को आयोजित की गयी प्रेस वार्ता के दौरान राष्ट्रीय महामंत्री सुनील कुमार गुप्ता ने बताया कि माथुर वैश्य मण्डलीय परिषद फिरोजाबाद द्वारा दिनांक 05 जुलाई दिन शनिवार को प्रात 09 बजे से शाम तक स्नेह मिलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया जायेगा। जिसमे मुख्य अथिति के रूप में पधार रहे, मुख्य चुनाव आयुक्त (भारत सरकार) ज्ञानेश कुमार का फिरोजाबाद शाखा द्वारा सम्मान किया जायेगा, वही फिरोजाबाद मण्डल की शाखा सभाओं के नव निर्वाचित पदाधिकारियो एवं प्रतिभावान छात्र-छात्राओं सहित महासभा के पदाधिकारियों और भामा शाहों का भी सम्मान किया जायेगा। उन्होंने जानकारी के दौरान बताया कि इस अवसर पर समाज के असहाय एवं दिव्यांग जनों को सहायता वितरण कार्य भी किया जायेगा।

## दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना की समय सारिणी जारी

**बदायूं, 03 जुलाई (तरुणमित्र)।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण प्रणव कुमार पाठक ने जानकारी देते हुए बताया कि वितीय वर्ष व शैक्षिक सत्र 2025-26 में अन्य पिछड़ा वर्ग (अल्पसंख्यक वर्ग को छोड़कर) के छात्र व छात्राओं हेतु दशमोत्तर छात्रवृत्ति (कक्षा 11-12 को छोड़कर) योजनान्तर्गत ऑनलाइन आवेदन से लेकर छात्रवृत्ति वितरण हेतु समय-सारिणी जारी की गयी है। उन्होंने बताया कि जनपद में स्थित नवीन शिक्षण संस्थानों द्वारा मास्टर डाटाबेस में सम्मिलित होने के लिए आवेदन करने एवं जिला समाज कल्याण अधिकारी बदायूं से पासवर्ड प्राप्त करने तथा मास्टर डाटामें पूर्व से सम्मिलित शिक्षा संस्थाओं द्वारा पाठ्यक्रम, पाठ्यक्रम का प्रकार, कुल सीटों की संख्या तथा फीस आदि का विवरण अंकित करने को 7 जुलाई से 25 नवम्बर तक की तिथि निर्धारित की गई है।

# कॉंग्रेस पार्टी ने विद्यालय बन्द किये जाने के विरोध में प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

**फिरोजाबाद, 03 जुलाई (तरूणमित्र)।** कॉग्रेस पार्टी ने जिला शहर कॉग्रेस कमेटी के सयुंक्त नेतृत्व में जोरदार विरोध प्रदर्शन कर प्रदेश की राज्यपाल के नाम सम्बोधित एक ज्ञापन मुख्यालय पर उपस्थित अधिकारी को सौपा और जिलाधिकारी और प्रदेश सरकार के विरुद्ध तीखी नारेबाजी की ।

इस अवसर जिलाध्यक्ष रामनिवास यादव एवं शहरध्यक्ष शफात खान राजू ने सयुक्त रूप से प्रदेश सरकार द्वारा पांच हजार विद्यालय बंद किये जाने का विरोध करते हुये कहा कि इससे तमाम बच्चें शिक्षा से वंचित रह जायेंगे और आने वाले समय में पढ़ें लिखें नौजवानो को शिक्षक की नौकरी भी नहीं मिलेगी ,तथा मिड डे मील में कार्यरत लोगो की नौकरी चली जायेगी, इस तरह ये आदेश पूरी तरह



जन विरोधी है। जिसका कांग्रेस पार्टी पुरजोर विरोध करके इसे तत्काल वापस लेने की मांग करती है। तथा वापस न लेने पर कठोर आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

विरोध प्रदर्शन करने वालो में हाजी सईद पटेल , धर्मसिंह यादव , मनीष द्ववेदी , हाजी नसीर अहमद , राजवीर सिंह यादव , उजमा देवी गुप्ता , प्रदीप कुमार शर्मा , जितेंद्र तिवारी , राजेश शर्मा , अब्दुल अहद , गुलाम जिलानी , डॉ बी एस गौतम , जहीर खाकसार ,शैलेन्द्र शुक्ला , लाला राइन पार्षद ,अमन द्ववेदी , डॉ आशिमा खान ,वैभव चतुवेर्दी , अजय शर्मा , धर्मेन्द्र यादव , उमर फारूक , चाँद कुरैशी , प्रतीक चतुवेर्दी, अजय शर्मा , रणवीर ठेनुआ, अनिल यादव , अजय यादव , वकार अहमद , फैजान अली , मिर्जा मजहर बेग , वकार खालिद , कमलेश जैन, मुजीब अंसारी, सरलादेवी , मोहम्मद आजम, सतीश कुमार,जयपाल यादव, रामप्रवेश यादव, सलीम अहमद , सोमेश यादव, रामसेवक वैद्ध , विराट दिवाकर, प्रीती, अयाज अहमद, अफरोज अली , खजॉची दिवाकर, अमित उपाध्याय, भूरा फारुकी, अरबाज खान, अजित कुमार , रणवीर बघेल , दीवान सिंह , नत्थूसिंह , कल्लू अंसारी , मों नाजिम , अबूजर अहमद अनीस राइन सहित सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल ने अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस मनाया

**पीलीभीत, 03 जुलाई (तरूणमित्र)।** ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल ने अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस मनाया इस कार्यक्रम के अंतर्गत सभी बच्चों को पॉलीथिन व प्लास्टिक बैग से होने वाली हानियों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। बच्चों ने नुक्कड़ नाटक क द्वारा साथी विद्यार्थियों को प्लास्टिक से होने वाले विभिन्न प्रदूषण के बारे में बताया कइसके पश्चात बच्चों ने मार्केट में जागरूकता रैली निकाल कर हर दुकान पर जा कर दुकानदार एवं वहां खड़े ग्राहकों को प्लास्टिक बैग से होने वाले नुकसान से अवगत कराया कि प्लास्टिक हमारे दैनिक जीवन के लिए तथा पर्यावरण के लिए नुकसानदायक है। पेपर बैग तथा क्लॉथ बैग का लाभ बताते हुए उन्हें क्लॉथ बैग का वितरण किया। विद्यालय के प्रबंधक देवेंद्र सिंह छाबड़ा एवं प्रधानाचार्या पूजा छाबड़ा ने जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह से भेंट की एवं उन्हें स्मृति चिन्ह एवं क्लॉथ बैग भेंट किए। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए प्लास्टिक के अत्यधिक उपयोग से पर्यावरण पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया। उन्होंने बताया कि प्लास्टिक की थैलियाँ, बोतलें एवं अन्य एकल उपयोगी प्लास्टिक उत्पाद मिट्टी, जल और वायु को प्रदूषित करते हैं, जिससे न केवल मानव जीवन बल्कि पशु-पक्षियों एवं समुद्री जीवों के अस्तित्व पर भी संकट उत्पन्न होता है।

जिलाधिकारी ने विद्यार्थियों को प्लास्टिक के विकल्पों को अपनाने जैसे कि कपड़े या जूट के थैले, स्टील या ताँबे की बोतलें, पुनः उपयोग योग्य कंटेनर आदि के प्रयोग के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने ह्यप्लास्टिक मुक्त भारतह्व के संकल्प को जीवन में अपनाने का आग्रह करते हुए सभी को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाने का संदेश दिया। तत्पश्चात कक्षा 11 के विद्यार्थियों द्वारा जिला अधिकारी के समक्ष प्लास्टिक दूर भगाओ२ नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया जिसकी सभी ने प्रशंसा की । कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या पूजा छाबड़ा ने सभी बच्चों को अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस की बधाई दी ,तथा सभी को संबोधित करते हुए कहा कि 3 जुलाई को अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का उद्देश्य सभी को प्लास्टिक की थैलियों के उपयोग से दूर रहने के लिए प्रोत्साहित करके पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना है। प्रबंधक देवेंद्र सिंह छाबड़ा ने सभी बच्चों को बताया कि अपने आसपास के लोगों, रिश्तेदारों, मित्रों, प्रियजनों को जागरूक करें, कि प्लास्टिक बैग, डिस्पोजल का प्रयोग बंद करें। तथा कपड़े, जूट व पेपर से बने थैलों का ही प्रयोग करें। जिससे कि हमारा पर्यावरण सुरक्षित रहें। इसी के साथ-साथ पर्यावरण को बचाने के लिए पेड़ अवश्य लगाएं। सभी बच्चों व शिक्षिकाओं ने शपथ ली कि प्लास्टिक बैग का उपयोग नहीं करेंगे तथा अपने परिवार, मित्रों ,सहयोगियों सभी को जागरूक किया कि पॉलिथीन तथा प्लास्टिक बैग का उपयोग ना करें कपड़े, जूट तथा पेपर बैग का ज्यादा से ज्यादा उपयोग करें। जिससे कि हमारा पर्यावरण सुरक्षित रहे, वातावरण सुरक्षित रहे और आगामी पीढ़ी पर्यावरण संबंधी समस्याओं से मुक्त रहे।

# बीडीए ने अवैध भवनों के विरूद्ध की सील बन्द की कार्यवाही

**बरेली, 03 जुलाई (तरूणमित्र)।** गुरुवार को बरेली विकास प्राधिकरण द्वारा ग्राम नरियावल शाहजहॉपुर रोड एवं ग्राम भिन्डौलया में अवैध भवनों के विरूद्ध सील बन्द की कार्यवाही की गई। बीडीए उपाध्यक्ष ने बताया कि गौरव गुप्ता पुत्र अशोक गुप्ता द्वारा ग्राम नरियावल शाहजहॉपुर रोड पर बिना मानचित्र स्वीकृत कराये आवासीय भवन निर्माण कार्य कराया जा रहा था।

इसी तरह आमिर खॉन द्वारा द्वारा ग्राम नरियावल शाहजहॉपुर रोड पर बिना मानचित्र स्वीकृत कराये व्यवसायिक भवन का निर्माण कार्य कराया जा रहा था। अशरफ हुसैन पुत्र बरकत हुसैन द्वारा ग्राम भिन्डौलिया में बिना मानचित्र स्वीकृत कराये आवासीय भवन निर्माण कार्य कराया जा रहा था। उपरोक्त स्थलों पर बिना विकास प्राधिकरण की स्वीकृति के अनधिकृत निर्माण कराये जाने पर उ0प्र0 नगर योजना एवं विकास अधिनियम 1973 की सुसंगत धाराओं के



अन्तर्गत कार्यवाही करते हुए दीपक कुमार, संयुक्त सचिव, ब0वि0प्रा0, अवर अभियन्तागण अजीत कुमार साहनी, संजीव कुमार, सीताराम एवं प्रवर्तन टीम द्वारा उक्त अवैध भवनों को सील बन्द किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### दिव्यांग छात्र अजीम को किया सम्मानित

**बदायूं, 03 जुलाई (तरुणमित्र)।** गुरुवार को दिव्यांग एकता संगठन समिति की बैठक मालवीय आवास गृह में आयोजित की गई। इस अवसर पर समाजसेवी मौलाना अफरोज और दिव्यांग एकता संगठन समिति के अध्यक्ष सदाकत खान ने नीट परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले ककराला के दिव्यांग छात्र अजीम मुश्शान को फूल माला पहनाकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि यह सम्मान न केवल अजीम मुश्शान की मेहनत और लगन को मान्यता देने का



प्रतीक है, बल्कि समाज में दिव्यांगजनों की क्षमताओं और उपलब्धियों को भी उजागर करता है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने अजीम की सफलता पर गर्व व्यक्त किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### खेलते समय मासूम की मौत

**फिरोजाबाद, 03 जुलाई (तरूणमित्र)।** टूण्डला थाना क्षेत्र के गाँव नागउ मे गुरुबार की दोपहर एक 3 वर्षीय बालक की खेलते समय पानी के छोटे ड्रम में गिरकर अचेत हो जाने पर परिजन उसे सरकारी ट्रामा सेंटर लेकर आये जहाँ ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया परिजन उसके शव को लेकर घर चले गये टूण्डला के नागउ में गुरुबार की दोपहर उस समय हड़कम्प मच गया जब नीरज का 3 वर्षीय पुत्र भरत अपने बाबा रामसहाय के पास खेलते -खेलते अचानक घर मे रखे एक छोटे ड्रम में गिर गया। बताया गया कि उस ड्रम में थोड़ा पानी भरा हुआ था। जिसमे भरत मुँह के बल उल्टा उसमे गिर गया। कुछ देर बाद परिजनों की निगाह उस ड्रम की तरफ गयी तो देखा बालक उस ड्रम में अचेत पड़ा हुआ था। परिजन आनन -फानन में उसे सरकारी ट्रामा सेंटर लेकर आये, जहाँ चिकित्सक ने उसे परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। मौत की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया, और शव को लेकर घर चले गये। वही बाबा रामसहाय का रो -रो कर बुरा हाल था।

### अलग-अलग स्थानों पर ट्रेन से कटकर दो लोगों की मौत

**फिरोजाबाद, 03 जुलाई (तरूणमित्र)।** जनपद के दो अलग-अलग थाना क्षेत्र के अंतर्गत दो लोगों की ट्रेन से कटकर मौत हो गई पुलिस दोनों के शवों को अज्ञात के रूप में पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लेकर आई है फिरोजाबाद नगर के जीआरपी क्षेत्र लेबर कॉलोनी ओवर ब्रिज के समीप गुरुवार की प्रात एक युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई ,सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसकी पहचान कराने का प्रयास किया। परंतु पहचान नहीं हो सकी। पुलिस अज्ञात के रूप में शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लेकर आई है, पुलिस के अनुसार मृतक की आयु लगभग 19 वर्ष बताई गई है, वहीं थाना रसूलपुर क्षेत्र के गांव मोढ़ा के समीप रेलवे लाइन पार करते समय एक युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई, मौके पर काफी भीड़ एकत्रित हो गई। इधर सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर उसकी पहचान कराने का प्रयास किया ,परंतु पहचान नहीं हो सकी ,पुलिस अज्ञात के रूप में शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लेकर आई है ,पुलिस के अनुसार मृतक की आयु लगभग 35 वर्ष बताई गई है। पुलिस ने दोनों के शवों को पोस्टमार्टम गृह में रखवा दिया है।

# मुठभेड़ में मारे गये इनामी बदमाश की मजिस्ट्रेटी जांच शुरू

**फिरोजाबाद, 03 जुलाई (तरूणमित्र)।** 12 दिन पूर्व मुठभेड़ के दौरान मारे गये इनामिया बदमाश की मजिस्ट्रेटी जाँच शुरू हो गयी है मजिस्ट्रेट ने लोगो से अनुरोध किया है कि जिन लोगो को उपरोक्त घटना के सम्बन्ध में जानकारी हो वह अपने बयान अथवा साक्ष्य प्रस्तुत करना चाहते हो वह 10 दिन के भीतर किसी भी कार्य दिवस में उनके कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है गौरतलब है, कि दिनांक 20 जून 2025 को पुलिस मुठभेड़ के दौरान 50 हजार रु का इनामिया बदमाश राजू खान पुत्र कल्लू खान उर्फ धर्मेन्द्र निवासी रैपुरा थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद हाल निवासी किराये का मकान वी0 के0 पुरम शंकरगढ़ की पुलिया शाहगंज जिला आगरा को पुलिस मुठभेड़ के दौरान घायल अवस्था मे गिरफ्तार किया था। जिसे पुलिस अभिरक्षा में उपचार के लिये जिला अस्पताल भेजा गया, जहॉ ड्यूटी पर तैनात डॉक्टरों द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित ने अवगत कराते हुए कहा है, कि उक्त घटना के सम्बंध में थाना शिकोहाबाद में धारा एक्ट में मुकदमा दर्ज है। जिसकी मजिस्ट्रेटी जाँच शुरू हो गयी है।

## ट्रैक्टर और ऑटो की भिड़ंत में युवती की मौत

**फिरोजाबाद, 03 जुलाई (तरूणमित्र)।** थाना सिरसागंज के करहल चौराहे के समीप गुरुवार की प्रातः ऑटो और ट्रैक्टर की भिड़ंत हो गई जिसमें आटो में सवार एक युवती की मौत हो गई पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लेकर आई हैजनपद मैनपुरी के थाना करहल क्षेत्र के गांव खेड़ा महान निवासी 20 वर्षीय प्रियंका पुत्री ज्ञान सिंह गुरुवार की प्रातः ऑटो में सवार होकर शिकोहाबाद दवा लेने जा रही थी, तभी रास्ते में थाना सिरसागंज के करहल चौराहे के समीप एक असंतुलित ट्रैक्टर ने आटो में टक्कर मार दी, जिसके फल स्वरुप उसमें सवार प्रियंका की घटना स्थल पर ही मौत हो गई ।

# कैंप लगाकर फर्जी तरीके से आधार नामांकन का कार्य करने वालों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज

**बिजनौर, 03 जुलाई (तरूणमित्र)।** जिलाधिकारी जसजीत कौर के निर्देशों के अनुपालन में अपर जिलाधिकारी प्रशासन विनय कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय आधार अनुश्रवण समिति की बैठक महात्मा विदुर सभागार, कलक्ट्रेट, बिजनौर में आयोजित की गयी। अपर जिलाधिकारी श्री सिंह ने कैंप लगाकर फर्जी तरीके से आधार नामांकन का कार्य करने वालों के विरुद्ध अर्थ दंड एवं एफआईआर दर्ज कराकर कड़ी दंडात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जिन केंद्रों पर शासन द्वारा निर्धारित शुल्क से अधिक धनराशि वसूल की जा रही है, उनकी जांच कर उस पर अंकुश लगाने के लिए संचालकों से शासन आदेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए और पुनःवृत्ति होने पर केंद्र का लाइसेंस निरस्त करते हुए संचालक के विरुद्ध कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं का लाभ लेने के लिए तथा अन्य कार्यों में आधार कार्ड की अनिवार्यता एवं उपयोगिता के दृष्टिगत उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि आधार कार्ड बनाने के लिये नम्बर आफ यूनिट के आधार पर अधिक पेंन्डिसी वाले स्थानों को चिन्हित करते हुए ब्लॉक स्तर एवं नगर पालिका अंतर्गत कॉमन सर्विस सेंटर खोलना सुनिश्चित करें। उन्होंने आधार से संबंधित सभी विभागीय अधिकारयों को निर्देश दिए कि अपनी आधार किट को जल्द से जल्द क्रियाशील कराना सुनिश्चित करें तथा इस प्रक्रिया को ससमय अवश्य पूरा कर लें, जिससे की जिले के शत प्रतिशत लोगों को आधार सुविधा उपलब्ध हो सके। उन्होंने आधार बनाने एवं अपडेट करने वाले विभागों को निर्देश दिये कि ई-केवाईसी सहित सभी प्रोपर डाक्यूमेंटेशन के साथ आधार बनाये जाना सुनिश्चित करें।

# प्राइमरी एवं जूनियर विद्यालयों को मर्ज करने के निर्णय का जताया विरोध

**बरेली, 03 जुलाई (तरूणमित्र)।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर जिला एवं महानगर कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वाधान में उत्तर प्रदेश की सरकार द्वारा 5000 प्राइमरी एवं जूनियर विद्यालय को मर्ज करने का निर्णय लिया है, उसके विरोध में राज्यपाल को संबोधित एक ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौपा। ज्ञापन को प्रदेश प्रवक्ता, पूर्व महापौर प्रत्याशी गुरु जी डॉ के० बी० त्रिपाठी ने पढ़कर सुनाया। ज्ञापन से पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मिर्जा अशफाक सकलैनी एवं महानगर कांग्रेस के अध्यक्ष दिनेश दद्दा एडवोकेट के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेस जन चौकी चौराहा स्थित सेठ दामोदर स्वरूप पार्क पर इकट्ठा हुए और वहां पर जोरदार प्रदर्शन किया और उसके बाद सभी कांग्रेस जन जोरदार नारीबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे कलेक्ट गेट पर भी जोरदार नारेबाजी की उसके बाद नगर मजिस्ट्रेट को महामहिम राज्यपाल महोदय जी को संबोधित ज्ञापन सौपा। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मिर्जा अशफाक सकलैनी ने उपस्थित कांग्रेस जनों को संबोधित करते हुए कहा कि अभी हाल ही में उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार ने 5000 प्राइमरी एवं जूनियर विद्यालयो को मर्ज करने का जो निर्णय लिया है यह युवा, छात्र एवं बेरोजगार विरोधी निर्णय, इसका व्यापक दुष्परिणाम सुदूर गांवो के बच्चों पर पड़ेगा।

जिनको दूसरे गांव में शिक्षा ग्रहण करने जाना पड़ेगा। उनको तरह-तरह की परेशानियां आयेंगी। महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दिनेश दद्दा एडवोकेट ने कहा गरीब और मजदूर पेशा लोगों को अपने बच्चों को लेकर दूसरे गांवो में जाना पड़ेगा और फिर



वापस छुट्टी के समय वहां से लाना पड़ेगा, जिस कारण उनको अपनी मजदूरी पर जाने के लिए परेशानी आएगी। साथ ही खराब रास्तों से भी जूझना पड़ेगा। इस निर्णय को तुरंत ही वापस लेना चाहिए। प्रदेश प्रवक्ता ,पूर्व महापौर प्रत्याशी गुरु जी डॉ के० बी० त्रिपाठी ने कहा इतनी बड़ी संख्या में स्कूलों के बंद हो जाने के कारण जो लोग मिड डे मील के तहत स्कूलों में खाना बनाते थे वह भी बड़ी संख्या में बेरोजगार हो जाएंगे।

साथ ही बी० एड० और बीटीसी की डिग्री लिए युवाओं के लिए नौकरी की दिक्कतें खड़ी हो जाएगी। मुख्य रूप से उपाध्यक्ष कृष्णकांत शर्मा प्रवक्ता राजन उपाध्याय , उपाध्यक्ष जिया उर रहमान , युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष साहब सिंह, मुजम्मिल रजा खान एडवोकेट ,नजमी खान जोया, अंशिका रस्तोगी, डॉक्टर सरताज हुसैन नूरी, रमेश श्रीवास्तव, रियाज उल प्रधान, तीरथ कुमार, कमरुद्दीन सैफी, आशीष कुमार, विनोद कुमार ,मोबिन कुरैशी, सुरेश वाल्मीकि, मुकेश वाल्मीकि, शाहिद अली ,मनोज शर्मा ,प्रवीण मिश्रा, ज्ञानेश जायसवाल, योगेश जायसवाल, युसूफ सैफी, युसूफ नन्हे, निधि शर्मा ,मोहम्मद फराज मंसूरी, श्याम स्वरूप ,सफदर अली बुखारी, महेंद्र पाल, प्रवीण उपाध्याय, आर बी सिंह प्रजापति, देवेंद्र प्रकाश श्रीवास्तव ,मोहम्मद रेहान बशीरी , शाकिर सकलानी, पूनम दीप सिंह मोबिन अंसारी एडवोकेट, इमरान रजा एडवोकेट आदि उपस्थित रहे ।

# नवजात बच्चों के परिजनों को भेंट किए ग्रीन गोल्ड सर्टिकिकेट व दो पौधे

**बरेली, 03 जुलाई (तरूणमित्र)।** बरेली वन प्रभाग के अन्तर्गत वन महोत्सव के अवसर पर महिला जिला अस्पताल में जन्म लेने वाले नवजात बच्चों के परिजनों को ग्रीन गोल्ड सर्टिकिकेट व 02 पौधे भेंट स्वरूप दिये गये। जिला महिला अस्पताल में जन्म लेने वाले 04 बच्चों के परिजनों को पी0पी0 सिंह मुख्य वन संरक्षक रूहेलखण्ड जोन व दीक्षा भण्डारी प्रभागीय वनाधिकारी बरेली द्वारा ग्रीन गोल्ड सर्टिफिकेट व 1-1 पौधा सहजन व 1-1 पौधा सागौन का भेंट दिया गया।

यह पौधे बच्चों के स्वास्थ्य एवं अर्थिक सुदृढता को प्रतीक होगें। 'यह पौधा न केवल पर्यावरण के संरक्षण में योगदान देगा, बल्कि बच्चों के साथ-साथ यह भी पनपेगा और भविष्य में उनके लिए एक आर्थिक संपत्ति के




रूप में कार्य करेगा।

उक्त के अतिरिक्त ग्राम भरतौल के निकट भरतौल पौधषाला के समीप पौधारोपण किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में हरेन्द्र पटेल ब्लॉक प्रमुख बिथरी चैनपुर द्वारा पौधारोपण किया गया दिया। कार्यक्रम में कुल 400 पौधों का रोपण किया गया जिसमें मुख्य रूप से बरगद,गुलमोहर, सागौन आदि पौधे लगाये गये। कार्यक्रम में वैभव चैधरी क्षेत्रीय वनाधिकारी बरेली एवं अन्य ग्रामवासी उपस्थित रहें। इसी क्रम में बहेडी रेंज के अन्तर्गत बरेली काठगोदाम रेल मार्ग किमी 28-29 तक क्षेत्र में मुख्य अतिथि रष्मि जायसवाल नगर पालिका अध्यक्ष बहेडी द्वारा पौधारोपण किया गया।

कार्यक्रम में कुल 150 पौधे रोपित किये गये।

# डीएम ने किया भारतीय परिधानों पर आधारित ब्यूटी कॉन्टेस्ट का शुभारम्भ

## भारतीय परिधान हमारी सभ्यता एवं संस्कृति की पहचान है : डीएम

आजमगढ़ , 03 जुलाई (तरूणमित्र)। जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने हरिऔध कला केंद्र आजमगढ़ में भारतीय वेशभूषा एवं परिधानों पर आयोजित ब्यूटी कॉन्टेस्ट के आयोजन का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया। जिलाधिकारी ने कहा कि आज लोगों ने अच्छे वस्त्रों/परिधानों को पहनना आधुनिकता का प्रतीक/पहचान मान है। उन्होंने कहा कि जब भी हम भारतीय संस्कृति के वेशभूषा के परिधान पर आधारित इस प्रकार का ब्यूटी कॉन्टेस्ट देखते हैं तो हमें अपनी संस्कृति याद आती है। उन्होंने कहा कि अभी जो राजस्थानी परिधानों का कैट वॉक जब राजस्थानी गानों के बीच किया गया, तो सभी को लगा होगा कि हम राजस्थान/कोटा में हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि भारत के विभिन्न प्रदेशों में विविध प्रकार के परिधान पहने जाते हैं। जैसे पंजाब में पुरुष कुर्ता पजामा, महिलाएं सलवार सूट पहनती हैं, असम जाए तो धोती/शर्ट और गमछा तथा महिलाएं साड़ियां पहनती है।

उन्होंने कहा कि ये परिधान हमें बतौर संस्कृति की याद दिलाता है कि हमारी सभ्यता और संस्कृति वहां के मौसम के आधार पर, वहां की परिस्थितियों के आधार पर बिल्कुल स्वास्थ्य के अनुसार सूट करता है। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में लोग टाई सूट, बंद गला का कपड़ा पहनते हैं,



यह हमें सूट नहीं करता है, यह यूरोप में सूट करता है, जहां हमेशा तापमान कम रहता है। उन्होंने कहा कि हमारे जो वस्त्र और परिधान बने हैं, वह हजारों वर्षों में रिवॉल्व हुआ है, वह यहां के वातावरण, काम करने की पद्धति एवं स्वास्थ्य के बहुत अनुकूल है।

उन्होंने कहा कि इसलिए लोगों को अपनी पुरानी संस्कृति को उजागर करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इसको उजागर करने से हमें गर्व महसूस होना चाहिए है। उन्होंने कहा कि इसके जो भी प्रतिभागी हैं, जो यहां जीतेंगे, उन्हें प्रदेश स्तर, राष्ट्रीय स्तर और उससे भी ऊपर जाने का मौका मिल सकता है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से गांव स्तर से निकलकर ऊपर जाने का अवसर प्राप्त होता है।उन्होंने कहा कि प्रियंका चोपड़ा, सुष्मिता सेन एवं अन्य लोगों ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिस इंडिया मिस यूनिवर्स विजेता हुए हैं वह वह प्रदेश और राष्ट्र के अस्तर से ऊपर उठे हैं। उन्होंने कहा कि इसका दूसरा सबसे बड़ा फायदा यह है कि इस प्रकार के कॉन्टेस्ट में भाग लेने वाले प्रतिभागी हमेशा अपने आप को फिट और स्वस्थ रखते हैं। इसके साथ ही जिला अधिकारी ने सभी को हार्दिक बधाई हो शुभकामनाएं दी।

## जलेसर में 5 को डीएम करेंगे जनसुनवाई

एटा, 03 जुलाई (तरूणमित्र)। शासन की मंशानुसार जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु 5 जुलाई (शनिवार) को प्रातः 10 से दोपहर 2 बजे तक तीनों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया जाएगा। निर्धारित रोस्टर के अनुसार जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह तहसील जलेसर, एडीएम वित्त एवं राजस्व लालता प्रसाद शाक्य अलीगंज तथा एडीएम प्रशासन सत्य प्रकाश तहसील एटा में जनसुनवाई करेंगे। जलेसर में सभी जिला स्तरीय अधिकारी भी मौजूद रहेंगे।

# अखिलेश के जन्मदिन पर लगे होर्डिंग्स फाड़े

- एसएसपी कार्यालय पहुंचकर जांच कर कार्रवाई की उठाई मांग

एटा, 03 जुलाई (तरूणमित्र)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्मदिवस पर लगाए गए होर्डिंग्स को कुछ लोगों द्वारा क्षतिग्रस्त किए जाने का मामला सामने आया है। इस घटना के विरोध में सपा कार्यकर्ता भारी संख्या में धरना स्थल पर एकत्रित हुए।

सपा जिला अध्यक्ष परवेज जुबैरी के नेतृत्व में कार्यकताओं ने एसएसपी श्याम नारायण सिंह को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि अलीगंज विधान सभा क्षेत्र के धुमरी और जैथरा में लगाए गए बैनर और पोस्टरों को नुकसान पहुंचाया गया है। कार्यकताओं ने क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

जिला अध्यक्ष परवेज जुबैरी ने बताया कि 1 जुलाई 2025 को पार्टी कार्यकर्ताओं ने अखिलेश यादव का जन्मदिन पूरे जनपद में धूमधाम से मनाया था। इस दौरान लगाए गए बैनर और पोस्टरों को कुछ असमाजिक तत्वों ने नष्ट कर दिया। ज्ञापन देने वालों में रामब्रजेश प्रधान, अवनीश यादव, ब्रजेश कुमार यादव और शिवपाल सिंह शामिल थे।

# मोहर्रम जुलूस की रोशन चौकियों को उठाने में अब हाईड्रोलिक लिफ्ट का सहारा

अमरोहा, 03 जुलाई (तरूणमित्र)। अमरोहा में मोहर्रम के मौके पर हर साल निकलने वाला ऐतिहासिक जुलूस अपने अनुशासन, अकीदत और तहजीब के लिए जाना जाता है। इस बार जुलूस में एक नई पहल देखने को मिली, जब तंग गलियों और भीड़भाड़ वाले बाजारों से रोशन चौकी को आसानी से निकालने के लिए हाईड्रोलिक लिफ्ट का इस्तेमाल किया गया।

यह रोशन चौकियां, जिनका वजन 800 से 1000 किलो तक होता है, पहले सैकड़ों अकीदतमंदों द्वारा उठाई जाती थीं। लेकिन समय के साथ शहर की गलियां और बाजार संकरे होते गए हैं, जिससे इन तबरुर्कात को निकालने में कठिनाई होती थी। इस समस्या को



देखते हुए एक स्थानीय लिफ्ट निमार्ता कंपनी ने विशेष रूप से इन चौकियों के लिए कस्टम हाईड्रोलिक लिफ्ट तैयार की। हाईड्रोलिक सिस्टम की मदद से अब चौकी को ऊंचा उठाकर आसानी से गलियों से निकाला जा सकता है, जिससे न केवल समय की बचत हो रही है, बल्कि जुलूस में शामिल लोगों को भी सहूलियत मिल रही है। अकीदतमंदों ने इस आधुनिक तकनीक को सराहा और इसे ईमानदारी और सहूलियत का संगम बताया। शहर में शांति, सौहार्द और भाईचारे के साथ यह जुलूस निकला, जिसमें मातम, नौहा, सजा-दारी और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला।

## अमरोहा-बिजनौर बायपास पर लगीं नई लाइटें, नगर पालिका ने बढ़ाई शहर की शोभा

अमरोहा, 03 जुलाई (तरूणमित्र)। नगर पालिका अमरोहा द्वारा अमरोहा-बिजनौर बायपास पर सड़क के दोनों ओर आकर्षक छएऊ लाइटों का निर्माण कराया गया है, जिन पर अमरोहा नगर पालिका अंकित है। यह पहल शहर की सुंदरता और रात्रिकालीन सुरक्षा दोनों के लिहाज से महत्वपूर्ण मानी जा रही है। इस कार्य को नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती शशि जैन और अधिशासी अधिकारी डॉ. बृजेश कुमार के कुशल नेतृत्व में अंजाम दिया गया। स्थानीय नागरिकों ने इस कार्य की सराहना करते हुए इसे शहर के सौंदर्यीकरण की दिशा में एक सराहनीय कदम बताया है।

# कर्बला की जंग अन्याय के खिलाफ संघर्ष का प्रतीक

फतेहपुर, 03 जुलाई (तरूणमित्र)। इस्लामी कैलेंडर के अनुसार वर्ष के पहले महीने मोहर्रम का चांद देखते ही उन बेगुनाह शहीदों की याद आ जाती है जिन्हें अरब देश के क्रूर एवं अहंकारी तथा आतंकवाद के जन्म दाता शासक यजीद द्वारा कर्बला नामक स्थान पर घेर कर कई रोज का भूखा प्यासा रखकर बड़ी बेदर्दी से शहीद किया था कर्बला की त्रासदी मानव इतिहास की एक अद्वितीय घटना है जहां यजीद नामक अरब देश का शासक अपनी क्रूरता के कारण भय और नफरत फैलाकर लोगों पर राज करता था दूसरी ओर मोहम्मद साहब के नाती हजरत हुसैन अमन पसन्द, इंसानियत एवं आपसी भाईचारे के पक्षधर थे यजीद द्वारा इमाम हुसैन के सामने एक पेशकश रखी गई कि मेरे द्वारा किये जा रहे कार्यों का समर्थन



करो अन्यथा अंजाम भुगतने के लिए तैयार रहो इमाम हुसैन ने यजीद की इस पेशकश को यह कहकर ठुकरा दिया कि मुझ जैसा तुझ जैसे व्यक्ति का समर्थन नहीं कर सकता मैं केवल अच्छे मूल्यों का प्रसार करना और बुराई को रोकना चाहता हूं परिणाम स्वरूप यजीद के आदेशानुसार उसके लोगों द्वारा इमाम हुसैन और उनके परिवार पर अकथनीय अत्याचार किये जाने लगे तथा कर्बला नामक स्थान पर नहरे फुरात के करीब इस बहत्तर के कारवां जिसमें हजरत हुसैन के 6 माह का बच्चा अली असगर एवं 4 वर्षीय पुत्री बीबी सकीना तथा 85 वर्षीय बचपन के दोस्त हबीब को चिलचिलाती धूप और तपती रेत पर कई रोज का भूखा प्यासा रखकर लाखों फौजियों ने 10 अक्टूबर 680 ई0 को बड़ी बेदर्दी से शहीद कर दिया उन बेगुनाहों की याद प्रत्येक वर्ष मोहर्रम का चांद देखते ही गम के माहौल में मनाई जाती है उपरोक्त जानकारी देते हुए वरिष्ठ समाज सेवी एवं शायरे अहलेबैत सैय्यद जफर नकवी फतेहपुरी ने बताया कि इमाम हुसैन की शहादत के बाद महिलाओं, तथा बच्चियों को रेगिस्तानी रेत पर नंगे पैर कर्बला से कूफा तथा कूफे से दमिश्क तक बंधक बनाकर चलाया गया एवं महिलाओं तथा बच्चों पर जघन्य अत्याचार कर कैद खाने में डाल दिया गया जहां हजरत हुसैन की पुत्री बीबी सकीना ने बाप की याद में दम तोड़ दिया कर्बला अन्याय के खिलाफ संघर्ष का प्रतीक है कर्बला के शहीदों ने यह साबित कर दिया कि संख्या चाहे कितनी भी कम क्यों ना हो अंततः सत्य और न्याय की जीत होती है हजरत इमाम हुसैन चौदह सौ वर्ष पूर्व शहीद हुए थे लेकिन उनकी अविनाशी आत्मा आज भी किसी मुल्क नहीं बल्कि लोगों के दिलों पर राज करती है।

# एडीजी ने कांवड़ यात्रा के संबंध में की कानून व्यवस्था की बैठक

सहारनपुर, 03 जुलाई (तरूणमित्र)। अपर पुलिस महानिदेशक भानू भास्कर की अध्यक्षता एवं मंडलायुक्त अटल कुमार राय, पुलिस उप महानिरीक्षक सहारनपुर अभिषेक सिंह, उप महानिरीक्षक मेरठ कलानिधि नैथानी, जिलाधिकारी सहारनपुर मनीष बंसल, जिलाधिकारी मुजफ्फरनगर उमेश मिश्रा की उपस्थिति में सर्किट हाउस सभागार में कांवड यात्रा के पर्व पर कानून व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ अन्तर्राज्यीय एवं अन्तर्जनपदीय समन्वय बैठक की गयी।

बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर आशीष तिवारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुजफ्फरनगर संजय कुमार वर्मा एवं पुलिस अधीक्षक शामली रामसेवक गौतम ने पीपीटी के माध्यम से अपने-अपने जनपद में कांवड़ यात्रा को बेहतर करने के लिए कार्ययोजना दिखाई। इसके अतिरिक्त हरियाणा एवं उत्तराखण्ड के विभिन्न जनपदों से आए वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने भी अपने सुझाव साझा किए। इसके साथ ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मेरठ विपिन ताड़ा, एसपी हापुड़ ज्ञानंजय सिंह, डीसी सोनीपत सहित अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी वर्चुअल माध्यम से बैठक से जुड़े।

श्री भानू भास्कर ने कहा कि कांवड़ यात्रा एक धार्मिक त्यौहार है। यह आस्था का पर्व है। उन्होने कहा कि कांवड़ यात्रा को सफल एवं बेहतर बनाने के लिए यह अन्तर्राज्यीय एवं अन्तर्जनपदीय समन्वय बैठक की गई है। इसका उद्देश्य सर्वप्रथम सुरक्षा बनाए रखना है। इसके लिए पुलिस एवं प्रशासन सतर्कता से कार्य करे यह बहुत जरूरी है। इस सतर्कता के अन्तर्गत शिवभक्तों द्वारा एक पहचान पत्र रखना आवश्यक है। पुलिस द्वारा निरंतर वैरीफिकेशन और चैकिंग करना आवश्यक है। कांवड यात्रा के दौरान बेहतर यातायात प्रबंधन के लिए समन्वय तथा आपातकालीन स्थिति के लिए कंटीजेंसी रूट एवं प्लानिंग भी जरूरी है। आपस में कम्यूनिकेशन बना रहे इसके लिए कम्यूनिकेशन प्लान बनाया जाए। त्वरित रूप से सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए व्हाटसएप ग्रुप बनाया जाए। शिवभक्तों को कोई असुविधा न हो उसके लिए सरल शब्दों में बडे पोस्टर, बैनर, साइनेज लगाकर जानकारी दी जाए। अन्तर्राज्जीय बोर्डर पर संयुक्त टीमें नियुक्त होकर कार्य करेंगी। कन्ट्रोल रूम में भी संयुक्त टीमें रहेंगी।

अपर पुलिस महानिदेशक ने किसी भी स्थिति से निपटने हेतु स्वास्थ्य एवं विद्युत व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाए रखने के लिए इसका आकस्मिक प्लान भी बनाने के लिए कहा। उन्होने कहा कि धर्मगुरू इस यात्रा को सफल बनाने के लिए आमजनों से अपील भी प्रसारित कर पुलिस और प्रशासन का सहयोग करें। इस संबंध में क्या किया जाए और क्या न किया जाए यह भी जारी किया जाए। उन्होने प्रबंधन के तरीकों को बताते हुए कहा कि निरंतर अनाउंसमेंट के द्वारा बेहतर प्रबंधन किया जाए। उन्होने डीजे की ऊंचाई अधिकतम 10 फीट तथा चौड़ाई गाडी से ज्यादा न हो। उन्होने ध्वनि के लिए माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों का अनुपालन कराने की बात कही।

## नहर में गिरकर युवक की मौत

फतेहपुर, 03 जुलाई (तरूणमित्र)। बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम डेहरी में गुरूवार की सुबह नहरिया की पुलिया पर बैठा 45 वर्षीय युवक अचानक नहर में गिर गया। जिसे उपचार के लिए सीएचसी लाया गया जहां से उसे सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

जानकारी के अनुसार डेहरी गांव निवासी वीरेन्द्र पटेल का पुत्र जेम्स पटेल गुरूवार की सुबह लगभग सात बजे गांव के समीप स्थित नहर पुलिया पर बैठा था तभी अचानक सिर के बल वह नहर में गिर गया। पानी के नीचे पत्थर होने के कारण सिर में गंभीर चोट आ गई। आस-पास के लोगों ने उसे नहर से निकाल बिंदकी सीएचसी पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने उसे सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव फईमुद्दीन का जोरदार स्वागत

## सपा अल्पसंख्यक सभा के कैंप कार्यालय पर हुआ आयोजन

एटा, 03 जुलाई (तरूणमित्र)। समाजवादी पार्टी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के नवनियुक्त प्रदेश सचिव फईमुद्दीन वारसी का भव्य स्वागत समारोह गांधी मार्केट स्थित समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक सभा के कैंप कार्यालय पर आयोजित किया गया।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। जैसे ही फईमुद्दीन वारसी कैंप कार्यालय पहुंचे, कार्यकताओं ने जोरदार नारेबाजी के साथ फूलमालाएं पहनाकर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

स्वागत समारोह की अध्यक्षता



अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष इंजीनियर नूर मोहम्मद खान ने की। उन्होंने फईमुद्दीन वारसी को नई जिम्मेदारी के लिए बधाई देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व से पार्टी को पिछड़ा वर्ग के बीच मजबूती मिलेगी।

समारोह में रामसेवक बघेल, राहुल यादव, मनोज भारद्वाज, अनुज शर्मा, साबिर खान, रत्नेश यादव सहित अन्य समाजवादी नेताओं की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

फईमुद्दीन वारसी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे पार्टी नेतृत्व के विश्वास पर खरा उतरने का हर संभव प्रयास करेंगे और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करेंगे।

## खाद को ले किसानों में मचा हाहाकार, भंडार केन्द्र पर लंबी लाइन

कांधला , 03 जुलाई (तरूणमित्र)। किसानों के सामने खाद को लेकर भारी समस्या खड़ी हुई है। खाद भंडार खुलने से पहले ही किसानों की लंबी लाइन लग जाती है।

किसानों को गन्ने और धान की फसल के लिए यूरिया, डीएपी, एनपीके खादों की बहुत आवश्यकता हो रही है। समय पर खाद ना मिलने से किसान अपनी फसलों को ठीक प्रकार से तैयार नहीं कर पा रहे है। किसानों को खाद की आपूर्ति ना होने को लेकर फसलों की चिंता सता रही है। क्षेत्र के गांव जसाला स्थित सोसायटी में बीते गुरुवार को खाद दिया जाना था। सोसायटी खुलने से पहले ही सैकड़ों की संख्या में किसान सोसायटी गेट पर पहुंचकर खड़े हो गए।

# डीएम की अध्यक्षता में जिला स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित

मुजफ्फरनगर, 03 जुलाई (तरूणमित्र)। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा०) के अन्तर्गत जिलाधिकारी उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में जिला स्वच्छता समिति की बैठक विकास भवन, सभागार में आयोजित की गयी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षकं, जिला सूचना अधिकारी, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, समस्त सहायक विकास अधिकारी (पं०), जिला कन्सलटेन्ट, जिला परियोजना प्रबन्धक व अन्य उपस्थित रहे। जिलाधिकारी द्वारा समस्त खण्ड विकास अधिकारी व सहायक विकास अधिकारी (पं०)



सभी पात्र व्यक्तियो का चयन कर व्यक्तिगत शौचालय निर्माण मानक अनुसार कराने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही निर्देशित किया कि किसी भी दशा में अपात्र व्यक्ति का चयन न किया जाये। द्वारा समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि ग्राम पंचायतों में ई-रिक्शा व आर०आर०सी० के माध्यम से कूडे का समुचित प्रबन्धन किया जाये एवं जिन ग्राम पंचायतों में आर०आर०सी० निर्माण हेतु भूमि उपलब्ध नहीं है, वहाँ के ग्राम प्रधान, लेखपाल, कानूनगो व सम्बन्धित तहसीलदार के साथ बैठक करायी जाये।

# राजस्थान लौट रही बस दुर्घटनाग्रस्त, कानपुर टीम का गुडवर्क

कानपुर नगर , 03 जुलाई (तरूणमित्र)। गुरुवार सुबह कानपुर नगर में उस समय हलचल मच गई जब एक यात्री बस अचानक हाईवे पर डिवाइडर से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। राजस्थान के बूंदी से चली यह बस नेपाल के पशुपतिनाथ मंदिर और प्रयागराज होकर वापस लौट रही थी। हादसे के वक्त बस में 42 यात्री सवार थे। जैसे ही घटना की जानकारी जिलाधिकारी कानपुर जितेन्द्र प्रताप सिंह को मिली, उन्होंने बिना समय गंवाए पूरी प्रशासनिक मशीनरी को सक्रिय कर दिया। न केवल घायलों को अस्पताल भिजवाया गया, बल्कि सभी यात्रियों को हर संभव सहायता पहुंचाकर सुरक्षित गंतव्य की ओर रवाना भी किया गया। आरटीओ प्रवर्तन कानपुर राहुल श्रीवास्तव ने बताया कि जैसे ही उन्हें सुबह उक्त हादसे की जानकारी मिली तो उन्होंने शीघ्र ही अपनी प्रवर्तन टीम को दुर्घटनास्थल की ओर रवाना किया और निरंतर स्थानीय प्रशासन के साथ तालमेल बनाते हुए फीडबैक लेते रहे।

एआरटीओ प्रवर्तन कहकशां के




- नेपाल के पशुपतिनाथ व प्रयागराज होकर वापस लौट रही थी बस
- डीएम कानपुर ने कराई वैकल्पिक बस की व्यवस्था, यात्री हुए सकुशल रवाना
- डीएम बूंदी ने त्वरित सहयोग के लिए जिला प्रशासन कानपुर का जताया आभार
- आरटीओ प्रवर्तन कानपुर ने लिया त्वरित संज्ञान, एआरटीओ ने संभाला मोर्चा

मुताबिक बस संख्या एमपी 70जेडबी9876 के ड्राइवर को अचानक नींद आ जाने के कारण बस हाईवे पर डिवाइडर से टकरा गई, जिससे उसका टायर फट गया। सौभाग्यवश किसी को गंभीर चोट नहीं आई, लेकिन चालक और परिचालक को हल्की चोटें आईं जिन्हें पीआरवी 4707 द्वारा तत्काल एंबुलेंस से काशीराम अस्पताल रामादेवी भिजवाया गया। घटना की जानकारी मिलते ही बूंदी ज़िले के जिलाधिकारी अक्षय गोदारा ने कानपुर नगर डीएम जितेन्द्र प्रताप सिंह से संपर्क किया। डीएम कानपुर ने तत्काल स्थिति को गंभीरता से लिया और एडीएम सिटी सहित प्रशासनिक अधिकारियों की टीम को मौके पर भेजा। घटनास्थल पर जिला प्रशासन ने न केवल यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित की, बल्कि मानवीय आधार पर हर आवश्यक सुविधा भी उपलब्ध कराई। यात्रियों को नाश्ता-पानी उपलब्ध कराया गया और वैकल्पिक बस की व्यवस्था कर उन्हें गंतव्य की ओर रवाना किया गया। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह स्वयं पूरे घटनाक्रम पर निगरानी बनाए रहे और पल-पल की रिपोर्ट लेते रहे। डीएम कानपुर ने कहा कि यात्रियों की मदद करना केवल प्रशासनिक कर्तव्य नहीं, बल्कि हमारी नैतिक जिम्मेदारी भी है।

# या हुसैन की सदाओं के बीच बहाया लहू

फतेहपुर, 03 जुलाई (तरूणमित्र)। मोहर्रम की सात तारीख पर या हुसैन-या हुसैन, लब्बैक-लब्बैक या हुसैन की सदाएं गूंज उठी। शिया समुदाय के लोगों ने नौहा ख्वानी के बीच पलंग के आगे पहले हाथ से मातम किया फिर जंजीर से मातम व कमा लगाकर अपना लहू बहाया। जिसे देखकर लोगों ने अपनी उंगलियां दातों तले दबा लीं। उधर तीन पलंगों का पहला मिलाप दोपहर दो बजे पीलू तले चैराहे पर व दूसरा मिलाप सैय्यदवाड़ा कूंड तालाब पर देर रात हुआ। पलंग का मिलाप देखने के लिए जनसैलाब उमड़ पड़ा। इन दिनों शहर की ताजियादारी उरूज पर है।

सात मोहर्रम पर शहर के सैय्यदवाड़ा, अमरजई से पलंग का जुलूस उठा। पलंग की बिनाई का काम भोर चार बजे ही शुरू हो गया था। तीनों पलंग पर श्रद्धालुओं की भीड़ भोर से ही



उमड़ने लगी थी। लोगों ने पलंगों पर फूल व प्रसाद चढ़ाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। सैय्यदवाड़ा मोहल्ले से उठने वाले पलंग के जुलूस में शिया समुदाय की ओर से नौहा ख्वानी के बीच बच्चे बूढ़े व नौजवानों ने जंजीर कमा का मातम किया। जंजीर व कमा का मातम करने वाले लहूलुहान हो गये। खून की बहती धार देख लोगों ने दांतों तले उंगली दबा ली तत्पश्चात दो पलंगों का जूलूस महाजरी मुहल्ले की गलियों से होता हुआ पीलू तले तिराहे पर पहुंचा। जहां अमरजई मुहल्ले के पलंग से मिलाप हुआ। तीनों पलंगों का जुलूस एक साथ होकर निर्धारित रास्तों से मुस्लिम इंटर कालेज के समीप पहुंचा। जहां रात में पुनः मिलाप के साथ जुलूस समाप्त हो गया। पलंगों के आगे दर्जन भर से ज्यादा अलम साथ-साथ चल रहे थे। ताजिया व अलम इंतेजामिया कमेटी के अध्यक्ष चैधरी मोईन राइन व महासचिव वारिस उद्दीन के अलावा कमेटी के अन्य लोग लगे रहे। दिन भर चले पलंग जुलूस के दौरान अकीदतमंदों की उमड़ी भीड़ में महिला और बच्चे लाला बाजार में सजी घरेलू समान की दुकानों एवं खिलौना आदि की दुकानों से जहां खरीददारी की। यह खरीददारी का सिलसिला भी सारा दिन चलता रहा। वहीं दूर-दराज से पलंग जुलूस देखने आये लोगों ने लाला बाजार में लगी सब्जी और लुचूई एवं कवाब-समोसे की दुकानों से यह खाद्य सामग्री खरीदकर आनन्द लेते रहे। सुबह से लेकर देर शाम तक पलंग जुलूस के साथ सुरक्षा व्यवस्था के तहत जहां पुलिस बल तैनात रहा वहीं प्रशासनिक अधिकारी भी बीच-बीच में जायजा लेते रहे। उधर शिया समुदाय में मजलिसों व नौहा ख्वानी का सिलसिला जारी रहा।

**आज फाटक से बाहर आएगा सुप्रसिद्ध ताजिया**

फतेहपुर। जिले में हिंदू-मुस्लिम की आस्था का प्रतीक एवं सुप्रसिद्ध चांदू मियां का ताजिया कल (आज) इमामबाड़े के फाटक से बाहर आएगा। शाम लगभग सात बजे आयोजक ताजिये को निकालकर बाहर तखत पर जियारत के लिए रखेंगे। जहां बड़ी संख्या में अकीदतमंद पहुंचकर ताजिये की जियारत करके चढ़ावा चढ़ाने का काम करेंगे।

## जंगली जानवर के हमले से वृद्ध की मौत

फतेहपुर, 03 जुलाई (तरूणमित्र)। किशनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम लोहारन का डेरा में खेत जा रहे 70 वर्षीय वृद्ध के ऊपर जंगली जानवर ने हमला कर दिया जिससे वह घायल हो गया। अस्पताल लाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार लोहारन का डेरा गांव निवासी बूची का पुत्र रामकृपाल बुधवार की शाम लगभग छह बजे खेत की ओर जा रहा था तभी अचानक उस पर जंगली जानवर ने हमला कर दिया। शोर-शराबा सुनकर गांव वाले लाठी-डण्डा लेकर दौड़े तभी जानवर भाग निकला।

# डीएम व सीडीओ ने राजकीय पुस्तकालय का किया निरीक्षण

फतेहपुर, 03 जुलाई (तरूणमित्र)। जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह व मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना ने राजकीय पुस्तकालय व जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने पुस्तकालय में रखी किताबों को देखा। किताबों के आवंटन रजिस्टर को चेक किया। निर्देश दिए कि किताबों को विषयवार अलग-अलग आलमारी में रखें। जिन किताबों की आवश्यकता हो उसको ससमय क्रय कर लें।

इसके पश्चात उन्होंने पुस्तकालय



परिसर में निमार्णाधीन शौचालय को देखा। नगर पालिका ईओ को निर्देश दिए कि शौचालय के निर्माण की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। ससमय निर्माण कार्य पूर्ण कराएं। इसके पश्चात उन्होंने जिला निरीक्षक कार्यालय का निरीक्षण कर जिला विद्यालय निरीक्षक को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला समाज कल्याण अधिकारी अवनीश कुमार यादव सहित संबंधित उपस्थित रहे।

# बोले अखिलेश, दी जायेगी 300 यूनिट मुफ्त बिजली व तीन हजार पेंशन




आजमगढ़, 03 जुलाई (तरुणमित्र)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने आज आजमगढ़ के अनवरगंज में अपने नए आवासीय भवन और पार्टी कार्यालय के उद्घाटन समारोह में केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला। इस अवसर पर उन्होंने 2027 के विधानसभा चुनावों को लेकर समाजवादी पार्टी का रोडमैप पेश किया और कई बड़े वादे किए, जिनमें हर परिवार को 300 यूनिट मुफ्त बिजली, युवाओं को आईपैड, और महिलाओं को 3000 रुपये मासिक समाजवादी पेंशन देने की घोषणा शामिल है।

इसके अलावा, उन्होंने केंद्र की अग्निवीर योजना को समाप्त करने और सीमा की सुरक्षा को मजबूत करने की प्रतिबद्धता जताई। अखिलेश यादव ने अपने भाषण में भाजपा सरकार की नीतियों और कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि मौजूदा सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, और बुनियादी सुविधाओं के मामले में पूरी तरह विफल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा उन बूथों को चिन्हित कर बंद करा रही है, जहां उसे हाल के चुनावों में हार का सामना करना पड़ा था। उन्होंने कहा, भाजपा लोकतंत्र को कमजोर करने का काम कर रही है। जहां उन्हें वोट नहीं मिले, वहां बूथ बंद किए जा रहे हैं। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में हो रही अनदेखी पर भी गहरी चिंता जताई। अखिलेश ने कहा, हजारों विद्यालय बंद किए जा रहे हैं, लेकिन शराब की दुकानें धड़ल्ले से खोली जा रही हैं। यह दिखाता है कि भाजपा की प्राथमिकताएं क्या हैं। जल जीवन मिशन के तहत गांवों में बनाई गई पानी की टंकियों को भ्रष्टाचार का प्रतीक बताते हुए कहा कि ये टंकियां गुणवत्ता के अभाव में बार-बार फट रही हैं। हर महीने किसी न किसी जिले में टंकी फटने की खबर आ रही है। यह सरकार की नाकामी और भ्रष्टाचार का सबूत है, उन्होंने तंज कसा। अखिलेश यादव ने अपने शासनकाल में बनाए गए पूर्वांचल एक्सप्रेसवे की तुलना वर्तमान सरकार के गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे से करते हुए समाजवादी सरकार की उपलब्धियों को रेखांकित किया।

# इसरौली गांव का हाल बेहाल, पड़ताल में खुलासा

## दैनिक तरुण मित्र अखबार की टीम ने की पड़ताल

हरख/बाराबंकी, 03 जुलाई (तरुणमित्र)। उत्तर प्रदेश सरकार एक तरह स्वच्छ व सुन्दर गांव बनाने के लिए लाखों खर्च कर रही है ताकि स्वच्छ व सुन्दर गांव बन सके। लेकिन ग्राम प्रधान व सचिव की लापरवाही से गांव के लोगो का उन योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाता। मामला विकास खंड हरख क्षेत्र के इसरौली सेठ ग्राम पंचायत का है। जहां आज दैनिक तरुणमित्र अखबार की टीम ने पड़ताल की। समय करीब दो बजकर 10 मिनट पर टीम जब गांव पहुंची तो पंचायत भवन में ताला लटका मिला। गांव के कुछ लोग बैठे थे, ताला बंद है इस विषय में जानकारी करने पर लोगो ने बताया कि यह कभी खुलता ही नहीं, आज बृहस्पतिवार है इस पर लिखा जरूर है कि सचिव प्रधान बैठते है लेकिन आज तक कोई आया नहीं। और तो और सचिव साहब ने बोर्ड में अपना नंबर भी गलत लिखवा दिया। जिससे उनसे कोई बात तक न कर पाए। पंचायत भवन न खुलने से गांव के लोगो को ब्लॉक के चक्कर लगाने पड़ते है।








### सामुदायिक शौचालय में लगा रहता ताला

इसरौली गांव में लोग खेतों में शौच के लिए न जाए, गांव स्वच्छ व सुन्दर रहे जिसके लिए सरकार ने चार लाख की लागत लगाकर सामुदायिक शौचालय बनवाया, ताकि लोगों को खेतों में शौच के लिए न जाना पड़े। लेकिन जब से शौचालय का निर्माण हुआ है तब से ताला ही लगा रहता है। और तो और शौचालय के सामने गंदगी के ढेर लगे होने के कारण दुर्गंध का सामना भी करना पड़ रहा है।

### रास्ते में भरा नालियों का गंदा पानी

बारिश में वैसे भी गंदगी से तरह तरह की बीमारी पैदा हो रही है लेकिन जिम्मेदार सचिव व ग्राम प्रधान की लापरवाही से शिवाकांत के दरवाजे पर नाली न होने से रास्ते में पानी भर रहा है लगभग आधा दर्जनों घरों के लोगो के लिए मुसीबत बनी हुई है।

### गांव में ही लगे घूर गड्ढे

सरकार की योजना थी कि गांव सुंदर बनाने के लिए घूर गड्ढे की जमीन पर लाखों रुपए खर्च कर घूर गड्ढे निर्माण कराकर उसी में घूर डाले जाए। लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही से गांव में ही रास्ते के किनारे घूर गड्ढे लगाए जाते हैं जिससे बारिश में गांव के लोगों को रास्ता निकलने में दिक्कते तो होती ही है और दुर्गंध का भी सामना करना पड़ता है लोगों ने चिंता भी जताई है कि अगर यही आलम गांव का रहा तो कोई बीमारी फैल सकती है। इस संबंध में जब रोस्टर सूचना बोर्ड में लिखे नंबर ग्राम प्रधान राम नेवाज से इस नंबर 9793549007 पर संपर्क किया गया तो उनका नंबर बंद था। सचिव नवीन राय से संपर्क करने का प्रयास इस नंबर पर किया गया तो उनका नंबर ही बोर्ड पर गलत लिखा था 77069800753 ग्यारह अंक लिखे थे। जिससे संपर्क नहीं हो सका। इस संबंध में खंड विकास अधिकारी प्रीती वर्मा ने बताया कि जानकारी हुई है जो समस्याएं है सचिव जाकर मौके पर प्रर निस्तारण करेंगे।

## ज्वाइंट पीस कमेटी मीटिंग सम्पन्न

श्रावस्ती, 03 जुलाई (तरुणमित्र)। पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया के निर्देशन में आगामी मोहर्रम के दृष्टिगत शांति और सौहार्द बनाए रखने के लिए थाना हरदत्त नगर गिरंट क्षेत्र के परिभितनी में ज्वाइंट पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जनपद बहराइच और श्रावस्ती के प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों सहित संबंधित क्षेत्र की लोगो द्वारा प्रतिभाग किया गया। बैठक में प्रमुखता से मोहर्रम के दौरान शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए विस्तृत चर्चा की गई। अधिकारियों ने संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## पंजीकृत डिफॉल्ट उपभोक्ताओं को एक मुश्त समाधान योजना के लिए फिर मौका

(फखरपुर) बहराइच, 03 जुलाई (तरुणमित्र)। एक मुश्त समाधान योजना के तहत पंजीकरण कराने के बाद भी बकाये बिल का भुगतान नहीं करने वाले डिफॉल्टरों को ऊर्जा निगम की ओर से एक और मौका दिया गया है। उन्हें 31 जुलाई तक दोबारा बिल जमा करने के लिए मौका दिया गया है।

उपखंड अधिकारी फखरपुर धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि फखरपुर/तेजवापुर में लगभग 265 डिफॉल्ट ऐसे बकायेदार हैं। जिन्होंने एक मुश्त समाधान योजना के तहत बिल के भुगतान के लिए पंजीकरण तो कराया लेकिन उन्होंने अपने बिल का भुगतान नहीं किया। ऐसे लोगों से बिल जमा कराने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही थी। लेकिन उसके बाद भी कुछ खास लोगों ने नहीं जमा कर सके। पॉवर कॉर्पोरेशन के प्रबंध निदेशक पंकज कुमार की ओर से पत्र जारी कर उन्हें एक बार और बकाये के भुगतान के लिए मौका दिया गया है।

उन्होंने बताया कि एकमुश्त समाधान योजना 2024-25 में पंजीकरण करने वाले जिन उपभोक्ताओं ने नियत तिथि तक शेष राशि अथवा किस्तों की राशि नहीं जमा की है वे एक जुलाई 2025 से जमा कर सकते हैं। डिफॉल्टर उपभोक्ता को शेष बकाया राशि के साथ 1000 रुपये या मिलने वाली छूट का 10 प्रतिशत जो भी अधिक हो, वह जमा करना होगा।

# योगीराज में समाप्त है कानून का राज: श्यामलाल

रायबरेली, 03 जुलाई (तरुणमित्र)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देशानुसार प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल जनपद रायबरेली के ग्राम महराजगंज विधानसभा क्षेत्र हरचंदपुर में दिनांक 01 जुलाई 2025 की रात्रि में सुखदेव लोधी एवं उनकी पत्नी सरोजिनी देवी की अज्ञात बदमाशों द्वारा गोली मारकर निर्मम हत्या किये जाने पर पीड़ित परिवार के सदस्यों से मिलने पहुँचे।

प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने परिजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए उनको न्याय दिलाने हेतु भरोसा दिलाया प्रशासनिक अधिकारियों से वार्ता



कर अपराधियों की तत्काल गिरफ़्तारी की माँग की। इस अवसर पर उन्होंने पीड़ित परिवार को एक करोड़ की आर्थिक सहायता प्रदान करने की उ.प्र.सरकार से माँग भी किया। प्रदेश अध्यक्ष के साथ प्रतिनिधि मंडल में जिला अध्यक्ष इं.वीरेंद्र यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष सीएल वर्मा पासी, प्रदेश अध्यक्ष समाजवादी अल्पसंख्यक सभा शकील नदवी, विधायक राहुल लोधी, पूर्व मंत्री मुनीर अहमद, प्रदेश सचिव शिवमूर्ति सिंह राना, डा. शशिकांत शर्मा, जिला अध्यक्ष समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ लखनऊ मनोज पाल, जिलाध्यक्ष समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ श्री बबलू लोधी आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर उमाशंकर चौधरी, राकेश यादव, दीपू शुक्ला, जीतू सिंह, रज्जू खान, राजेंद्र यादव, श्रवण चौधरी, मो. मुशीर, मिश्री लाल चौधरी, राजेश मौर्या, अरुण प्रताप यादव, डा. जावेद, राजू यादव, कृपा शंकर, अरुण अंबेडकर, रामबरन लोधी, अमर बहादुर, संतलाल यादव, मोहित कुमार, मिथुन लोधी, संदीप शुक्ला, चंद्र प्रकाश आजाद, सतेश गौतम आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### आठ मेडिकल लाइसेंस किए गए निलंबित

- निरीक्षण में अनियमितताएं मिलने पर औषधि निरीक्षक ने की कार्रवाई

आजमगढ़, 03 जुलाई (तरुणमित्र)। जिले में औषधि विक्रय प्रतिष्ठानों की जांच के दौरान अनियमितताएं पाए जाने पर आठ दुकानों के लाइसेंस निलंबित कर दिए गए हैं। औषधि निरीक्षक सीमा वर्मा द्वारा किए गए निरीक्षण के आधार पर औषधि अनुज्ञापन प्राधिकारी (विक्रय), आजमगढ़ मंडल ने 30 जून को यह कार्रवाई की। निलंबित दुकानों में मेसर्स राय मेडिकल हाल, लाटघाट को 10 दिनों के लिए, जबकि मेसर्स भारत मेडिकल हाल, खानपुर फतेह, मेसर्स साईं सम्राट मेडिकल हाल, रैदोपुर, मेसर्स रूही मेडिकल स्टोर, सिविल लाइन चौराहा, मेसर्स शारदा सर्जिकल एंड मेडिकल एजेंसी, हर्रा की चुंगी, मेसर्स शारदा सर्जिकल एंड मेडिसिन कंपनी, हर्रा की चुंगी, मेसर्स अरविंद मेडिकल स्टोर, छितौनी, और मेसर्स श्री राम हेल्थ केयर फार्मेसी, जिवली को 15-15 दिनों के लिए क्रय-विक्रय पर रोक लगाई गई है। यह कार्रवाई औषधि दुकानों में पाई गई कमियों को सुधारने और जनहित में गुणवत्तापूर्ण औषधि आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए की गई है।

### सौरभ जैन का हुआ सम्मान



बहराइच, 03 जुलाई (तरुणमित्र)। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन द्वारा दिनांक 2 जुलाई 2025 को लेजर रिजॉर्ट, बहराइच में जीव दया जैन चिकित्सालय के अध्यक्ष श्री सौरभ जैन जी का सम्मान किया गया। सौरभ जैन जी जीव दया जैन चिकित्सालय के अध्यक्ष हैं और अपनी टीम के साथ निराश्रित पशु-पक्षियों व जीवों की निःशुल्क चिकित्सा व सेवा करते हैं। आपने अब तक कई सारी गौ माताओं, कुत्तों, खच्चरों, बिल्ली, खरगोश चूहा समेत बड़े से लेकर छोटे जीवों की चिकित्सा अपनी टीम के माध्यम से किया है। आई. एम. ए. की अध्यक्ष डॉ. रीना केडिया और सचिव डॉ. बृजेश शुक्ला जी ने आपके कार्यों की प्रशंसा करते हुए जैन धर्म के 'जियो और जीने दो' के भाव को लोकहितकारी बताया। मुख्य अतिथि डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी (एम. एल. एस.) जी ने बहराइच के डॉक्टरों को सम्बोधित करते हुए कहा कि जीव सेवा ही भगवान-सेवा है। भारत में डॉक्टर को जनता भगवान-के रूप में मानती है, हमें भी अपने कर्तव्य पालन में कोई कमी नहीं रखनी चाहिए।

### रामपुर कला टांडा की संजुलता को दिया गया 1 पौधा व ग्रीन गोल्ड सर्टिफिकेट



अम्बेडकरनगर, 03 जुलाई (तरुणमित्र)। एक पौधा एक शिशु के समान होता है। पौधों और शिशुओं के बीच समानताएं दर्शाती हैं कि प्रकृति में सभी जीवित चीजें एक दूसरे से जुड़ी हुई हैं उपरोक्त बातों को चरितार्थ करते हुए शासन के दिशा निर्देशानुसार महामाया राजकीय ऐलोपैथिक चिकित्सा महाविद्यालय, वन महोत्सव सप्ताह में एक से सात जुलाई के बीच आब्स एंड गायनी विभाग में जन्म लेने वाले शिशु के बच्चों को एक पौधा प्रदान कर रहा है। उक्त के क्रम में पहला पौधा और एक ग्रीन गोल्ड सर्टिफिकेट रामपुर कला टांडा की संजुलता को दिया गया जिनको एक जुलाई को सामान्य प्रसव के द्वारा पुत्री को जन्म दिया। उनको यह प्रमाण पत्र और पौधा प्रधानाचार्य डॉ. मुकेश यादव और जच्चा बच्चा विभाग की हेड डा. हिना सईदा ने प्रदान किया।

### मानव चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन



भिनगा/श्रावस्ती, 03 जुलाई, (तरुण मित्र)। अमरेन्द्र कुमार वरुण कमांडेंट 62वीं वाहिनी एसएसबी भिनगा के दिशा निर्देशन और डॉ. कल्पना पाटील सहायक कमांडेंट/ चिकित्सा के द्वारा सीमा चौकी गुज्जरगौरी के कार्यक्षेत्र रवलपुर गांव में मानव चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में डॉ. कल्पना पाटील, सहायक कमांडेंट (चिकित्सा) ने रावलपुर गांव के 26 ग्रामीणों को निशुल्क परामर्श के साथ दवाओं का वितरण किया। शिविर के आयोजन का उद्देश्य स्थानीय लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना और उनकी स्वास्थ्य समस्याओं का समाधान करना था। इस मौके पर शिविर में समवाय गुज्जरगौरी के कम्पनी कमांडर प्रगाढ़ा साई कुमार, सहायक कमांडेंट और सहायक उप निरीक्षक (फार्मासिस्ट) आलोक कुमार यादव के साथ अन्य मेडिकल टीम के जवान उपस्थित रहे।

# अखिलेश यादव के कार्यक्रम दौरान सुरक्षा में बड़ी चूक

- मंच के करीब पहुंचा युवक, पुलिसकर्मियों ने लिया हिरासत में
- सपा ने प्रशासन पर सवाल उठाए, बताया कार्यक्रम को खराब करने की साजिश

आजमगढ़, 03 जुलाई (तरुणमित्र)। आजमगढ़ में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के कार्यक्रम के दौरान एक बड़ी सुरक्षा चूक सामने आई। गुरुवार, 3 जुलाई 2025 को अखिलेश के कार्यक्रम में एक युवक सभी सुरक्षा घेरों को तोड़कर मंच के करीब पहुंच गया। पुलिसकर्मियों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए युवक को रोका और हिरासत में लिया। इस घटना के बाद समाजवादी पार्टी ने प्रशासन पर सवाल उठाए और इसे कार्यक्रम को खराब करने की साजिश करार दिया। सपा नेताओं का कहना है कि प्रशासन की लापरवाही के कारण यह चूक हुई। घटना के समय अखिलेश यादव मंच पर अन्य



नेताओं के साथ मौजूद थे। पुलिस को कड़ी मशक्कत के बाद 5 मिनट में युवक को बाहर निकालना पड़ा। समाचार लिखे जाने तक स्थानीय प्रशासन और पुलिस का आधिकारिक बयान नहीं मिल सका था।

अखिलेश यादव आजमगढ़ में अपने नए दफ्तर और आवास परिसर के भूमि पूजन के लिए पहुंचे थे। इस दौरान ब्राह्मण महासभा और विश्व हिंदू महासंघ के सदस्यों ने उनके खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने अपने घरों पर काले झंडे लगाकर नाराजगी जताई। बता दें, आजमगढ़ समाजवादी पार्टी का गढ़ माना जाता है, जहां जिले की सभी 10 विधानसभा सीटों और दोनों लोकसभा सीटों पर सपा का कब्जा है। इस सुरक्षा चूक और विरोध के बीच अखिलेश के कार्यक्रम ने सुर्खियां बटोरीं। सपा नेताओं ने हिरासत में लिए गए युवक को लेकर पुलिस से चर्चा की, लेकिन इस मामले में अभी कोई स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आई है।

## जनता दर्शन: एसपी ने सुनी जन समस्याएं

श्रावस्ती, 03 जुलाई, (तरुणमित्र)। पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया द्वारा कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद श्रावस्ती में आयोजित जनता दर्शन के दौरान आमजन से प्राप्त शिकायतों/समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। जनसुनवाई के दौरान 03 भूमि विवाद, 01 मारपीट, 01 महिला संबंधी, 01 पारिवारिक व 09 अन्य विषयों से संबंधित कुल 15 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से प्रत्येक पर गंभीरता पूर्वक विचार करते हुए संबंधित को शीघ्र, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। इसी दौरान थाना कोतवाली भिनगा क्षेत्रान्तर्गत एक महिला द्वारा अपने ससुराल पक्ष द्वारा मारपीट कर प्रताड़ित किए जाने के संबंध में एक प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया।

## मार्ग निकट दुर्घटना में बैंक ऑफ बड़ौदा के क्लर्क की मौत

- बेसिक शिक्षा विभाग कैसरगंज में तैनात शिक्षिका का पति बुरी तरह घायल

(कैसरगंज) बहराइच, 03 जुलाई (तरुणमित्र)। बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा कैसरगंज के कैशियर मथुरा निवासी दीपक कुमार और विकासखंड कैसरगंज के बेसिक शिक्षा विभाग के प्रा.वि. मुरावनपुरवा द्वितीय की सहायक अध्यापिका विनीता कुमारी के पति रविकांत बीते दिवस 1 जुलाई 2025 को सायं साथ में दोनों लोग सर्वो पंजाबी ढाबा भोजन लेने जा रहे थे, तभी पीछे से एक चार पहिया गाड़ी टक्कर मार कर निकल गई, जिससे दोनों अपने दुपहिया वाहन से गिरकर बुरी तरह घायल हो गए स्थानीय लोगों की सूचना व सहायता से इनको सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कैसरगंज लाया गया जहां उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए इन दोनों को लखनऊ रेफर कर दिया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार इलाज के समय ले जाते हुए रास्ते में बैंक ऑफ बड़ौदा के कर्मचारी दीपक कुमार की मृत्यु हो गई और शिक्षिका के पति रविकांत को आईकॉन हॉस्पिटल में भर्ती किया गया है जिनकी हालत नाजुक है। रविकांत आगरा के मूल निवासी हैं।

मौके पर परिजनों व अन्य लोगों द्वारा पुलिस को सूचना दे दी गई थी, इसके बाद पुलिस उचित कार्रवाई के लिए जांच पड़ताल में लगी है।

## विद्यालय में स्कूली वाहनों का औचक निरीक्षण करने पहुचा प्रवर्तन दल

बाराबंकी, 03 जुलाई (तरुणमित्र)। बच्चों की सुरक्षा को लेकर परिवहन विभाग द्वारा स्कूली वाहनो के विरुद्ध चलाये जा रहे विशेष संघन चेकिंग अभियान के अन्तर्गत आज बृहस्पतिवार को सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन, प्रवर्तन अंकिता शुक्ला, यात्री, मालकर अधिकारी रविचन्द्र त्यागी, सम्भागीय निरीक्षक प्राविधिक बलवन्त सिंह यादव एव यातायात प्रभारी रामयतन यादव की संयुक्त टीम ने असैनी मोड़ स्थित लखनऊ पब्लिक स्कूल मे पहुंचे वाहनो का जांच की।



- अनफिट मिले 2 वाहन समेत 1 प्राइवेट वाहन सीज

जांच में बिना फिटनेस, दस्तावेजों की जांच समेत क्षमता से ज्यादा बच्चे बैठाने मिलने पर वाहनो को थानो मे निरुद्ध किया गया। एआरटीओ अंकिता शुक्ला एवं सम्भागीय निरीक्षक प्राविधिक यादव ने एलपीएस परिसर मे खड़ी स्कूली वाहनो की जांच करते हुये अनफिट मिले 2 वाहन समेत 1 अनाधिकृत रुप से संचालित प्राइवेट वाहन को थाना मोहम्मदपुर चैकी मे निरुद्ध किया। तथा 1 बस मे क्षमता से अधिक बच्चे मिलने पर विद्यालय प्रबन्धन को सख्त चेतावनी देते हुये बच्चो को दूसरे वाहन से रवाना करवाया।

## नवागत आर.आई. का स्वागत: संजय कुमार दास को दिया विदाई

बस्ती, 03 जुलाई, (तरुणमित्र)। नवागत आर.आई. श्रीमती सीमा गौतम ने कार्यभार ग्रहण किया। इसके साथ ही आर.आई. संजय कुमार दास को भावभीनी विदाई दी गई। उनका स्थानान्तरण इसी पद पर गोरखपुर जनपद में हुआ है। डी.टी.आई. कार्यालय के अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ ही बस्ती आटो रिक्शा जन कल्याण समिति के जिला संरक्षक महेन्द्र श्रीवास्तव के नेतृत्व में आयोजित स्वागत और विदाई समारोह में वक्ताओं ने आर.आई. संजय कुमार दास के 6 वर्षों के कार्यकाल को सराहा। कहा कि उन्होंने अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा से निर्वहन किया। उपस्थित लोगों ने उन्हें फूल मालाओं से लाद दिया।

# एसपी, सीडीओ व एडीएम ने कलेक्ट्रेट में किया पौधरोपण

श्रावस्ती, 03 जुलाई, (तरुणमित्र)। प्रदेश के मुख्यमंत्री के नेतृत्व में "वृहद वृक्षारोपण महाभियान-2025" के तहत जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निर्देशानुसार जनपद में वृहद स्तर पर पौधरोपण किया जा रहा है। जिसके तहत आज कलेक्ट्रेट परिसर में पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया, मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद एवं अपर जिलाधिकारी अमरेन्द्र कुमार वर्मा ने पूजा-अर्चना कर बरगद, पाकड़ व नीम के पौधों का रोपण कर लोगों को अधिक से अधिक पौधरोपण कर पर्यावरण बचाने का संदेश दिया।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जनपद में वृहद वृक्षारोपण



अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पेड़-पौधों का हमारे जीवन में महत्वपूर्ण योगदान है। ऋतु चक्र को संतुलित बनाए रखने के लिए हमें अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाना चाहिए, और उनका संरक्षण करना भी अनिवार्य है। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि प्रकृति को बचाये रखने के लिये पौधारोपण अनिवार्य है। पेड़-पौधे पशु-पक्षियों के प्राकृतिक आवास हैं। उन्होंने कहा कि पर्यावरण का संरक्षण करना प्रत्येक मनुष्य की नैतिक जिम्मेदारी है। इसके लिए, हमें आगे आना चाहिए और दूसरों को भी प्रेरित करना चाहिए। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि पर्यावरण को शुद्ध रखने में पेड़-पौधों की महती भूमिका होती है। इसकी निरंतरता बनाए रखने के लिए हमें अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाने चाहिए। पेड़-पौधे लगाने के बाद उनका संरक्षण करना भी बहुत जरूरी है। जिससे वे बड़े होकर धरा के आभूषण बन सकें। इस अवसर पर प्रभागीय वनाधिकारी धनराज मीणा सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# विद्यालय में स्कूली वाहनों का औचक निरीक्षण करने पहुचा प्रवर्तन दल

बाराबंकी, 03 जुलाई, (तरुणमित्र)। बच्चो की सुरक्षा को लेकर परिवहन विभाग द्वारा स्कूली वाहनो के विरुद्ध चलाये जा रहे विशेष संघन चेकिंग अभियान के अन्तर्गत आज बृहस्पतिवार को सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन, प्रवर्तन अंकिता शुक्ला, यात्री, मालकर अधिकारी रविचन्द्र त्यागी, सम्भागीय निरीक्षक प्राविधिक बलवन्त सिंह यादव एव यातायात प्रभारी रामयतन यादव की संयुक्त टीम ने असैनी मोड़ स्थित लखनऊ पब्लिक स्कूल मे पहुंचे वाहनो का जांच की। जांच में बिना फिटनेस, दस्तावेजों की जांच समेत क्षमता से



ज्यादा बच्चे बैठाने मिलने पर वाहनो को थानो मे निरुद्ध किया गया। एआरटीओ अंकिता शुक्ला एवं सम्भागीय निरीक्षक प्राविधिक यादव ने एलपीएस परिसर मे खड़ी स्कूली वाहनो की जांच करते हुये अनफिट मिले 2 वाहन समेत 1 अनाधिकृत रुप से संचालित प्राइवेट वाहन को थाना मोहम्मदपुर चैकी मे निरुद्ध किया। तथा 1 बस मे क्षमता से अधिक बच्चे मिलने पर विद्यालय प्रबन्धन को सख्त चेतावनी देते हुये बच्चो को दूसरे वाहन से रवाना करवाया।

## एसएसबी मुख्यालय भिनगा में जैज बैंड की शानदार प्रस्तुति ने बांधा शमा

भिनगा/श्रावस्ती, 03 जुलाई, (तरुणमित्र)। 62वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, भिनगा द्वारा 01 जुलाई को आयोजित 12वें स्थापना दिवस समारोह की सफलता के उपरांत आज दिनांक 02 जुलाई 2025 को अमरेंद्र कुमार वरुण, कमांडेंट 62वीं वाहिनी के नेतृत्व में एक विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वाहिनी मुख्यालय भिनगा में सीमांत मुख्यालय एसएसबी लखनऊ की जैज बैंड टीम के द्वारा मनमोहक एवं ऊर्जा से भरपूर प्रस्तुति दी गई।

कार्यक्रम में वाहिनी के ललेंद्र रावकार द्वितीय कमान अधिकार, निरूपेश कुमार उप कमांडेंट, सोनू कुमार उप कमांडेंट, गोबर्धन पुजारी उप कमांडेंट, डॉ. कल्पना पाटील,



सहायक कमांडेंट के साथ अन्य जवान, संदीक्षा सदस्य एवं बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। एसएसबी जैज बैंड की शानदार प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। कमांडेंट अमरेंद्र कुमार वरुण ने अपने संबोधन में सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजन बल के मनोबल को ऊंचा करते हैं, तथा आपसी समन्वय एवं सौहार्द को भी बढ़ावा देते हैं। उन्होंने जवानों एवं उनके परिजनों के उत्साह की सराहना की।

## गौआश्रय स्थल, का डीएम ने किया निरीक्षण

बहराइच, 03 जुलाई (तरुणमित्र)। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने विकास खण्ड पयागपुर अन्तर्गत ग्राम पंचायत सोहरियांवा के आगनबाड़ी केन्द्र (इन्द्रापुर), गौआश्रय स्थल सोहरियांवा प्रथम एवं द्वितीय तथा एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन केन्द्र (आर.आर.सी.) का निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं को जायजा लेते हुए मौके पर मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। निरीक्षण के समय खण्ड विकास अधिकारी पयागपुर दिपेन्द्र पाण्डेय, खण्ड शिक्षा अधिकारी सुश्री डाली मिश्रा, अवर अभि. ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग संदीप तिवारी, एडीओ (पं.) तेज नरायन राव व सहकारिता के दिलीप कुमार दुबे, ग्राम प्रधान पेशकार गोस्वामी व ग्राम विकास अधिकारी अमृतांशु सिंह मौजूद रहे।

# बैंकिंग सेवाओं के बारे में ग्रामीणों को किया जागरूक

अंबेडकरनगर, 03 जुलाई (तरुणमित्र)। एलडीएम कमलेश भास्कर के निदेशानुसार ग्राम पंचायत अवसानपुर, ब्लॉक टांडा में गुरुवार को एक जन सुरक्षा कैंप का आयोजन मनी वाइज वित्तीय साक्षरता केंद्र क्रिसिल फाउंडेशन बसखारी द्वारा किया गया।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एलडीएम कमलेश भास्कर रहे। साथ ही बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा एनवां के शाखा प्रबंधक भी उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन सीएफएल बसखारी के सेंटर मैनेजर सुनील राजभर, द्वारा किया गया। ब्लॉक टांडा के फील्ड कोऑर्डिनेटर राम अवतार तथा ब्लॉक रामनगर के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर नरेंद्र कुमार भी मौजूद थे। इस शिविर में मुख्य अतिथि एवं उपस्थित बैंक अधिकारियों द्वारा ग्रामीण नागरिकों को री-केवाईसी, सी-केवाईसी, प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, बीमा दावा प्रक्रिया, अटल पेंशन योजना, यूपीआई, डिजिटल भुगतान प्रणाली, शैक्षिक ऋण आदि महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इसके साथ ही ग्रामीणों को वित्तीय साक्षरता के महत्व के बारे में भी जागरूक किया गया ताकि वे बैंकिंग सेवाओं एवं सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ उठा सकें। कार्यक्रम में ग्रामवासियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपने प्रश्नों के उत्तर प्राप्त किए।

# नगर पालिका की बेशकीमती जमीन पर कब्जा, जिम्मेदार मौन



**बस्ती, 03 जुलाई (तरूणमित्र)।** नगरपालिका क्षेत्र की वेशकीमती जमीनों पर भूमाफियाओं की नजर है। कई जगहों पर अवैध कब्जे हैं और जमीनों को मुंह मागी कीमत पर बेंचने की साजिश की जा रही है। ताजा जानकारी वार्ड नं. 25 पिकौरा बक्श की सामने आई है। यहां गाटा संख्या 105 व 118 पर बमपुलिस व कूड़ाघर है। इसके आंशिक भाग पर किसी ने मकान बना लिया है जो किराये पर चल रहा है।

जबकि कुछ भाग पर बाउण्ड्री वाल व गेट लगाकर कब्जा किया गया है। अभिलेखों में यह जमीन नगरपालिका की है लेकिन नगरपालिका यह बताने को तैयार नही है कि इस पर मकान और बाउण्ड्री किसने बनाई है। मोहल्ले के उमाशंकर गुप्ता पुत्र स्व. श्यामलाल ने बताया कि पूर्व में की गई शिकायत को सज्ञान लेकर तत्कालीन उप जिलाधिकारी गुलाब चन्द्र ने उक्त जमीन पर भूमाफियाओं के द्वारा फर्जी तरीके से सरकारी भूमि पर दर्ज कराया गया नाम निरस्त कर दिया था। इस पर पुनः कूड़ाघर व

**○ नगरपालिका की वेशकीमती जमीनों को बेंचने का षडयंत्र, जिम्मेदार मौन**

बमपुलिस अंकित कर दिया गया था। लेकिन उनके स्पष्ट आदेश के बावजूद नगरपालिका ने उक्त जमीन को अपने कब्जे में नही लिया और सुनियोजित तरीके से अवैध कब्जे को प्रोत्साहित किया गया। सूत्रों से मिली जानकारी व शिकायतकर्ता उमाशंकर के मुताबिक उक्त जमीन को बेंच दिया गया है जिस पर मकान भी बन चुका है। उमाशंकर गुप्ता ने राजस्व अधिकारियों तथा जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुये नगरपालिका की सरकारी जमीन को अवैध कब्जे से मुक्त कराने की मांग किया है।

## दीपक गुप्ता ने एसडीएम सदर का पदभार संभाला

**गोरखपुर, 01 मार्च (तरूणमित्र)।** 2023 बैच के पीसीएस अधिकारी दीपक गुप्ता एसडीएम सदर का पदभार संभाला। जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश ने श्री गुप्ता पर भरोसा करते हुए सदर तहसील का एसडीएम नियुक्त किया श्री गुप्ता अपने कार्यालय पहुंचकर कार्यभार संभालते ही कार्यालय में विचाराधीन,अधूरा, बाकी फाइलों पर हस्ताक्षर कर निस्तारण करने का कार्य किया। श्री गुप्ता 2023 में उप जिला अधिकारी खजनी न्यायिक का पदभार ग्रहण किया था इनके कार्यों को देखते हुए डीएम ने सहजनवा की जिम्मेदारी सौंपी थी आज जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश ने श्री गुप्ता के ईमानदारी निष्पक्ष कार्यों को देखते हुए जनपद के महत्वपूर्ण तहसील सदर का एसडीएम नियुक्त किया श्री गुप्ता ने बताया कि शासन और जिलाधिकारी महोदय द्वारा दिए गए दायित्वों का बखूबी निर्वहन करते हुए सदर तहसील अंतर्गत शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं का अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए चौमुखी विकास करने में अपना अहम योगदान देंगे। श्री गुप्ता ने कहा कि जिलाधिकारी महोदय ने जो दायित्व सौंपा है उसे ईमानदारी के साथ निर्वहन करते हुए आम जनता की समस्याओं का समाधान करने का कार्य करेंगे कार्यालय में आने वाले जनता की समस्याओं का समाधान बिना किसी भेद भाव के निस्तारण करने का कार्य करेंगे। सदर तहसील के किसी कर्मचारियों के काम में लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकताओं का शत-प्रतिशत पालन कराना ही पहला कर्तव्य होगा। आम आदमी की समस्याओं का निस्तारण कराना व त्वरित न्याय पर ध्यान दिया जाएगा।

# मोहर्रम, कावड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने के लिए बैठक आयोजित

**गोरखपुर, 01 मार्च (तरूणमित्र)।** मंडलायुक्त सभागार में आगामी त्योहार मोहर्रम और 11 जुलाई से प्रारंभ हो रहे कावड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने के लिए बैठक आयोजित कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में प्रमुख रूप से मंडलायुक्त अनिल ढींगरा पुलिस उप महानिरीक्षक एस चनप्पा जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरन नय्यर पुलिस पुलिस अधीक्षक नगर अभिनव त्यागी पुलिस अधीक्षक ट्रैफिक संजय कुमार पुलिस अधीक्षक उत्तरी जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव पुलिस अधीक्षक दक्षिणी जितेंद्र कुमार पुलिस अधीक्षक मंदिर सुरक्षा अनुराग सिंह एडीएम सिटी अंजनी कुमार सिंह अपर नगर आयुक्त दुर्गेश मिश्रा अपर नगर आयुक्त निरंकार सिंह एसडीएम सदर रोहित कुमार मौर्या एसडीएम बांसगांव प्रदीप कुमार एसडीएम खजनी राजेश प्रताप सिंह एसडीएम खजनी दीपक गुप्ता एसडीएम चौरी चौरा कुंवर सचिन सिंह एसडीएम गोला अमित जायसवाल एसडीएम कैंपियरगंज सिद्धार्थ पाठक सीओ कैंट योगेंद्र सिंह सीओ गोरखनाथ रवि कुमार सिंह सीओ कोतवाली ओंकार तिवारी सीओ कैंपियरगंज विवेक कुमार तिवारी सीओ चौरी चौरा अनुराग सिंह सीओ गोला मनोज पांडे सीओ बांसगांव द्रवेश कुमार सीओ खजनी उदय प्रताप सिंह सीओ गीडा रत्नेश्वर सिंह सीओ ऑफिस दीपांशी सिंह राठौर सीओ एलआईयू अशोक कुमार सहित संबंधित अधिकारी थाना प्रभारी /थानाध्यक्ष मौजद रहे।

### जुलूस में आपत्तिजनक सामग्री का प्रयोग न करें: एसएसपी

**गोरखपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरन नय्यर ने कहा कि मोहर्रम पर्व में किसी भी प्रकार की नई परम्परा प्रारंभ न की जाये जो भी जुलूस निकाले जाये वे अपने परम्परागत रूटों पर ही निकाले जाएं। जुलूसों में किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक सामग्री का प्रयोग न करें, शान्ति पूर्ण ढंग से प्रशासन का सहयोग करते हुए जुलूस निकाले जायें उस पर किसी भी प्रकार की बाधा न उत्पन्न की जाये।

# मामूली विवाद में जानलेवा हमला परिवार के कई लोग घायल

**बस्ती, 03 जुलाई (तरूणमित्र)।** सोनहा थाना क्षेत्र के बेइली (रेहरवा) गांव में मामूली बात को लेकर दबंग पडोसियों ने जानलेवा हमला करते हुए एक परिवार के कई लोगों को लहूलुहान कर दिया। घटना 25 जून शाम करीब 7.00 बजे की है। इस मामले में स्थानीय पुलिस ने मुकदमा दर्ज तो किया है लेकिन सभी आरोपी आजाद घूम रहे हैं और पीड़ितों को दोबारा मारने पीटने की धमकी दे रहे हैं।

बेइली (रेहरवा) गांव निवासी सुषमा शर्मा पत्नी रामकेश शर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उनके मकान की सीढ़ी से चढ़कर किसी की बकरी पड़ोसी के छत पर चली गई, इससे पड़ोसी आगबबूला हो गये और एक राय होकर लाठी डंडा, सरिया लेकर हमला बोल दिये। घर में घुसकर स्वयं मुझे, पति रामकेश शर्मा, 75 वर्षीय बुजुर्ग सास शिवपाती, बहू कृष्णा देवी, लड़की कुसुम तथा विकास को बुरी तरह मारा पीटा। सांस गंभीर है, पति के सिर में 8 टांके लगे हैं, स्वयं मेरा हाथ टूट गया है और सभी को लाठी डंडे, सरिया और लात घूसों की चोट लगी है।

पीड़िता का बेटा सुबाष शर्मा मुंबई में मेहनत मजदूरी कर परिवार का खर्चा चलाता है। मांता पिता, पत्नी, बहन, दादी के गंभीर रूप से घायल होने की खबर सुनकर गांव आया है। उसे भी जान से मारने की धमकी दी जा रही है। थानाध्यक्ष का कहना है पीड़ित हमारे पास नही आ रहे हैं, इधर उधर से फोन करवा रहे हैं।

# 5 हजार स्कूलों को मर्ज करने के विरोध में कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

**देवरिया, 03 जुलाई (तरूणमित्र)।** प्रदेश सरकार की ओर से बेसिक शिक्षा परिषद के 5 हजार स्कूलों को मर्ज करने के विरोध में कांग्रेस जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल 'रोशन' के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट पहुँच सरकार विरोधी नारे लगाये और जनहित में राज्यपाल को संबोधित मांग-पत्र उपजिलाधिकारी को सौंपा।



जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल 'रोशन' ने प्रशासन को दिए ज्ञापन में कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं छात्रों एवं बेरोजगारों के प्रति पूरी तरह उदासीन रवैया अपनाए हुए हैं और उन्हें हर तरह से प्रताड़ित करने का कार्य कर रही है। प्रदेश सरकार ने 5 हजार प्राइमरी एवं जूनियर विद्यालयों को मर्ज करने का निर्णय लिया है, जो युवा छात्र एवं बेरोजगार विरोधी निर्णय है। कई जिलों में आज से मर्ज भी कर दिए गए हैं। इसका व्यापक दुष्परिणाम गांव के बच्चों पर पड़ेगा क्योंकि उन्हें दूसरे गांव में शिक्षा ग्रहण करने के लिए जाना पड़ेगा जिससे उन्हें और उनके अभिभावकों को काफी दिक्कतें आयेगी, उसके साथ ही मिड-डे-मील के तहत जो स्कूलों में खाना बनाते थे उनकी नौकरी भी चली जाएगी। बी.एड, बी.टी.सी की डिग्री लिए युवाओं के लिए,नौकरी की दिक्कतें खड़ी होंगी। प्रदेश सरकार का यह कदम हर तरीके से युवाओं, छात्रों एवं बेरोजगार नौजवानों के हितों के विपरीत है। कांग्रेस पार्टी सरकार के इस निर्णय की घोर भर्त्सना करती है। पार्टी ने युवाओं, छात्रों एवं बेरोजगारों के व्यापक हितों के लिए सड़क से सदन तक संघर्ष करने का निर्णय लिया है। यह सरकार जनविरोधी है, इस निर्णय को तत्काल वापस ले।

कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष बिस्मिल्ला लारी, राघवेंद्र सिंह, पुरूषोत्तम सिंह, मुकुंद भास्कर मणि, सुभाष राय, ऋषिकेश मिश्रा, वरूण राय, नौशाद खान एपी, अरविन्द शाही, भरत मणि, संजीव कुमार मिश्रा, चंद्र वर्मा, अब्दुल जब्बार, जुलेखा खातून, डॉ. धर्मेंद्र पाण्डेय, मार्कण्डेय मिश्रा, महेंद्र अंबेडकर, शहनाज जफर, सच्चिदानंद मिश्रा, मनोज मणि, रामप्रवेश सिंह, रत्नेश मल्ल पिंटू, मधु शर्मा, गुड्डी दुबे, रीता देवी, आलोक त्रिपाठी राजन, कुलदीप यादव, वशिष्ठ मोदनवाल, विजय शंकर मिश्रा, धर्मेंद्र कुमार पाण्डेय, दीनदयाल यादव, नौशाद राजा, जगरनाथ यादव, रविन्द्र मल्ल, रजनीश प्रसाद आदि मौजूद रहें।

## संक्षिप्त समाचार

### सरयू नदी का जलस्तर बढ़ा, मगरमच्छ दिखने से ग्रामीणों में दहशत

**कर्नलगंज (गोंडा), 03 जुलाई (तरूणमित्र)।** तहसील क्षेत्र में सरयू नदी का जलस्तर अचानक चार फीट बढ़ने से हड़कंप मच गया है। नदी के उफान के कारण मनिहारी घाट पर बने पीपे के पुल को खोल दिया गया,जिससे कर्नलगंज जाने वाला मार्ग प्रभावित हुआ। इसके साथ ही स्थानीय लोगों ने नदी में मगरमच्छ देखे जाने का दावा किया है, जिससे इलाके में दहशत का माहौल है। बता दें कि बीते दिनों बाबा घाट पर लगभग तीन फीट लंबा मगरमच्छ देखा गया था। इसके अलावा सुंदरपुरी घाट पर भी मगरमच्छ दिखाई देने की बात सामने आई है। इन घटनाओं ने नदी में नहाने और अन्य गतिविधियों के लिए आने वाले लोगों में डर पैदा कर दिया है। स्थानीय प्रशासन ने लोगों से नदी में नहाने से बचने और सावधानी बरतने की अपील की है। मनिहारी घाट पर सरयू नदी के बढ़ते जलस्तर और मगरमच्छ की मौजूदगी ने क्षेत्रवासियों की चिंता बढ़ा दी है। प्रशासन ने स्थिति पर नजर रखने और आवश्यक कदम उठाने की बात कही है। लोगों से अपील की गई है कि वे नदी के किनारे जाते समय सतर्क रहें और बच्चों को अकेले नदी में न जाने दें।

### अपर आयुक्त अजय राय ने पदभार किए ग्रहण

**गोरखपुर, 03 जुलाई (तरूणमित्र)।** अपर आयुक्त अजय कुमार राय को मंडलायुक्त ने पदभार ग्रहण कराया 2015 बैच के पीसीएस अधिकारी अजय कुमार राय को मंडलायुक्त कार्यालय में मंडलायुक्त अनिल ढींगरा से पदभार ग्रहण कराया नवागत अपर आयुक्त ने बताया कि शासन द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में मंडलायुक्त महोदय द्वारा दिए गए दायित्वों का निर्वहन करते हुए अपने न्यायालय के कार्यों को निष्पक्ष ईमानदारी पूर्वक गुण दोष के आधार पर निस्तारण करने का कार्य करेंगे जिससे हमारे न्यायालय के वादकारियों को न्याय संगत न्याय मिल सके। श्री राय ने बताया कि हमारे कार्यालय में आने वाले हर फरियादियों के लिए दरवाजा खुला हुआ है हर फरियादी की समस्याओं का निराकरण करने का प्रयास किया जाएगा अधिवक्ता गणों से सामंजस बनाकर न्यायालय के कार्यों को सुचारू रूप से चलाया जाएगा जिससे अधिक से अधिक मुकदमों का निस्तारण किया जा सके। अपर आयुक्त अजय कुमार राय प्रधान प्रबंधक सहकारी चीनी मिल संघ लखनऊ में ईमानदारी पूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे थे इससे पूर्व बदायूं लखनऊ कानपुर देहात नगर निगम लखनऊ में अपने दायित्वों का बखूबी निर्वहन कर चुके हैं श्री राय समाज कल्याण और जीएसटी में भी ईमानदारी पूर्वक अपनी सेवा दे चुके है।

### अखिलेश यादव का कार्यकर्ताओं ने मनाया जन्मदिन

**उतरौला/बलरामपुर2जुलाई(तरुण मित्र)** समाजवादी पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद अखिलेश यादव का जन्मदिन उतरौला विधानसभा में मनाया गया। सपा प्रमुख अखिलेश यादव के जन्मदिवस पर सपा विधायक राकेश यादव ने सपा कार्यकताओं के साथ केक काट कर सपा प्रमुख अखिलेश यादव के दिघार्यु होने की कामना की। सपा विधायक राकेश यादव ने कहा कि सपा सरकार में गरीबों पिछड़ों, वंचितों, अल्पसंख्यकों, नौजवानो को पूरा सम्मान दिया था। समाजवादी पार्टी देश की तीसरी बड़ी राजनीतिक दल है। सपा कार्यकताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव दीघार्यु होने की कामना की। कार्यक्रम में सपा नेता रामदयाल यादव ने वरिष्ठ नागरिकों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर प्रदेश सचिव अंसार अहमद खां, उतरौला विधानसभा प्रभारी एजाज मलिक, राम दयाल यादव, प्रहलाद यादव, पूर्व प्रधान आबिद अली खान, परशुराम बौद्ध, बहलौल नियाजी, मोहम्मद इजहार खां पप्पू, नरसिंह पाल यादव, कृष्ण कुमार यादव, नेहाल खां, छब्बू शाह, हाजी छनन्न समेत सैकड़ों सपा कार्यकताओं मौजूद रहे।

### बैठक में अधिकारों के लिये संघर्ष पर जोर सुपरवाईजरों को मिले लैपटाप, इन्टरनेट भत्ता

**बस्ती, 03 जुलाई (तरूणमित्र)।** गुरूवार को बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग सुपरवारजर एसोसिएशन की बैठक कम्पनीबाग के निकट एक मैरेजहाल के सभागार में पुष्पारानी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में प्रान्तीय अध्यक्ष रेनू शुक्ला ने कहा कि सरकार सुपरवारजरों को लैपटाप उपलब्ध कराने के साथ ही इन्टरनेट भत्ता दें। पदोन्नित के रिक्त पद भरे जांय। सुपरवाजरो का ग्रेड पे 4800 किया जाय और महिला सुपरवाजरों का स्थानान्तरण गृह जनपद में किया जाय। इन मांगों को पूरा कराने के लिये संगठन प्रदेश स्तर पर निरन्तर संघर्षशील है। प्रदेश महामंत्री शशिकान्ता ने कहा कि एकजुटता से ही समस्याओं का हल निकलेगा। बैठक में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद अध्यक्ष मस्तराम वर्मा ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली के लिये संघर्ष तेज करना होगा। परिषद के कार्यवाहक अध्यक्ष राम अधार पाल ने जनपद स्तर पर विभागों में कर्मचारियों के लम्बित समस्याओं का समाधान कराये जाने पर जोर दिया। कहा कि अति शीघ्र परिषद के पदाधिकारी इस सम्बन्ध में जिलाधिकारी से मिलकर स्थितियों से अवगत करायेंगे। परिषद के जिला मंत्री तौलू प्रसाद ने कहा कि कर्मचारियों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

# ग्रीन गोल्ड सर्टिफिकेट व पौधे से नवाजे गए एक जुलाई को जन्मे नवजात

**तमकुहीराज/कुशीनगर, 03 जुलाई (तरूणमित्र)।** सामाजिक वानिकी प्रभाग कुशीनगर के तमकुही रेंज के तत्वावधान में बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेवरही में वन महोत्सव कार्यक्रम के तहत पौधरोपण एवं पर्यावरण जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशेष पहल करते हुए एक जुलाई 2025 को जन्मे नवजात शिशुओं को ग्रीन गोल्ड सर्टिफिकेट एवं एक-एक पौधा भेंट स्वरूप दिया गया,जिससे उनके जीवन की शुरूआत प्रकृति से जुड़ाव के साथ हो।

मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक डा. असीम कुमार ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। एक पेड़ केवल ऑक्सीजन का स्रोत नहीं, बल्कि जीवन रक्षा का प्रहरी है। सरकार की मंशा है कि प्रत्येक नागरिक वृक्षारोपण को अपना कर्तव्य समझे। नवजातों को पौधा और प्रमाणपत्र देकर यह कार्यक्रम एक अनूठा संदेश दे रहा है कि जीवन की शुरूआत प्रकृति की गोद में होनी चाहिए। विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष सोनिया




जायसवाल ने कहा कि शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में वृक्षारोपण की गति तेज होनी चाहिए। जब हर नागरिक पेड़ को अपने परिवार का हिस्सा मानेगा, तभी हरियाली स्थायी होगी।अति विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि धनंजय तिवारी ने कहा कि यह पहल केवल कार्यक्रम तक सीमित न रहे, बल्कि वृक्षों की देखभाल और संरक्षण के लिए समाज को जिम्मेदार बनाया जाए। उन्होंने कहा कि जिस तरह नवजात के नाम पर पेड़ दिया गया, उसी तरह सभी माता-पिता को यह परंपरा अपनानी चाहिए।

भाजपा मंडल अध्यक्ष सेवरही रमेश ब्याहुत और एडवोकेट मार्कण्डेय वर्मा ने भी विचार रखे। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि वन महोत्सव केवल औपचारिकता न बनकर जनांदोलन बने। रेंजर हरिकेश बहादुर नायक ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सामाजिक वानिकी का उद्देश्य केवल पौधरोपण नहीं बल्कि जनभागीदारी से हरियाली को बढ़ावा देना है। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों और आमजन का सहयोग के लिए आभार जताया। इस दौरान सीएचसी सेवरही के चिकित्सक, स्वास्थ्यकर्मी, स्कूली बच्चे, आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। परिसर में विभिन्न प्रजातियों के दर्जनों पौधे रोपे गए।

# हजरत अब्बास की याद में जुलूस निकाला

**उतरौला/बलरामपुर 3जुलाई ( तरुण मित्र)** बुधवार की रात छ मोहर्रम को उतरौला के अजादारों ने लश्करे हुसैनी के अलमदार हजरत अब्बास की याद में अलम फातहे फुरात का जुलूस उतरौला के मरहूम शौकत हुसैन जाफरी के अजाखाने से निकाला। जुलूस से पूर्व एक मजलिस का आयोजन किया गया। इमामे जुमा मौलाना सैयद मोहम्मद अली ने मजलिस को खिताब करते हुए इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम और फौज के अलमदार हजरत अब्बास की शहादत बयां की। जिसे सुनकर आजादारों की आंखों से आंसू छलक पड़े। मजलिस के बाद जुलूस फातहे फुरात का अलम मुबारक बाहर आया जिसकी जियारत करने के लिए मौजूद अजादार बेकरार हो गए। मरहूम अनीस हुसैन प्यारे के अजाखाने से छोटे-छोटे बच्चे अपने हाथों में मशाल और कूजा लिए या सकीना या अब्बास की सदाएं बुलंद कर रहे थे। सैकड़ों की संख्या में अजादारों ने ज़ियारत की। जियारत के साथ अंजुमन कमरे बनी हाशिम के मास्टर शारिब, इफ़्फ़ू जाफरी, अली हसन, जाफर, अनीस उतरौलवी, अली जाफरी, मुस्य्यब जाफरी आदि ने हजरत सकीना व हजरत अब्बास की याद में दर्द भरे नोहे पढ़े। अजादारो ने मातम कर कर्बला के शहीदों की शहादत का गम मनाया। या सकीना या अब्बास की सदाओं के साथ अलम फातहे फुरात को देख अजादारों के आंसू निकल रहे थे। अलम फातहे फुरात का जुलूस नाजिम हुसैन के इमामबाड़े से होता हुआ, मुख्य मार्ग होकर कस्बा चौकी बगल से सुभाष नगर स्थित मरहूम तौकीर हुसैन के इमामबाड़े में संपन्न हुआ।

# विकास के लिए जनप्रतिनिधि व अधिकारी मिल कर करें कार्य: सदर सांसद

**देवरिया, 03 जुलाई (तरूणमित्र)।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। अध्यक्षता सदर सांसद शशांक मणि त्रिपाठी तथा सह-अध्यक्षता सलेमपुर सांसद रमाशंकर राजभर ने की।

सदर सांसद शशांक मणि त्रिपाठी ने कहा कि जन कल्याणकारी व जनता के प्राथमिकताओं से जुडे कार्यो को शीघ्रता व गुणवत्ता के साथ पूर्ण किये जाने का आवाहन करते हुए कहा कि अधिकारी व जनप्रतिनिधि आपसी समन्वय के साथ विकास की गति को और बढाये तथा विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में अपनी अहम भूमिका निभायें। उन्होंने स्वास्थ्य, शिक्षा और अन्य बुनियादी समस्याओं पर विशेष ध्यान देने और

**○ समिति के दिशा निदेर्शो के अनुरुप अधिकारी करें कार्य: डीएम**

उनमें सुधार के लिए ठोस कदम उठाने की आवश्यकता जताई। उन्होंने विद्युत व लोक निर्माण की अलग से बैठक जनप्रतिनिधियों के साथ कराये जाने को कहा। सलेमपुर सांसद रमाशंकर राजभर ने जन सुविधाओं से जुडे समस्याओं को रखते हुए अधीक्षण अभियंता विधुत से विद्युत क्षति के लिए किये गये कार्यो का विवरण ट्रांसफार्मरो के प्रतिस्थापन व क्षमतावृद्वि की जानकारी उपलब्ध कराने के साथ प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में डाक्टरो की कमी, राजकीय महिला विद्यालय हरनही की वस्तुस्थिति से अवगत कराने को कहा। उन्होंने प्रतापपुर चीनी मिल के गन्ना भुगतान की जानकारी चाही।

# छात्रों में किया पाठ्य पुस्तकों का वितरण

**बस्ती, 03 जुलाई (तरूणमित्र)।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा बच्चों को गुणवत्तापूर्ण व समावेशी शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे निः शुल्क पाठ्यपुस्तक वितरण कार्यक्रम के अंतर्गत विकास खंड बस्ती सदर के प्राथमिक विद्यालय मरहा में पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया गया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अखिल कुमार यादव ने छात्र-छात्राओं को पाठ्यपुस्तकें वितरित कीं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा के क्षेत्र में समानता और गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाध्यापक सतेन्द्र सहाय सहित शिक्षिकाएं संगीता यादव, सुषमा सिंह, ज्योति यादव तथा शिक्षक राम पूजन भारती एवं राम सुंदर सिंह भी उपस्थित रहे।

# वृहद पौधारोपण कार्यक्रम का किया आयोजन

**मोतीगंज (गोंडा), 03 जुलाई (तरूणमित्र)।** जनपद मुख्यालय स्थित स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज गोंडा में वन महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत बृहद पौध रोपण कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के पूर्व प्रधानाचार्य और माध्यमिक शिक्षक संघ के संरक्षक बृजेश द्विवेदी ने किया जबकि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के मंडलीय अध्यक्ष अजीत सिंह रहे। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अजीत सिंह ने कहा कि पर्यावरण संतुलन के लिए पौधरोपण बहुत ही जरूरी है। हम अच्छे वातावरण की उम्मीद तो करते हैं लेकिन अपनी जिम्मेदारी नहीं समझते, अपनी जिम्मेदारी समझें और ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाएं। उन्होंने आगे कहा कि पेड़ों की कमी से ग्लोबल वार्मिंग, बाढ़ व सूखा सहित



अन्य दैवी आपदा आती हैं जिसका सबसे ज्यादा दुष्परिणाम मानव समाज पर पड़ता है। इसका एकमात्र निदान पौधरोपण है। इस दौरान श्री सिंह ने छात्र-छात्राओं से अपने घरों पर एक पेड़ मां के नाम लगाने का भी संकल्प दिलाया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के संरक्षक बृजेश द्विवेदी ने कहा कि पौधरोपण जीवन के लिए बेहद जरूरी है। आक्सीजन देने वाले पौधों की महत्ता को दरकिनार नहीं किया जा सकता। बढ़ती जनसंख्या और घटते पेड़-पौधे मानव जीवन के अस्तित्व के लिए खतरा हैं। पर्यावरण संतुलन से ही मानव सुरक्षित व खुशहाल रहेगा। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर शिवानन्द नंदू ने आए हुए अतिथियों का स्वागत कर उनके प्रति आभार प्रकट किया। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा पांच छात्राओं आंचल शुक्ला, सपना, दिव्यांशी, काजल तथा अंशिका मिश्रा का निशुल्क प्रवेश भी किया गया। इस दौरान विद्यालय के शिक्षक सुखराम वर्मा, अखिलेश पांडेय, डॉक्टर दिनेश शुक्ला, माता शरण मिश्र, शिवकुमार श्रीवास्तव, संदीप श्रीवास्तव, अजय कुमार शुक्ला, दुर्गेश कौशल आदि के साथ समस्त शिक्षणेत्तर कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# डीबीटी वर्किंग ग्रुप की बैठक आयोजित

**संतकबीरनगर, 03 जुलाई (तरूणमित्र)।** जिलाधिकारी आलोक कुमार की अध्यक्षता में उर्वरकों की उपलब्धता एवं वितरण/निगरानी एवं कार्यवाही हेतु गठित जनपद स्तरीय उर्वरक समिति एवं पी.ओ.एस. मशीन संचालन हेतु ?डिस्ट्रिक्ट लेवल को-ऑर्डिनेशन कमेटी/डीबीटी वर्किंग ग्रुप की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई।




इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी उपस्थित रहे। बैठक में जिला कृषि अधिकारी द्वारा बताया गया कि सहकारी एवं निजी क्षेत्र में कुल यूरिया 16730 मै.टन, डी.ए.पी. 2586 मै.टन, एन.पी.के. 388 मैं.टन, एम.ओ.पी. 313 मैं.टन, एस.एस.पी. 10389 मैं.टन की उपलब्धता है। जनपद में वर्तमान में किसी भी प्रकार के उर्वरकों की कोई कमी नहीं है। उन्होंने बताया कि जनपद में न्याय पंचायत व विकासखंडवार उर्वरक निगरानी हेतु कर्मचारियों एवं अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है, जिसके द्वारा सतत निगरानी जारी है। इसके साथ-साथ समय-समय पर आकस्मिक निरीक्षण/छापा की कार्यवाही का आयोजन किया जाता है तथा अनियमितता एवं किसी भी प्रकार के लापरवाही पाए जाने पर उर्वरक (नियंत्रण) आदेश-1985 के सुसंगत प्राविधानों के अंतर्गत कार्यवाहिया की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि किसी भी प्रकार के उर्वरकों की शिकायत हेतु जनपद में स्थापित कंट्रोल रूम (मो.न. 7839882274) का संचालन प्रभारी अधिकारी द्वारा किया जा रहा है। जिलाधिकारी द्वारा उर्वरक कंपनियों के साथ थोक उर्वरक विक्रेताओं को उर्वरकों के साथ किसी भी अन्य उत्पाद की टैगिंग नहीं करने के सख्त निर्देश दिए गए। इसके साथ ही किसी भी प्रकार के उर्वरक को उसके निर्धारित विक्रय मूल्य से अधिक दर पर बिक्री किसी भी दशा में न की जाए। यदि किसी भी उर्वरक के साथ अन्य उत्पादों की टैगिंग एवं उसके निर्धारित मूल्य से अधिक पर विक्रय करते हुए पाए जाने पर संबंधित उर्वरक विक्रेताओं के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद स्कूल हुए गुलजार

**उतरौला (बलरामपुर) 3जुलाई (तरुण मित्र)** गर्मियों की लंबी छुट्टियों के बाद सोमवार, 1 जुलाई को उतरौला नगर सहित ग्रामीण अंचल के अधिकतर स्कूलों में एक बार फिर बच्चों की चहलकदमी दिखने लगी।

20 मई को ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित होने के बाद पहली बार स्कूल खुले, जिससे विद्यालय परिसरों में रौनक लौट आई। हालांकि छुट्टी के बाद पहले दिन विद्यार्थियों की उपस्थिति अपेक्षाकृत कम रही, मगर शिक्षकों और विद्यालय प्रबंधन ने पहले दिन को पुनः परिचय, अभ्यास, और अनुशासन की पुनर्स्थापना में समर्पित किया। शहर के प्रमुख विद्यालयों—सरकारी व निजी दोनों—ने नियत तिथि 1 जुलाई को पठन-पाठन प्रारंभ कर दिया, लेकिन भीषण गर्मी और उमस के कारण बच्चों की उपस्थिति 50% से भी कम देखी गई। विभिन्न स्कूलों में शिक्षकों ने पुराने पाठों की पुनरावृत्ति कराते हुए छात्रों का मनोबल बढ़ाने की कोशिश की। कुछ विद्यालयों में पहले दिन स्वागत कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। टाइनी टाट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, उतरौला में भी सोमवार को विद्यालय का शैक्षणिक सत्र विधिवत आरंभ हुआ। इस अवसर पर स्कूल के डायरेक्टर सैफ अली ने कहा, ?बच्चों को गर्मी से राहत के बाद अब पढ़ाई के प्रति प्रेरित करना आवश्यक है। पहले दिन उपस्थिति कम रहना सामान्य है, लेकिन आने वाले दिनों में यह संख्या धीरे-धीरे बढ़ेगी। हम बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।

# दस दिवसीय हस्तशिल्प प्रदर्शनी कार्यक्रम का शुभारंभ

**संतकबीरनगर, 03 जुलाई (तरूणमित्र)।** अंबेडकर हस्तशिल्प विकास योजना के अंतर्गत दस दिवसीय हस्तशिल्प प्रदर्शनी कार्यक्रम का उद्घाटन होटल शिवोय रेजीडेंसी संतकबीरनगर के सभागार में फीता काटकर मुख्य अतिथी विनय शंकर पांडेय चार्टर्ड एकाउंटेंट के द्वारा किया गया। उक्त अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में पंकज मिश्र सभासद नगर पालिका परिषद खलीलाबाद, समाजसेवी महेश शुक्ल, दयानिधि त्रिपाठी पत्रकार उपस्थित रहे। तदोपरांत उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत बुके देकर आयोजक कम्पनी के निदेशक मण्डल के द्वारा किया गया।

उक्त कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि विनय शंकर पांडेय सीए ने कहा कि इस प्रकार के महत्वाकांक्षी योजना का लाभ लेकर हस्तशिल्पियाँ अपने उत्कृष्ट उत्पाद का विपणन कर सकती हैं हस्तशिल्प के उत्पादों के विपणन हेतु यह एक उत्कृष्ट प्लेटफार्म है एक सफल हस्तशिल्पी बनकर अपना, समाज का एवं देश का विकास करें। साथ ही मुख्य अतिथि ने हस्तशिल्पियों को हर संभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन भी दिया। आगे उन्होंने कहा कि सदियों से भारत की पहचान हस्तशिल्प के कारण अद्वितीय हुआ करती थी जो वर्तमान परिप्रेक्ष्य में विकासशील स्थिति में पहुच चुका है जिसका भारतीय अर्थव्यवस्था एवं शिल्पियों के आर्थिक स्तर के उत्थान में काफी योगदान रहा है। इस प्रकार के हस्तशिल्प प्रदर्शनी कार्यक्रम से हस्तशिल्पियों को स्वावलंबन के साथ साथ इस कला का पुर्ण रूप से वाणिज्यिक उपयोग कर सफल उद्यमी बन जीवन स्तर को सुदृढ़ करने की दिशा में एक सराहनीय कदम है।

उक्त अवसर पर कंपनी के निदेशक नसीरुंनिशा बताया कि कार्यालय विकास आयुक्त हस्तशिल्प वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा प्रायोजित एवं महाराजगंज हैंडीक्राफ्ट प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटिड महाराजगंज के द्वारा आयोजित 20 चयनित हस्तशिल्पियों हेतु यह दस दिवसीय हस्तशिल्प प्रदर्शनी कार्यक्रम एनएचडीपी के अधीन ए0एच0वी0बाई योजना के अंतर्गत महराजगंज के हस्तशिल्पियों के साथ साथ आस पास के क्षेत्रों के हस्तशिल्पियों हेतु संचालित है तथा यह कार्यक्रम दस दिवसीय है जो कि अनवरत दिनांक 03 जुलाई से प्रारंभ होकर 12 जुलाई तक चलेगा।

# भारत रत्न लता मंगेशकर नाट्य ग्रह आडिटोरियम में मिला सम्मान




**बांदा, 03 जुलाई (तरूणमित्र)।** 28 जून मुंबई में भारतीय संस्कृति एवं प्रतिभा के पथदर्शी आलोक स्तंभ संगीत, साहित्य, समाज भारतीय प्रतिभा सम्मान 2025 मुंबई में आयोजित किया गा।

प्रतिभा गौरव भारत देश का सर्वोच्च प्रतिष्ठित अनुभव संबंध एवं राष्ट्र को समर्पित सामान समारोह है। संस्कृति संवर्धन एवं संगीत शिरोमणि के क्षेत्र में तथा समृद्ध भारत राष्ट्र के अग्रीय कला एवं संस्कृति का अभ्युदय दर्शन करने की दिव्या पहल में यह सम्मान प्रतिवर्ष महाराष्ट्र सरकार द्वारा देश के अलग-अलग राज्यों में संगीत, साहित्य और समाजसेवा क्षेत्र में कार्य करने वाले प्रतिभावान को चयनित कर उन्हें शिरोमणि सम्मान से नवाजती ह इस वर्ष का समाज सेवा शिरोमणि सम्मान श्रीमती संतोष गुप्ता महिला हार्पर क्लब ओल्ड सचिव उत्तर प्रदेश को मिला है इसके पहले भी बहुत से बड़े सम्मान मिल चुके हैं उतार-चढ़ाव भरा रहा पर अगर मेहनत लगन सफलता अवश्य दिलाती है मंगेशकर जी के नाट्य ग्रह में मिला इससे ज्यादा गर्व का पल मेरे लिए और कुछ हो ही नहीं सकता। इस अवसर पर राष्ट्रपति पदक विजेता ब्रिज नारायण शास्त्री जी,तानाजी शाह के सोलहवें वंशज सूभेदार कुणाल, क्रांति महाजन,श्रीमती रुपाली मिस उत्तराखंड, अनामिका कुलकर्णी भरतनाट्यम स्पेशलिस्ट, गुरु तेज सिंह लेफ्टिनेंट कर्नल , भगवान राव पाटिल शिवसेना मंत्री, डा. नितिन बालकृष्ण गांधी, आदि सम्मानित मौजूद रहे।

## डीएम ने आरआरसी सेंटर का किया निरीक्षण



**बांदा, 03 जुलाई (तरूणमित्र)।** गुरूवार को जिलाधिकारी बांदा, श्रीमती जे. रीभा द्वारा विकासखंड कार्यालय जसपुरा के ग्राम गड़ोला झंझरी पुरवा जनपद बांदा स्थित आर.आर.सी. सेंटर के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य में पाई गई विभिन्न कमियों पर संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित खंड विकास अधिकारी एवं सहायक विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी कमियों को तत्काल प्रभाव से दुरुस्त किया जाए तथा निर्माण कार्य की गुणवत्ता एवं ससमय कराया जाना सुनिश्चित की जाए।

जिलाधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही/शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और गुणवत्तापूर्ण कार्य ही प्रशासन की प्राथमिकता है।

## पांच हजार प्राइमरी स्कूल बंद करने के फैसले पर कांग्रेस का तीखा विरोध



**ललितपुर, 03 जुलाई (तरूणमित्र)।** जिला कांग्रेस कमेटी ने उत्तर प्रदेश की बीजेपी सरकार के उस फैसले की कड़े शब्दों में निंदा की है, जिसमें लगभग पांच हजार प्राइमरी स्कूलों को बंद कर वहां पढ? वाले छात्र-छात्राओं, विशेष रूप से गरीब किसानों के बच्चों को अन्य स्कूलों में विलय करने की योजना है। कांग्रेस ने इसे बच्चों के मौलिक अधिकारों का हनन और शिक्षा के खिलाफ एक खतरनाक कदम करार दिया है।

कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष डा.दयाराम रजक का कहना है कि इस नीति से बच्चों की पढ़ाई पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा और कई बच्चे शिक्षा से वंचित हो सकते हैं, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। पार्टी ने मांग की है कि सरकार सर्व शिक्षा अभियान के तहत सभी पढ़ें, सभी बढ़ें की नीति पर अमल करे और स्कूलों को बंद करने का फैसला तत्काल वापस ले। जिला कांग्रेस कमेटी ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने यह फैसला वापस नहीं लिया, तो पूरे प्रदेश में व्यापक आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन देते समय जिलाध्यक्ष डा.दयाराम रजक, पूर्व प्रधान घटवार पं.शशिकान्त दीक्षित, पूर्व नगराध्यक्ष हरीबाबू शर्मा, पंकज हुण्डैत, मकरंद किलेदार विक्की, शिशुपाल नामदेव, ऊदल सिंह, आशीष दुबे, रामदेवी, रामनरेश दुबे, अजय प्रताप सिंह तोमर, असलम खान, नेहा, रंजना, राजेश नायक, मोनू, सीताराम राय, जावेद, बहादुर सिंह एड. के अलावा अनेकों कांग्रेसी मौजूद रहे।

## कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन,सौंपा ज्ञापन



**चित्रकूट, 03 जुलाई (तरूणमित्र)।** कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल के नेतृत्व में कांग्रेसियो ने प्रदर्शन कर राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा है।

सौंपे ज्ञापन मे बताया कि मोदी योगी सरकार सरकारी स्कूल बंद कर दलित पिछड़ा वर्ग के गरीब मजदूर किसान के बच्चों को शिक्षा से वंचित करना चाहती कांग्रेस पार्टी इस निर्णय के खिलाफ सड़क से सदन तक विरोध करेगी। पीसीसी सदस्य रंजना बराती लाल पांडे ने कहाकि यह तानाशाही सरकार स्कूल बंद कर शिक्षा है सबका अधिकार कानून का उल्लंघन कर रही है इस आदेश के क्रम में बहुत से बच्चे शिक्षा से वंचित रह जाएंगे क्योंकि ग्रामीण इलाके में बहुत से पुरवा ऐसे हैं जहां अभी भी रास्ता नहीं है नाले है जिसको छोटे बच्चे कैसे बरसात में पहुंच पाएंगे और जो नौजवान बीटीसी टीईटी पास करके नौकरी के लिए घूम रहे हैं उन नौजवानों को रोजगार नहीं मिलेगा पहले सरकार ने स्कूलों को कंपोजिट करके प्रधानाध्यापक बहुत से पद समाप्त कर दिए। इस मौके पर गज्जू प्रसाद फौजी, शिवगुलाम वर्मा, विजयमणि त्रिपाठी, अवधेश करवरिया, अनिल गुप्ता, चुनवाद प्रसाद प्रजापति, कालीचरण राजपूत, योगेंद्र रैकवार सहित अन्य रहे।

## दो अन्तर्राज्यीय गांजा तस्करों को किया गिरफ्तार

**बांदा, 03 जुलाई (तरूणमित्र)।** पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में थाना कोतवाली नगर पुलिस व एसओजी की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा रात्रि गश्त एवं चेकिंग के दौरान 02 अन्तर्राज्यीय गांजा तस्करों को अवैध सूखे गांजे के साथ थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के कनवारा हनुमान मन्दिर गेट के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के कब्जे से 12.16 किलोग्राम अवैध सूखा गांजा बरामद हुआ है। पूछताछ में अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि वह उड़ीसा से गांजा लाकर बांदा व आस-पास के जनपदों में महंगे दामों में बेचते है।

# झांसी मंडल ने जून में माल भाड़े से कमाए 85.73 करोड़

### फ्लाई ऐश परिवहन में नया कीर्तिमान



**झांसी, 03 जुलाई (तरूणमित्र)।** झांसी मंडल ने माल परिवहन क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि प्राप्त करते हुए जून में माल भाड़े से 85.73 करोड़ की आय प्राप्त की है। यह आय पिछले वर्ष के जून की तुलना में लगभग 6.3 प्रतिशत अधिक है, जो मंडल की निरंतर प्रगति और रणनीतिक माल ढुलाई प्रयासों का परिणाम है। इस अवधि में कुल 8.40 टन माल का सफलतापूर्वक परिवहन किया गया।

माल लदान के प्रदर्शन को देखें तो जून 2025 तक 2.22 मिलियन टन के निर्धारित लक्ष्य की तुलना में 2.49 मिलियन टन की लोडिंग की गई, जो लक्ष्य से 12.16 प्रतिशत अधिक है। साथ ही, यह पिछले वर्ष की तुलना में 4.2 प्रतिशत की वृद्धि को भी दर्शाती है। राजस्व की दृष्टि से देखा जाए तो जून 2025 तक रुपए 244.13 करोड़ के लक्ष्य के मुकाबले झांसी मंडल ने रुपए 259.21 करोड़ की आय अर्जित की, जो लक्ष्य से 10.24 प्रतिशत अधिक है और पिछले वर्ष की तुलना में 6.2 प्रतिशत अधिक है।

मंडल ने जून 2025 में फ्लाई ऐश के परिवहन में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज की है। अब तक के रिकॉर्ड के अनुसार इस माह में सर्वाधिक 31 रेक लोड कर कुल रुपए 7.35 करोड़ की आय अर्जित की गई है। मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार सिन्हा ने इस सफलता के लिए समस्त वाणिज्य, परिचालन एवं ट्रैफिक विभाग की टीम को बधाई दी है।

## जिले में सोलर पावर से जुड़ी योजनाएं तेज गति से ले रही आकार

**झांसी, 03 जुलाई (तरूणमित्र)।** सौर ऊर्जा नीति के अंतर्गत जनपद में निवेशकों द्वारा मेगा सोलर पावर प्रोजेक्ट के अंतर्गत निजी अथवा सरकारी भूमि पर सात जगहों पर सोलर पावर प्रोजेक्ट स्थापित किए गए है, जिनकी कुल क्षमता 163 मेगावाट है। एक मेगावाट की क्षमता के प्रोजेक्ट से लगभग प्रतिदिन 5000 यूनिट बिजली का उत्पादन होता है और उत्पादित बिजली को ग्रिड में भेजा जाता है। इसके अलावा झांसी के गरौठा क्षेत्र में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम द्वारा 600 मेगावाट की क्षमता का सोलर पावर पार्क तैयार किया जा रहा है। ध्रुव मिलकोज द्वारा खजराहा बुजुर्ग में 01 मेगावाट, दत एनर्जी द्वारा डोंगरी में 02 मेगावाट, यूपीनेडा द्वारा धमनौड में 20 मेगावाट, फोर्थ पार्टनर द्वारा बुढ़पुरा में 70 मेगावाट, एम्प्लस सोलर द्वारा मैगांव में 50 मेगावाट, सौर ऊर्जा फॉर एनर्जी द्वारा सेना गांव में 10 मेगावाट और इशारेज एनर्जी द्वारा अस्ता में 10 मेगावाट का सोलर पावर प्रोजेक्ट स्थापित किया गया है।

# स्वास्थ्य नायकों के तबादले के विरोध में नाराजगी, पार्षदों में उबाल

## मुख्यमंत्री को भेजा गया ज्ञापन, धरना प्रदर्शन की चेतावनी



**ललितपुर, 03 जुलाई (तरूणमित्र)।** नगर पालिका परिषद के वार्ड 26 सहित संपूर्ण नगर क्षेत्र में स्वास्थ्य नायकों के तबादले को लेकर पार्षदों और नागरिकों में जबरदस्त नाराजगी है।

पार्षदों के नेतृत्व में नगरवासियों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन भेजते हुए अधिशासी अधिकारी द्वारा लिए गए एकतरफा निर्णय को तानाशाहीपूर्ण बताते हुए तत्काल निरस्त करने की मांग की है। ज्ञापन में उल्लेख है कि बारिश के कारण जगह-जगह जलभराव हो रहा है, जबकि नए स्वास्थ्य नायक अपने वार्ड के क्षेत्र, गलियों और जरूरतों से पूरी तरह अनभिज्ञ हैं। इससे ना केवल काम में देरी हो रही है, बल्कि नालियों की सफाई और जल निकासी जैसे जरूरी कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। पार्षदों ने यह भी आरोप लगाया है कि अधिशासी अधिकारी ने नगर पालिका के एक संविदा सफाईकर्मी को मनमाने ढंग से स्वास्थ्य नायक के पद पर पदोन्नत कर दिया, जो कि पूरी तरह अनुचित और जांच योग्य मामला है। इस पर निष्पक्ष जांच की मांग की गई है।ज्ञापन में चेतावनी दी गई है कि यदि अधिशासी अधिकारी द्वारा जारी किया गया नया आदेश तत्काल प्रभाव से निरस्त कर पुरानी व्यवस्था बहाल नहीं की गई, तो पार्षद और नागरिक धरना-प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे। ज्ञापन सौंपते समय पार्षद मनमोहन चौबे एड., पार्षद अफजुल रहमान, पार्षद शिवानी कुशवाहा, पार्षद गिरीश पाठक सोनू, पार्षद आलोक जैन मयूर, पार्षद अशोक पंथ, पार्षद अब्दुल बारी, पार्षद सोन सिंह, पार्षद सविता, पार्षद पुष्पा राजा, पार्षद पूजा यादव, पार्षद धर्मवीर कुशवाहा, पार्षद दीपा कुशवाहा, पार्षद रमेश गांधी आदि पार्षद मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री उद्यमी योजना को पलीता लगा रहे बैंक

### दो माह से बैंक के साइड में पड़ा है लाभार्थी का कोटेशन और अन्य दस्तावेज, फिर भी नहीं हुआ काम

**बांदा, 03 जुलाई (तरूणमित्र)।** सूबे के मुख्य द्वार बेरोजगारी को दूर करने को लेकर आए दिन नए नए प्लान निकाल रहे हैं जिससे लोगों को उद्योग करने में मदद हो सके और बेरोजगारी दूर हो सके लेकिन बैंक के कर्मचारी उनके आदेश पर पलीता लगा रहे है।

मामला महुआ विकास खंड के बड़ोखर बुजुर्ग का जहां के रहने। वाले शुभम शर्मा पुत्र कामता प्रसाद ने महुआ खंड विकास अधिकारी दुर्गा प्रसाद प्रजापति को दिए शिकायती पत्र में बताया है कि मेरे द्वारा दो माह पूर्व सभी दस्तावेज लगाकर मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के तहत ऑनलाइन करवाया था लेकिन तब से लेकर आज तक मेरा लोन नहीं हो पा रहा है और मैं कई बार बैंक भी गया लेकिन बैंक के मैनेजर द्वारा बहाना बनाकर मुझे वापस कर दिया जाता है जबकि मैने स्पेलर यूनिट के लिए आवेदन किया था जबकि बैंक द्वारा मुझे परेशान किया जा रहा है जिस पर महुआ विकास खंड अधिकारी दुर्गा प्रसाद प्रजापति द्वारा इंडियन बैंक शाखा तिंदवारा को एक पत्र भेजकर लाभार्थी के कार्य किए जाने के लिए आग्रह किया है।

वहीं लाभार्थी ने बताया कि सरकार द्वारा हम जैसे बेरोजगारों के लिए सुनहरा मौका दिए हुए है लेकिन बैंक के मैनेजर द्वारा हमारे भविष्य के खिलवाड़ किया जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### बुंदेलखंड राष्ट्र समिति पीएम को भेजेगी अलग राज्य के लिए राखियां

**झाँसी, 03 जुलाई (तरूणमित्र)।** बुंदेलखंड राष्ट्र समिति बुंदेलखंड राज्य के लिए जनजाग्रति अभियान के तहत 1 जुलाई से 9 अगस्त तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को राखियाँ भेजने का अभियान छेड़ेगी। समिति के केंद्रीय अध्यक्ष प्रवीण पांडे ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इस रक्षाबंधन पर बुंदेलखंड के छात्र-छात्राएं यह विशेष और ऐतिहासिक अभियान चलाएंगे। समिति पूरे बुंदेलखंड में एकजुट होकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को राखी और भावुक पत्र भेजेगी जिनमें बुंदेलखंड राज्य की माँग को सीधे तौर पर रखा जाएगा। अभियान का नाम, ₹राखी भेजो, दर्द लिखो ', पीएम को कहो, हमें बुंदेलखंड चाहिए !₹ होगा। अभियान बुंदेलखंड के हर जिले के स्कूल-कॉलेज में चलेगा। हर विद्यार्थी प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर बताएगा कि बुंदेलखंड में आज भी रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, पानी और सम्मान के लिए संघर्ष क्यों है। छात्र का यह संदेश होगा, कि प्रधानमंत्री जी, इस रक्षाबंधन पर हमें केवल एक तोहफा चाहिए झ्र पृथक बुंदेलखंड राज्य।₹ अभियान झांसी, चित्रकूट, बांदा, महोबा, हमीरपुर, फतेहपुर, ललितपुर, जालौन, छतरपुर, पन्ना, दतिया आदि सभी जिलों में चलाया जाएगा।

### विद्युत समस्याओं को लेकर सीएम व ऊर्जा मंत्री को भेजा पत्र

**झाँसी, 03 जुलाई (तरूणमित्र)।** बुंदेलखंड निर्माण मोर्चा ने अध्यक्ष भानुसहाय के नेतृत्व में विद्युत विभाग के निजीकरण के विरोध, बुंदेलखंड के हिस्से की बिजली बुंदेलखंड को दिए जाने एवं बुंदेलखंड ग्रिड बनाए जाने के लिए प्रदेश की राजधानी लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व ऊर्जा मंत्री अरविन्द शर्मा के निवास पर उनके स्टाफ को पत्र सौंपा। पत्र में विभाग के संविदाकर्मियों के पद समाप्त किये जाने, नियमित कर्मचारियों की छंटनी व शोषण, आरक्षण की समाप्ति, विभाग की परिसम्पतियों का अत्यन्त सस्ते मूल्य पर अधिग्रहण आदि का भी विरोध किया गया है। पत्र में चेतावनी भी दी है कि यदि सरकार 15 दिन में इन मांगों पर ध्यान नहीं देगी तो मजबूर होकर धरना, प्रदर्शन, काले झंडे दिखाने, पुतला फूंकना आदि प्रक्रियाओं का प्रयोग करने को कार्यकर्त्ता बाध्य होंगे। इस अवसर पर रजनीश श्रीवास्तव भी उपस्थित रहे।

### जुआ पकड़ा, एक गिरफ्तार, शेष भागे, तीन वाहन जब्त

**झांसी/ कटेरा, 03 जुलाई (तरूणमित्र)।** कटेरा पुलिस ने जुए के अड्डे पर दबिश दी। इस दौरान एक युवक को पकड़ लिया जबकि अन्य जुआरी भाग गए। मौके से नकदी, ताश के पत्ते, मोबाइल फोन और तीन मोटर साइकिल बरामद की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देशन में कटेरा थानाध्यक्ष जय प्रकाश मय फोर्स के क्रिमिनलों की तलाश में लगे थे। सूचना मिली कि कसबे में कुछ लोग हारजीत की बाजी लगा रहे हैं। इस सूचना के आधार पर टीम ने वहां पर दबिश दी। दबिश के दौरान टीम ने निवाड़ी के ग्राम गितखिनी निवासी अतुल झां को गिरफ्तार कर लिया, जबकि कटेरा थाना क्षेत्र के मगरवारा निवासी अखिलेश अहिरवार, निवाड़ी के देवेंद्रपुरा निवासी हरेंद्र कुशवाहा मौके से भाग गए। मौके से 29 हजार कैश, 52 ताश के पत्ते, ओप्पो मोबाइल फोन औ? तीन मोटर साइकिल बरामद की गई।

### भाजपा विधायक का अपनी ही सरकार के मंत्री पर निशाना

**ललितपुर, 03 जुलाई (तरूणमित्र)।** भाजपा में आंतरिक खींचतान एक बार फिर सामने आई है। सदर विधायक रामरतन कुशवाहा ने अपनी ही पार्टी के मंत्री मनोहर लाल पंथ और उनके पुत्रों पर तीखा कटाक्ष करते हुए सोशल मीडिया पर बयान दिया, जो तेजी से वायरल हो रहा है। विधायक कुशवाहा ने कहा, ₹मंत्री तो मंत्री होता है, हमारे कहने से उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता। उन्होंने मंत्री के पुत्रों के व्यवहार पर भी सवाल उठाते हुए कहा, ₹मंत्री को अपनी गरिमा का ध्यान रखना चाहिए और अपने बच्चों पर नियंत्रण रखना चाहिए, क्योंकि बच्चे ही उनका भविष्य हैं।₹ सदर विधायक ने यह भी दावा किया कि ₹क्राइम ब्रांच ने पूरी रिपोर्ट शासन को भेज दी है, और मंत्री को विरोध का भी सामना करना पड़ा है। इस बयान ने भाजपा के अंदर राजनीतिक हलचल मचा दी है। भाजपा के भीतर इस तरह की खुली बयानबाजी ने न सिर्फ पार्टी के अनुशासन पर सवाल खड़े किए हैं, बल्कि यह आगामी चुनावी समीकरणों पर भी असर डाल सकती है।

### शहर में चोरों का तांडव, दो दुकानों से लाखों की चोरी

**ललितपुर, 03 जुलाई (तरूणमित्र)।** जिले के मवेशी बाजार में चोरों ने सुबह 5 बजे दो दुकानों पर धावा बोलकर लाखों रुपये की चोरी को अंजाम दिया। अंग्रेजी शराब और बीयर की दुकान से डेढ़ लाख रुपये और कैलगुआ चौराहे के पास मातोश्री ट्रेडर्स की एग्रीकल्चर दुकान से 1.60 लाख रुपये की चोरी हुई। चोरों ने शटर तोड़कर दुकानों में प्रवेश किया और नकदी समेत कीमती सामान ले उड़े। पूरी घटना दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई, जिसमें चोर ट्रैकसूट और टोपी पहने नजर आए। दुकानदारों ने सुबह दुकान खोलने पर चोरी का मंजर देखा तो उनके होश उड़ गए। यह दूसरी बड़ी चोरी की घटना है, इससे पहले चांदमारी मोहल्ले में एक मकान से 10 लाख रुपये की चोरी हुई थी। स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

## सीआईसी प्रधानाचार्य ने परिसर में कराया वृक्षारोपण

**चित्रकूट, 03 जुलाई (तरूणमित्र)।** पर्यावरण संरक्षण को लेकर वृहद वृक्षारोपण अभियान मे एक पेड़ मां के नाम का शुभारंभ सीआईसी प्रधानाचार्य डॉ रणवीर सिंह ने किया।

उन्होंने अपनी मां के नाम एक नीम का पेड़ रोहित कर सभी शिक्षकों कर्मचारियों और छात्र छात्राओं का आवाहन किया कि इसी तरह सभी लोग अपनी मां के नाम एक-एक पौधारोपण करें और प्रधानमंत्री जी के मिशन को पूरा करने में अपनी भागीदारी निभाएं। उन्होंने कहा कि वृक्ष हमें जीवन देते हैं ऑक्सीजन पेड़ों से ही हमें शुद्ध मिलती है इसलिए पर्यावरण संरक्षण के लिए अत्यधिक पेड़ लगाना अति आवश्यक है।

प्रधानमंत्री ने भी पर्यावरण संरक्षण के लिए पूरे देश में सघन वृक्षारोपण अभियान चलाने का बीड़ा उठाया है। गुरुवार को चित्रकूट इंटर कॉलेज कर्वी परिसर की खाली पड़ी भूमि में आधा सैकड़ा पोधरोपण किया। पौधरोपण कार्यक्रम में फूलचंद चंद्रवंशी, डॉ रमेश सिंह चंदेल, लालमन प्रजापति, डॉ प्रदीप सिंह, शंकर यादव, धीरेंद्र सिंह, शक्तिप्रताप सिंह सेंगर, विवेक, विनय साहू, तीर्थ सिंह श्रीवास्तव, ऋषि कुमार शुक्ला, सुनील शुक्ला, जयशंकर प्रसाद ओझा, राकेश सिंह, प्रदीप शुक्ला, बाबूलाल अहिरवार, रामबचन सिंह, कुंवर प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

# प्राकृतिक खेती पर चार दिवसीय प्रशिक्षण का सफल समापन



**झाँसी, 03 जुलाई (तरूणमित्र)।** रानी लक्ष्मीबाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अशोक कुमार सिंह ने कहा कि प्राकृतिक खेती न केवल स्वास्थ्यवर्धक भोजन और स्वच्छ पर्यावरण प्रदान करती है, बल्कि यह मृदा की उर्वरता, जल संरक्षण एवं पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने में भी सहायक है।

उन्होंने वैज्ञानिकों से आह्वान किया कि वे शोध, नवाचार और क्षेत्रीय प्रशिक्षण के माध्यम से प्राकृतिक खेती को आगे बढ़ाएं। यह बात उन्होंने राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के अंतर्गत 30 जून से 3 जुलाई तक आयोजित चार दिवसीय वैज्ञानिक एवं किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन अवसर पर कही। उन्होंने सुझाव दिया कि किसान भाई अपने खेतों के छोटे-छोटे हिस्सों में प्राकृतिक खेती को अपनाकर अन्य ग्रामीण किसानों के लिए एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करें। साथ ही वैज्ञानिक अपने अनुसंधान फॉर्म पर एक-दो एकड़ में प्राकृतिक खेती के मॉडल स्थापित करें, जिससे यह प्रदर्शन इकाई के रूप में किसानों के लिए मार्गदर्शक बन सके। निदेशक शिक्षा डॉ. अनिल कुमार ने जीवामृत, बीजामृत एवं प्राकृतिक कीटनाशकों सहित जैविक घटकों की वैज्ञानिक उपयोगिता और प्रभाव पर विस्तार से प्रकाश डाला।

प्राकृतिक खेती केंद्र के समन्वयक डॉ. अखिलेश कुमार सिंह ने प्रशिक्षण की संपूर्ण रूपरेखा, उद्देश्य और प्राप्त परिणामों को साझा किया। कार्यक्रम में मध्य प्रदेश के बालाघाट, सागर, टीकमगढ़, जबलपुर, नरसिंहपुर, देवास, बेतुल, छिंदवाड़ा, इंदौर, पन्ना, रीवा एवं सहजपुर जिलों से आए 95 प्रतिभागियों वैज्ञानिकों एवं किसानों ने सक्रिय सहभागिता की। संचालन डॉ. आशुतोष शर्मा व डॉ. विश्वनाथ ने आभार व्यक्त किया।

# पुलिस ने लूट की घटना का किया खुलासा, छह गिरफ्तार



**चित्रकूट, 03 जुलाई (तरूणमित्र)।** थाना मानिकपुर अन्तर्गत झरी रेलवे फाटक के पास हुई लूट के असफल प्रयास की घटना का पुलिस ने खुलासा करते हुए छह अभियुक्तो को दबोचा है।

पुलिस कार्यालय मे आयोजित पत्रकार वार्ता मे एसपी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि सत्यपाल सिंह एवं क्षेत्राधिकारी मऊ यामीन अहमद, एसओजी एवं थाना मानिकपुर की संयुक्त टीम ने आशीष द्विवेदी पुत्र राजेश द्विवेदी निवासी गोविन्द नगर कस्बा, नागेन्द्र पाल पुत्र राजाराम पाल निवासी पटेल नगर, विद्यासागर उर्फ मुक्कू पुत्र बच्चा सोनकर निवासी गांधीनगर, सत्येन्द्र पाल पुत्र रामअवतार पाल निवासी पटेल नगर, अमित कुमार पुत्र शिवमोहन कुमार यादव निवासी सोनपुर बिहार, हिमांशू मिश्रा पुत्र अखिलेश कुमार मिश्रा निवासी जवाहर नगर को मारकुण्डी तिराहा झरी रेलवे फाटक से दबोचा है। उन्होने बताया कि बीते दिन झरी रेलवे फाटक के पास कुछ अज्ञात व्यक्तियो द्वारा पिकअप लोडर पर पत्थर मारकर लूटने का प्रयास कर रहे थे। मौके पर घटना का स्थलीय निरीक्षण किया गया। तत्पश्चात पिकअप वाहन स्वामी मनीष पासी पुत्र कंचन प्रसाद पासी निवासी बम्हरौली प्रयागराज ने तहरीर दी थी। रात्रि में पिकअप लोडर को चालक पंकज व खलासी सतना लेकर जा रहे थे कि झरी रेलवे फाटक के पास कुछ अज्ञात व्यक्ति द्वारा रास्ते में रोककर वाहन उपरोक्त को लूटने का प्रयास कर रहे थे, जिससे डरकर चालक व खलासी जबलपुर भाग गये थे।

इस दौरान वादी मुकदमा व चालक व खलासी से गहन पूंछताछ व सर्विलांस, सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से की गयी जानकारी से लूट के प्रयास की घटना संदिग्ध प्रतीत हुई। पूंछताछ में आशीष द्विवेदी ने बताया कि अपनी मोटर साइकिल से पेट्रोप पम्प पर पेट्रोल डलाने अपने साथी सुधांशू के साथ जा रहा था जैसे ही मारकुण्डी तिराहे से सरैया की तरफ गयी इसी समय सरैया की तरफ से आ रही लोडर से बाइक टच कर गयी तब आशीष द्विवेदी ने अपनी बाइक मोडकर पीछा किया और मारकुण्डी तिराहे पर मिठाई की दुकान पर बैठे उसके दोस्त नागेन्द्र पाल, मुक्कू, सत्येन्द्र, अमित, हिमांशू मिल गये सभी लोगो ने तीन मोटर साइकिलो से पिकअप रोकने के लिए उसका पीछा कर लिया। बगल में पहुंचकर पिकअप रोकने का प्रयास करने लगे कि आशीष को पिकअप से हल्का धक्का लग गया और वह गिर गया। दोस्तो ने उसे उठाकर फिर पीछा किया तबतक पिकअप चालक गाड़ी को झरी फाटक के पास जंगल की तरफ मोडकर भाग गये थे।

गिरफ्तार करने वाली टीम मे प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर श्रीप्रकाश यादव, उनि नीरज, रामेश्वर प्रसाद, रोहित यादव, धीरेन्द्र किशोर, गजेन्द्र सिंह पायक रहे।

## कथावाचक के साथ हुई घटना शर्मनाक-अमित

**चित्रकूट, 03 जुलाई (तरूणमित्र)।** भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के प्रादेशिक आवाहन पर पदाधिकारियो ने कामरेड अमित यादव के नेतृत्व मे प्रदर्षन कर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। बाद प्रदर्षन मनभूषण पाल की अध्यक्षता में सभा की। जिला सचिव का. अमित यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में इटावा के बकेवर थाना क्षेत्र के दादरपुर गांव में 21 जून को एक शर्मनाक घटना में कथावाचक मुकुट मणि और उनके सहायक संत कुमार यादव के साथ मारपीट, अपमान और बाल कटवाने (चोटी और सिर मुंडवाने) की घटना में जाति पर आपत्ति की गई तथा अपमानित किया गया जिससे समूचे प्रदेश में गृहयुद्ध की स्थिति भाजपाइयों द्वारा बनाई गई परन्तु विपक्ष ने स्थिति को संभाला।

# प्रदेश सरकार के जल प्रबंधन व आपदा सुरक्षा मिशन में किसी भी स्तर की लापरवाही बर्दाश्त नहीं : डीएम

## जल रोधक बांध के कार्य में पाई गई कमी पर डीएम सख्त, दिए शीघ्र सुधार और रिकवरी के निर्देश



**उरई, 03 जुलाई (तरूणमित्र)।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण, मिट्टी कटाव रोकथाम और स्थानीय जल संचयन को बढ़ावा देने हेतु बनाए जा रहे जल रोधक बांधों की गुणवत्ता पर जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कड़ा रुख अपनाया है।

जिलाधिकारी ने ग्राम हरदोई राजा व बीरपुरा में हो रही वर्षा के बीच स्थल पर पहुंचकर ग्राम पंचायत एवं क्षेत्र पंचायत द्वारा निर्मित बांधों का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने बारिश में कीचड़ भरे खेतों के बीच स्वयं पैदल चलकर निर्माण कार्य की वास्तविक स्थिति देखी, जो उनकी कार्यप्रणाली की संवेदनशीलता और सजगता को दर्शाता है।

निरीक्षण में पाया गया कि बांध निर्माण कार्य निर्धारित तकनीकी मानकों के अनुरूप नहीं किया गया है। यह बांध वर्षा जल को निचले इलाकों में बहने से रोकने, मिट्टी के कटाव को कम करने एवं जल संचयन के लिए निर्मित किया गया था, किंतु इसकी गुणवत्ता संतोषजनक नहीं पाई गई। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय करते हुए कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए साथ ही रिकवरी की कार्रवाई के निर्देश दिए और स्पष्ट किया कि प्रदेश सरकार के जल प्रबंधन व आपदा सुरक्षा मिशन में किसी भी स्तर की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने भविष्य में सभी निर्माण कार्यों को गुणवत्ता व पारदर्शिता के साथ संपन्न कराने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, डीसी मनरेगा रामेन्द्र सिंह, खण्ड विकास अधिकारी प्रशांत आदि सिहित सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## भाजपा सरकार युवा बेरोजगारों के प्रति उदासीन : अरविंद

**उरई, 03 जुलाई (तरूणमित्र)।** जिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को देते हुए कहा कि भाजपा सरकार युवा बेरोजगारों के प्रति उदासीन रवैया अपनाए हुये है, और उन्हें हर तरह से प्रताड़ित करने का कार्य कर रही है। जिलाध्यक्ष अरविंद सेंगर ने कहा कि अभी हाल ही में प्रदेश की सरकार ने पांच हजार प्राइमरी व जूनियर विद्यालयों को मर्ज करने का निरणय लिया है जो युवा छात्र बेरोजगारों विरोधी निरणय है। कई जिलों में आज से ही मर्ज कर दिये गये है। इसका दुष्परिणाम सुदूर गांव के बच्चों पर पड़ेगा और इन्हें दूसरे गांव में शिक्षा ग्रहण करने के लिए जाना पड़ेगा। जिससे उन्हें और उनके अभिभावकों को भी बहुत परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

## मोहर्रम की 7 तारीख को ढोल नगाड़ों व अखाड़ा खेलते हुए निकाला अलम का जुलूस



**कोंच/उरई, 03 जुलाई (तरूणमित्र)।** माहे मुहर्रम की सातवीं तारीख को नगर में पारम्परिक तरीके से अलमों का जुलूस कड़ी सुरक्षा और मातमी धुनों के साथ निकाला गया चंदकुआ चौराहे से करीब 9:30 बजे फातिहा ख्वानी के बाद यह जुलूस शुरू हुआ यह जुलूस मुख्य मार्ग से सागर तालाब नई बस्ती लक्ली चौराहा सब्जी मंडी होते हुए लाजपत नगर कटरा पहुंचा फिर वहां से वापस स्टेट बैंक चौराहा बंगले वाली मस्जिद भगत सिंह नगर आराजी लाइन आजाद नगर होते हुए बजरिया पावर हाउस से गुजरकर देर शाम अपने गंतव्य पर पहुंचेगा जहां पर जुलूस का समापन फातिहा ख्वानी के बाद तबर्रुख (प्रसाद) वितरण के साथ हुआ।

इस मौके पर शेख मन्सूरान, कमेटी चन्दकुआ से मुस्तकीम, ताजिया कमेटी अध्यक्ष वसीर मंसूरी, नईम मंसूरी, उपाध्यक्ष कमेटी साजिद अली, हसन, आमिर मंसूरी एसी वाले, जावीद मंसूरी चन्दकुआ, लला लाइट वाले, आरिफ मंसूरी, अकील मंसूरी, इस्लाम महाते, लियाकत अली, कल्लू सहित तमाम लोग मौजूद रहे वहीं सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस क्षेत्राधिकारी परमेश्वर प्रसाद, प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार पांडेय पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

## गुरु पूर्णिमा महोत्सवः देवगांव में श्रीमद्भागवत कथा की निकली कलश यात्रा



**कोंच/उरई, 03 जुलाई (तरूणमित्र)।** ब्रह्मलीन परमहंस बद्रीदास महाराज के 122वें जन्मदिवस महोत्सव व गुरू पूर्णिमा पर्व के पावन अवसर पर तहसील क्षेत्र के ग्राम देवगांव स्थित बद्री विशाल आश्रम पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ का बुधवार की शाम भव्य कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ।

कलश यात्रा में रथ पर भागवताचार्य खिलनकृष्ण शास्त्री वृंदावन धाम विराजमान थे जबकि परीक्षित उर्मिला-कृष्णा दुवे सिर पर श्रीमद्भागवत पुराण रखकर चल रहे थे। ढोल नगाड़ों व बैंड बाजों के बीच सैकड़ों महिलाएं आम्रपत्तों व पुष्पों से सजे सुंदर कलश लेकर कीर्तन गाती हुई कलश यात्रा में शामिल रहीं। समूचे गांव का भ्रमण कर कलश यात्रा आश्रम स्थल पर पहुंची जहां गणेश पूजन के पश्चात कथा व्यास ने उपस्थित श्रोताओं को प्रथम दिवस की संगीतमय कथा का श्रवण कराया। 9 जुलाई को कथा विराम होने पर संकीर्तन कार्यक्रम किया जाएगा और अगले रोज 10 जुलाई को साढ़े 7 बजे से हवन एवं दोपहर 12 से शाम 6 बजे तक भंडारा प्रसाद बांटा जायेगा। 10 जुलाई को ही मनाए जाने वाले गुरु पूर्णिमा पर्व को लेकर प्रातः काल ब्रह्म मुहूर्त में 3रू30 बजे से लेकर सुबह 5रू30 तक गुरुदेव के स्नान और सुबह 6 बजे गुरुजी की आरती संपन्न होगी। सभी धार्मिक कार्यक्रमों की व्यवस्थाओं में आश्रम के प्रबंधक मदन मोहन तिवारी की अगुवाई में ग्रामीण लगे हुए हैं।

## सड़क पर गोवंश मिलने पर होगी सख्त कार्रवाई : जिलाधिकारी

**उरई, 03 जुलाई (तरूणमित्र)।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि गौशालाओं से एक भी गोवंश सड़क पर विचरण करता न दिखाई दे। उन्होंने कहा कि सड़क पर गोवंश के विचरण से दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है, जिससे आमजन की सुरक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

जिलाधिकारी ने समस्त खंड विकास अधिकारियों एवं नगर निकायों के अधिशाषी अधिकारियों को निर्देशित किया कि सघन अभियान चलाकर यह सुनिश्चित करें कि कोई भी गोवंश खुले में न घूमे। यदि किसी पशुपालक का गोवंश सड़क पर पाया जाता है, तो उसे चिन्हित कर पशुपालकों पर सख्त कार्रवाई की जाए और जुमार्ना भी वसूला जाए। उन्होंने कहा कि गोवंश की देखभाल केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि यह समाज की भी सामूहिक जिम्मेदारी है। सभी पशुपालकों से अपील करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि वे अपने गोवंश को सुरक्षित स्थानों पर रखें और जनहित में प्रशासन का सहयोग करें।

# एसडीएम को सौंपा शिकायती पत्र, जलभराव से निजात दिलाने की उठाई मांग

## एसडीएम के निर्देश पर जांच टीम ने मौके पर पहुंचकर किया निरीक्षण, जांच आख्या एसडीएम को भेजी



**जालौन/उरई, 03 जुलाई (तरूणमित्र)।** मंदिर के सामने जलभराव होने से भक्तों को मंदिर आने में दिक्कत होती है। इसके साथ ही पशुबाड़े में भी जलभराव हो जाता है। पीड़ित महिला ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर समस्या का समाधान कराने की मागं की है। एसडीएम के निर्देश पर जांच टीम ने मौके पर जाकर निरीक्षण किया।

तहसील क्षेत्र के ग्राम एकों निवासी बीना तिवारी पत्नी नीतेश तिवारी ने एसडीएम विनय मौर्य को शिकायती पत्र देकर बताया कि उनके घर के सामने रामजानकी मंदिर स्थापित है। जिसमें सुबह शाम भक्त पूजा अर्चना के लिए आते हैं। पास में ही उसका पशुबाड़ा है। जिसमें वह तीन गायें रखे हुए है। जिससे उसका घर खर्च चलता है। इस जगह पर बारिश के मौसम में जलभराव हो जाता है। गांव के कुछ लोग पानी को निकलने नहीं देते हैं। जिससे कई कई दिनों तक पानी जमा रहता है। इससे वहां गंदगी और कीचड़ बना रहता है।

मंदिर में पूजा अर्चना के लिए जाने वाले भक्तों के साथ ही उसे भी पशुबाड़े तक पहुंचने में दिक्कत होती है। महिला ने एसडीएम से समस्या का समाधान कराने की मागं की। जिसका संज्ञान लेते हुए एसडीएम ने ग्राम पंचायत अधिकारी विनय कुमार स्वर्णकार, दीपा कुशवाहा व ग्राम विकास अधिकारी शिवम गुप्ता को जांच कर आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे। एसडीएम के निर्देश पर जांच टीम ने मौके पर जाकर निरीक्षण किया और जलभराव की समस्या को देखा।

जांच टीम ने मौके पर इंटरलॉकिंग कराने की संस्तुति करते हुए जांच आख्या एसडीएम को भेज दी है।

## बारिश में गिरा गरीब का आशियाना, चुटहिल हुए परिजन

**कोंच/उरई, 03 जुलाई (तरूणमित्र)।** बारिश के मौसम में नमी खाकर कमजोर हुए एक घर का बुधवार की रात टिन शेड और दीवार गिरने से कमरे में सो रहे लोग चुटहिल हो गए। पीड़ित ने एसडीएम से मदद की गुहार लगाई है।

मोहल्ला गांधीनगर में मरई माता मंदिर के समीप रहने वाले कौशल किशोर पुत्र साधूराम ने एसडीएम ज्योति सिंह को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि वह परिजनों संग टिन शेड से आच्छादित घर में रहता है। बारिश के चलते बुधवार की रात अचानक टिन शेड सहित दीवार गिर पड़ी। मलबे में दबकर वह और उसके माता पिता चुटहिल हो गए। कौशल किशोर ने एसडीएम से आर्थिक मदद दिए जाने की गुहार लगाई है।

# मानक विहीन इमारत 'मामा कपड़े वाले' काम्प्लेक्स पर विभाग आखिर क्यों मेहरबान

### सुरक्षा के मानकों को ताक पर रखकर खड़ी कर दी मानक विहीन इमारत



**उन्नाव, 03 जुलाई (तरूणमित्र)।** मौजूदा समय में शहर में बहुमंजिला इमारतों के बनाने का सिलसिला शुरू हो गया है और इन इमारतों में भव्यता के साथ अनेक प्रकार के शोरूम भी खुल रहे है। ध्यान देने वाली बात यह है कि बहुमंजिली इमारतों का निर्माण क्या मानकों के अनुसार किया जाता है कि नहीं अगर नहीं किया जाता है तब ऐसी इमारतों पर कार्यवाही जरूर होनी चाहिए।

शहर में ऐसी ही मानकविहीन इमारतों में शुमार मामा कपड़े वाले के नाम से शोरूम संचालित हो रहे हैं जहां पर निर्माण करते समय मानकों की जम कर धज्जियां उड़ाई गई हैं। मानकों को अनदेखा करके बनाए गए मामा कपड़े वाले नाम के शोरूम शहर के अतिव्यस्त इलाको में से एक स्टेशन रोड और छोटा चौराहा पर स्थित है। इन शोरूम की वजह से आए दिन रास्ते पर जाम की समस्या उत्पन्न हो जाती हैं और यातायात को व्यवस्थित करने में पुलिस को कड़ी मेहनत करना पड़ता है यही नहीं शोरूम के अंदर भी बड़ा ही घुटन भरा वातावरण बना रहता है। यदि कोई आग की घटना हो जाए तो शोरूम के अंदर मौजूद लोगों का बाहर निकलना लगभग नामुमकिन लगता है। शहर की हृदयस्थली कहा जाने वाला छोटा चौराहा-बड़ा चौराहा मुख्य मार्ग पर हमेशा यातायात व्यस्त रहता है। स्टेशन रोड जैसे रास्तों पर दमकल को पहुंचने में काफी समय भी लग सकता है। लेकिन मानक विहीन दुकाने अपने व्यापार चलाने के लालच मे ग्राहकों के जान से खिलवाड़ करते हुए अपना मुनाफा कमाने में लगे है। ऐसे लोगों पर कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। कई आग की घटनाएं भी हो चुकी है। इसके बावजूद इस तरह की लापरवाही कही न कही जिम्मेदार अधिकारियों की अनदेखी का परिणाम भी हो सकती है। ऐसी चर्चा अक्सर सुनी जाती है।

### क्या बोले जिम्मेदार ?

संबंधित मानकविहीन इमारतों के विषय पर उन्नाव शुक्लागंज विकास प्राधिकरण के सचिव नवीन चंद्र ने बताया कि मनमाने ढंग से बनाई गई मामा कपड़े वाले की दुकान जो छोटा चौराहा पर मौजूद है उसको नोटिस जारी किया जा चुका है और तीस दिनों का समय दिया गया है जिसमें वह अपना जवाब दे और दूसरी दुकान जो स्टेशन रोड पर है वहां पर इमारत का निरीक्षण करने के लिए टीम को भेज दिया है निरीक्षण में यदि मानकों को पूरा नहीं किया गया है और इमारत तैयार हो गयी है तो उसे भी नोटिस जारी किया जाएगा और दोषी पाए जाने पर कठोर कार्रवाई किया जाएगा।

## जागरुकता रैली निकाल स्कूल आने के लिये किया प्रेरित

**कालपी/उरई, 03 जुलाई (तरूणमित्र)।** स्कूल चलो अभियान के तहत नगरीय क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा नगर शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार राजपूत के नेतृत्व में नगर के गलियों में घूम-घूम कर नारे लगाते हुए रैली निकाल कर बच्चों को अभिभावकों को स्कूल आने के लिए प्रेरित किया।

बताते चलें कि नगर की सड़कों में जागरूकता रैली निकालकर नगर शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार राजपूत के द्वारा परिषदीय विद्यालयों में निशुल्क पाठ्य पुस्तकों, मोजा, जूता, ड्रेस, स्कूल बैग मिलने के फायदे के बारे में बताया गया। इसके पहले रैली निकालते हुए एवं नगर का भ्रमण किया गया। स्कूल चलो की उक्त रैली को हरी झंडी खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार राजपूत के द्वारा दिखाई गई एवं रैली को रवाना किया गया। जिसमें पूर्व माध्यमिक विद्यालय कालपी की प्रधानाध्यापिका संगीता श्रीवास्तव, कन्या प्राथमिक विद्यालय दमदमा के शिक्षक खालिद अंसारी, कन्या प्राथमिक विद्यालय मनीगंज के शिक्षक बृजभूषण तिवारी, कन्या प्राथमिक विद्यालय हरीगंज के शिक्षक इसरार अहमद एवं बी आरसी के राजेश कुमार, लिपिक मिथुन प्रजापति, ब्लॉक समन्वयक राजीव त्रिपाठी, लेखाकार शिवम विश्नोई, कार्यालय सहायक उमेश कुमार, कार्यालय सहायक नगर क्षेत्र के दो दर्जन विद्यालयों के बच्चे एवं प्रधानाध्यापकों ने उक्त रैली में प्रतिभाग किया। बच्चों के द्वारा स्कूल चलो अभियान एवं संचारी रोग के संबंध में नारे देते हुए नगर में भ्रमण किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### चोरों ने की इन्वर्टर बैट्री व नकदी पार

**पुरवा उन्नाव, 03 जुलाई (तरूणमित्र)।** क्षेत्र के तारनखेड़ा गांव के पास स्थित ट्रेडर्स व्यवसाई की दुकान से बुधवार रात चोर ने शटर का ताला तोड़कर अंदर रखे इनवर्टर, बैटरा व दस हजार नकद पार कर दिया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है। बता दे कि कस्बे के मुहल्ला पश्चिम टोला निवासी जितेंद्र कुमार दही - पुरवा मार्ग किनारे गांव तारनखेड़ा के पास ट्रेडर्स की दुकान किए हुए है।बुधवार रात स्वास्थ्य सही ना होने के चलते जितेंद्र घर आ गया था। गुरुवार सुबह जब दुकान पहुंचा तो शटर का ताला टूटा देख दंग रह गया। अंदर जाकर देखा तो दुकान में रखा इनवर्टर, बैटरा व दस हजार नकद गायब था। आसपास के लोगो से जानकारी की,लेकिन कुछ पता नहीं चल सका है।पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाल अमरनाथ यादव ने बताया कि तहरीर मिली है।जांच की जा रही है।

### दबंगों ने दंपति व बच्चों के साथ की मारपीट

**राठ, 03 जुलाई (तरूणमित्र)।** नगर के मोहल्ला सिकंदरपुरा में दबंग ने दंपति सहित उनके बच्चों के साथ लाठी डंडों से मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया है। पीड़िता ने घटना की लिखित शिकायत राठ कोतवाली में की है। नगर के मोहल्ला सिकंदरपुरा निवासी शिखा देवी ने बताया कि आज बुधवार को उसका पति कमलेश गुप्ता पूजा करने के लिए मंदिर जा रहे थे। तभी पड़ोसी परिजन पुष्पेंद्र पुत्र बृजमोहन गुप्ता व उसकी पत्नी अंजू उनके साथ गाली गलौच कर लाठी डंडों से मारपीट करने लगी। इस दौरान चीख पुकार सुन वह, उसकी पुत्री दीपशिखा व पुत्र मोहित उन्हें बचाने आए तो उक्त लोगों ने उन्हें भी मारपीट कर घायल कर दिया है। जिसकी शिकायत उन्होंने राठ कोतवाली में की है।

### सरकारी चकरोड पर अवैध कब्जा करने का आरोप

**कोंच/उरई, 03 जुलाई (तरूणमित्र)।** तहसील क्षेत्र के ग्राम सिमिरिया निवासी लल्लू परिहार पुत्र मलखान सिंह व चंद्रभान पुत्र शम्भू और अनिल कुमार पुत्र रमाशंकर ने दिन गुरुवार को उपजिलाधिकारी ज्योति सिंह को एक शिकायती पत्र देते हुए बताया कि हम लोगों के खेतों पर आने जाने के लिए चकरोड नम्बर 311 चकबंदी के समय से यथास्थान कायम रहा लेकिन ग्राम के ही विस्तारवादी नीति के संतराम पुत्र गोधन व उनके लड़के मौके पर जे सी बी से चकरोड को संकीर्ण करके एवं नाला को चकरोड की जगह में बनाकर हम लोगों के आवागमन में बाधा उत्पन्न कर रहे है जिससे हम लोगों को हमेशा के लिए परेशानी पैदा हो जाएगी एवं अपने खेतों पर ट्रैक्टर ट्राली आदि ले जाने में भारी बाधा उत्पन्न हो जावेगी जबकि चकबंदी समय से चकरोड अभी तक कायम रहा उक्त लोगों को हम लोगों द्वारा मना करने पर उक्त लोग मानने को तैयार नहीं है। किसानों ने एसडीएम से किसी सक्षम अधिकारी को मौके पर भेजकर उपरोक्त चकरोड नम्बर 311 व नाला संख्या 304 को पूर्ववत यथा स्थान पुलिस बल की मदद से कायम कराए जाने की मांग की है।

## मोबाइल वैन सुविधा के माध्यम से 'पासपोर्ट शिविर का हुआ शुभारम्भ

**महोबा, 03 जुलाई (तरूणमित्र)।** अपर जिलाधिकारी वित्त,राजस्व राम प्रकाश नें बताया कि महोबा जिले के पासपोर्ट आवेदकों की सुविधा के लिए, क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय, लखनऊ द्वारा मुख्य डाकघर, महोबा (ऊदल चौक के पास, महोबा, पिन-210427) में मोबाइल वैन सुविधा के माध्यम से 'पासपोर्ट शिविर का शुभारम्भ किया जा रहा है। यह सुविधा तीन दिनों तक अर्थात 14,15,16 जुलाई के लिए उपलब्ध रहेगी।

प्रत्येक दिन के लिए कुल 40 सामान्य अपॉइंटमेंट जारी किए गए हैं। पासपोर्ट वैन एक मोबाइल पासपोर्ट सेवा केंद्र है, जो आवेदकों को उनके निकटतम स्थान पर पासपोर्ट सेवाएं प्रदान करता है। इसका उद्देश्य आवेदकों को पासपोर्ट सेवाओं तक आसानी से पहुंचने में मदद करना है, विशेष रूप से उन क्षेत्रों में जहां पासपोर्ट सेवा केन्द्रों की कमी है। महोबा के आवेदकों के लिए पासपोर्ट सेवा केंद्र अभी उपलब्ध नहीं होने के कारण अपॉइंटमेंट की समस्या एक बड़ी चुनौती है तथा आवेदकों को दूरस्थ सेवा केन्द्रों का चयन करना पड़ता है। इस समस्या का समाधान करने के लिए क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय, लखनऊ द्वारा मोबाइल वैन की सुविधा का यह कदम उठाया गया है। यदि यह प्रयोग सफल होता है, तो महोबा में नियमित रूप से हर महीने ऐसे मोबाइल वैन शिविर का आयोजन करने पर विचार किया जा सकता है ताकि आवेदकों को आसानी से पासपोर्ट सेवाएं प्राप्त करने में मदद मिले। महोबा के निवासी www.passportindia.gov.in पोर्टल पर अपना अपॉइंटमेंट प्राप्त कर सकते हैं।

## वीडियो वायरल करने की दी धमकी, पुलिस ने लिखा मुकद्दमा

**कोंच/उरई, 03 जुलाई (तरूणमित्र)।** जबरन घर मे घुसकर अवैध सम्बन्ध बनाये जाने की बात कहने लगे जब इसका विरोध किया तो उक्त लोग वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देने लगे जिस पर बदनामी के कारण एक नावालिग ने छत से कूंदकर जीवन लीला समाप्त करने की कोशिश की। मामला नगर के एक मोहल्ले का है जहां पीड़िता की माँ ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि घटना दिनांक 1 जुलाई 2025 समय करीब शाम 6.30 बजे शाम की है। जब वह अपनी पुत्रियों के साथ घर पर थी तभी मोहल्ला प्रताप नगर निवासी मुहम्मद इंजमाम राईन व आशिक राईन पुत्रगण अजीज उर्फ मुदे राईन घर मे घुस आए और अश्लील हरकत करते हुए अवैध सम्बन्ध बनाने का दबाब बनाने लगे।

# हुसैन जिंदाबाद, जिंदाबाद रहेगा...

### हजरत उस्मान की शहादत सुन, लोगों के छलके आशु, लगाएं नारे



**उरई, 03 जुलाई (तरूणमित्र)।** मुस्लिम वैलफेयर एसोसिएशन की ओर से मोहल्ला तिलक नगर के बरकाती ग्राउंड में दस दिवसीय प्रोग्राम की छठवीं महफिल में बुधवार की रात पैगाम-ए-शहीदे आजम कॉन्फ्रेंस का आगाज हाफिज फजले अजीम ने तिलावते कलाम पाक से किया। इस दौरान उल्माओ ने मौला हुसैन की अजमत और इस्लाम धर्म के तीसरे खलीफा हजरत उस्मान की शहादत बयां की।

कांफ्रेंस में में सैय्यद ताहिर मसूदी ने मनकबत पढ़ी, जिक्रे मरदूद तू औकात में रहना अपनी, आसमान सर पे उठा लेंगे अली के बेटे,जुल्म जितना तुझे करना है कर ले लेकिन, दीने इस्लाम बचा लेंगे अली के बेटे, हुसैन जिंदाबाद, जिंदाबाद रहेगा। इसके पहले सैय्यद आमिर मियां ने हजरत उस्मान की शहादत बयां करते हुये कहा, हजरत अमिरुल मोमिनीन उमर फारुके आजम की शहादत के बाद हजरत उस्मान खलीफा चुने गए। इस दौरान उन्होंने बारा बरस तक खिलाफत को संभाला। बयासी बरस की उम्र में मिस्र के बागियो ने आप के मकान का घेराव कर लिया और 12 जिल हिज्जा या 18 जिल हिज्जा 35 हिजरी जुमा के दिन उन बागियो में से एक बद नसीब ने आप को रात के वक्त इस हाल में शहीद कर दिया कि आप कुरआन पाक की तिलावत कर रहे थे। शायर अशरफ बरकाती, शबीउद्दीन ने मनकबत पढ़कर महफिल में वाहवाही लूटी। कॉन्फ्रेंस में आए हुए लोगों का मुस्लिम वेलफेयर एसोसिएशन के सदर शारिक बेग बरकाती ने इस्तकबाल किया। इस दौरान वासिक बेग बरकाती, नासिरुद्दीन खान, आकिल बेग, रईस, तालिब बेग, अब्दुल रज्जाक, मकसूद अहमद, नबीउद्दीन, जमीर खान, अनवर गौरी, रूमान, तारिक, अनवारुल, जिया, दानिश बेग आदि मौजूद रहे।


**पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड।**

अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल–प्रथम, 57 जार्ज टाउन, प्रयागराज

| | |
|---|---|
| ई–निविदा सूचनाः **01/EDCP-I/2025-26** | दिनांक : 04.07.2025 |
| **कार्य का नामः** विद्युत वितरण खण्ड–मेजा, प्रयागराज के अन्तर्गत जल जीवन मिशन कार्यक्रम के फेज–4 आई०बी०पी०एस०–3 ग्राम माण्डा खास के अन्तर्गत 33/11 के0वी0 उपकेन्द्र हाटा से माण्डा खास में 11 के0वी0 एच०टी० विद्युत लाइनों के निर्माण का कार्य पूर्ण जमा योजना मद में सेमी टर्न–की के आधार पर। | |
| ई–निविदा प्रपत्र शुल्क : रू0 1180.00 | ई–निविदा धरोहर धनराशि रू0 16300.00 |
| ई–निविदा की अंतिम तिथि : 22 जुलाई 2025, 11:00 बजे | |
| विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनाएं वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जाएगी। | |
| पत्रांक–3994/वि0वि0म0प्र0प्रया0/प्रेस विज्ञप्ति दिनांक–03/07/2025 | |

राष्ट्रहित मे बिजली बचायें।


## रैली निकालकर परिषदीय स्कूलों में दाखिले के प्रति किया जागरूक

**कोंच/उरई, 03 जुलाई (तरूणमित्र)।** नए शिक्षण सत्र में बच्चों को स्कूलों में दाखिला कराने के बेसिक शिक्षा विभाग पूरे मनोयोग से जुटा हुआ है। सरकारी परिषदीय स्कूलों में बच्चों का दाखिला अधिक से अधिक संख्या में हो सके, इसके लिए जागरूकता रैलियां निकाली जा रहीं हैं जिनके जरिए अभिभावकों को परिषदीय स्कूलों की बेहतर व्यवस्थाओं के प्रति बताया जा रहा है। स्कूल चलो अभियान के द्वितीय चरण के तहत गुरुवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय नगर क्षेत्र कोंच द्वारा स्कूल चलो अभियान रैली बस स्टैंड इलाके में निकाली गई। नवागंतुक खंड शिक्षा अधिकारी सुनील राजपूत ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

# मुख्य विकास अधिकारी ने कैंपेन का किया शुभारम्भ

### जनपद के 268 गाँव में मोबाइल वैन करेगी परिवार नियोजन पर प्रचार-प्रसार

**उन्नाव, 03 जुलाई (तरूणमित्र)।** उम्मीद परियोजना जो कि स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत पापुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के द्वारा मोबिउस फाउंडेशन के वित्तीय सहयोग से उन्नाव जनपद के 8 ब्लॉक में चलाई जा रही है, कलेक्ट्रेट स्थित पन्नालाल सभागार में मुख्य विकास अधिकारी सुश्री कृति राज की अध्यक्षता में डिस्ट्रिक्ट वर्किंग ग्रुप की बैठक का आयोजन सम्पन्न हुआ। जिसमें मुख्य विकास अधिकारी/मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, एन.आर.एल.एम. विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति में सामाजिक व्यवहार परिवर्तन एवं परिवार नियोजन की जानकारी के प्रचार-प्रसार लाने वाले कैंपेन ह्यइतनी भी क्या जल्दी है को लांच किया गया।

मुख्य विकास अधिकारी द्वारा बताया गया कि एस.बी.सी.सी कैंपेन ह्यइतनी भी क्या जल्दी है? का उद्देश्य पोस्टर्स, फिल्मों, जिंगल्स आदि का प्रयोग कर परिवार नियोजन के प्रति जन-जन में जागरूकता पैदा करना है। एसबीसीसी अभियान ह्यइतनी भी क्या जल्दी है? के प्राथमिक विषय और संदेश हैं सही उम्र में शादी, पहला बच्चा देरी से, दो बच्चों के जन्म में अंतर तथा आपातकालीन गर्भ निरोधक गोली का सही उपयोग हैं। लांच के दौरान चारों विषयों पर आधारित पोस्टर्स का विमोचन, तथा प्रचार प्रसार हेतु बनाई गयी लघु फिल्मों और जिंगल्स को जारी किया गया। मुख्य विकास अधिकारी/मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा इस अवसर पर जनपद के तीन ब्लॉक के 150 गाँव में परिवार नियोजन के प्रचार प्रसार के लिए चलाई जाने वाली मोबाइल वैन को झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जिलाधिकारी द्वारा इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारियों को प्रतिज्ञा भी दिलवाई गयी कि वे इन सभी मुद्दों पर भविष्य में कार्य करेंगे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने विभिन्न विभागों के उपस्थित अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि अन्तर्विभागीय समन्वय से कैंपेन में गतिशीलता आयेगी सभी विभागों के सहयोग से परिवार नियोजन के साधनों की मांग को बढाने और इस से जुड़ी भ्रांतियों को दूर किया जा सकता है। इसलिए यह आवश्यक है कि सभी विभाग कैंपेन में विकसित सामग्री और फिल्मों को अपने स्टाफ के माध्यम से क्षेत्र में अवश्य दिखाएँ। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 जे0आर0 सिंह द्वारा अवगत कराया गया कि एस.बी.सी.सी.कैंपेन ह्यइतनी भी क्या जल्दी है? के अंतर्गत पापुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा प्रचार-प्रसार के लिए पोस्टर्स, फिल्में, जिंगल्स इत्यादि बनाए गए हैं तथा ऑनलाइन (इन्स्टा, यूट्यब, ट्विटर, फेसबुक) एवं ऑफलाइन (होर्डिंग्स) माध्यमों से भी जानकारी का प्रसार किया जाएगा। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए डॉ0 नरेन्द्र सिंह अपर मुख्य चिकित्साधिकारी (आर.सी.एच.) ने समुदाय स्तरीय सेवाप्रदाताओ तथा प्रधानों की भूमिका परिवार नियोजन कार्यक्रम की सफलता के लिए महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में बताया। मोबिअस फाउंडेशन के प्रतिनिधि प्रभात कुमार ने बताया कि आज पर्यावरण में तेजी से बदलाव आ रहा है और संसाधन भी सीमित हो रहे है, इसका उपयोग सही एवं पूर्ण होना आवश्यक है, इसमें संतुलन बनाये रखने के लिए परिवार नियोजन जैसे कार्यक्रमों की मुख्य भूमिका है। कार्यक्रम में उपरोक्त के अतिरिक्त परिवार कल्याण महानिदेशालय से डा0 अमित सिंह एवं डा0 अश्वनी कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी आलोक सिन्हा, जिला कार्यक्रम अधिकारी इन्तजार अहमद सिद्दकी, जिला प्रोबेशन अधिकारी क्षमानाथ राय, शिक्षा, ग्राम्य विकास, महिला एवं बाल विकास, एन.आर.एल.एम इत्यादि के अधिकारीगण की उपस्थिति रहे।

## गंगा रामपुर गांव में बजबजा रहीं नालियां

हथगाम, फतेहपुर, 03 जुलाई (तरूणमित्र)। हथगाम ब्लॉक के ग्राम गंगा रामपुर गांव में कई महीनों से साफ सफाई न होने से जगह-जगह गंदगी का अंबार लगा हुआ है। नालियां बजबजा रही हैं जिससे संक्रमण फैलने का खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों द्वारा प्रधान से कई बार रोड व नालियों में रुके गंदे पानी को लेकर कहा गया परंतु नालियों में भरे गंदे पानी को नहीं निकला गया जिससे नालियों में पड़े कीड़े व बदबू से जीना मुहाल हैं। महीनो से सफाई न होने से गंदगी का ढेर लगा हुआ है। नालियां जाम हो चुकी है। गंदा पानी सड़क पर बह रहा है। गांव के रहने वाले अंशुल का कहना है कि गांव में सफाई नहीं होने से गंदगी से परेशान हैं।

# फैक्ट्री के अंदर घातक रसायनों से तैयार किया जा रहा था पनीर

- फैक्ट्री में सोयाबीन पाउडर, चूने का घोल, एसिटिक एसिड और हाइड्रोजन पेराक्साइड जैसे रसायन का भंडार मिला



मथुरा, 03 जुलाई (तरूणमित्र)। मथुरा में बेहद खतरनाक तरीके से स्वास्थ्य के लिए घातक रसायनों से हजारों किलो पनीर प्रतिदिन फैक्ट्री में तैयार किया जा रहा था। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने इनपुट मिलने के बाद जाल बिछाया और फैक्ट्री पर पुलिस की मौजूदगी में दलबल के साथ छापामार।

छापामार कार्यवाही के दौरान फैक्ट्री के अंदर का नजारा देख कर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम में सामिल अधिकारी भी अचंभित रह गये। संचालक के पास इस तरह का कारोबार करने के लिए किसी तरह का कोई लाइसेंस नहीं था। बरसाना में संचालित इस अवैध फैक्ट्री से 1100 किलो पनीर जब्त किया गया जबकि खाद्य सुरक्षा टीम ने कारखाने में की छापेमारी के दौरान 6 सैंपल लिए जिन्हें जांच के लिए भेजा गया है। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने जनपद के अलग अलग स्थान पर छापामार कार्रवाई की है। बरसाना स्थित एक पनीर फैक्ट्री पर छापेमारी की गई।

सहायक आयुक्त धीरेंद्र प्रताप सिंह और खाद्य सुरक्षा अधिकारी ज्ञानपाल के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने कार्रवाई की। निरीक्षण के दौरान टीम को परिसर में पनीर का निर्माण होते हुए मिला। फैक्ट्री में खाद्य व्यवसाय के लिए आवश्यक लाइसेंस नहीं था। टीम ने मौके से 3800 लीटर रिकॉम्बाइंड मिल्क, 60 किलो मिश्रित दूध और लगभग 1100 किलो तैयार पनीर जब्त किया। इसके अलावा फैक्ट्री से रिफाइंड के 13 टिन सोयाबीन पाउडर, 13 टीन प्रत्येक टीन में 15 लीटर रिफाइन पामोलीन था। प्लास्टिक के डिब्बे में सात किलो चूने का घोल, पनीर बनाने के लिए एक ड्रम में 40 किलो मिश्रति घोल, एक कैन में 30 लीटर एसिडिक ऐसिड, 25 लीटार हाइड्रोजन पर आक्साइड आदि सामान बरामद किया। कार्यवाही करने वाली टीम में सहायक आयुक्त खाद्य धीरेन्द्र प्रताप सिंह, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी ज्ञानपाल सिंह, खाद्य सुरक्षा अधिकारी दलवीर सिंह, खाद्य सुरक्षा अधिकारी अरूण कुमार आदि थे। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत कार्रवाई करते हुए टीम ने कुल 6 नमूने लिए। इनमें पनीर के 2 नमूने, रिफाइंड तेल का 1 नमूना, चूने के घोल के 2 नमूने और पनीर बनाने में प्रयुक्त घोल का 1 नमूना शामिल है।

## मोहर्रम को ले डीएम ने दिए शांति व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश

मैनपुरी, 03 जुलाई (तरूणमित्र)। आगामी 6 जुलाई से मोहर्रम के मुख्य पर्व तक जिले में शांति और सौहार्द बनाए रखने के लिए कर्मी प्रशासन सतर्क रहेगा। जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने समस्त उप जिला मजिस्ट्रेटों को निर्देशित किया है कि मोहर्रम के जुलूसों के दौरान सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था रहे, अफवाहों पर सख्ती से रोक लगे और संवेदनशील इलाकों में विशेष सतर्कता बरती जाए।

डीएम ने करहल रोड स्थित विवादित चबूतरे पर विशेष पुलिस बल तैनात करने, आवारा पशुओं पर रोक लगाने और अफवाह फैलाने वालों पर कार्रवाई के निर्देश दिए। नगर निकायों को सड़कों, नालियों की विशेष सफाई, करबला-इमामबाड़ों के पास चूना डालने और शुद्ध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा गया है। साथ ही सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत राशन का समय पर वितरण तथा त्योहार पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश भी जारी किए गए हैं।

डीएम ने कहा कि मोहर्रम परंपरा अनुसार शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखना प्राथमिकता है, जिसके लिए उप जिला मजिस्ट्रेट व क्षेत्राधिकारी अपने क्षेत्रों में भ्रमण कर व्यवस्था पर नजर रखेंगे और पूरी जिम्मेदारी निभाएंगे।

# माया टीला हादसे के मुख्य आरोपी सुनील चैन पर लगाई रासुका

मथुरा, 03 जुलाई (तरूणमित्र)। गोविन्दनगर क्षेत्र में 15 जून को माया टीला की अवैध खुदाई मे मकान ढह जाने के कारण मलवे मे दबकर एक व्यक्ति और दो बच्चो की मृत्यु हो गई थी। घटना से सम्बन्धित जिला कारागार में निरुद्ध अभियुक्त और घटना के मुख्य आरोपी के विरूद्ध थाना गोविन्द नगर पुलिस द्वारा राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के अन्तर्गत कार्यवाही की गई है। कई लोग बेघर हो गये थे तथा माया टीला के निवासियों में भय व्याप्त हो गया था एवं लोग आक्रोशित हो गये थे, लोक व्यवस्था पूर्णतः छिन्न भिन्न हो गयी थी जिसे सुचारू रुप से चलाने के लिये पुलिस प्रशासन द्वारा काफी मशक्कत की गयी थी। इस सम्बन्ध मे थाना गोविन्दनगर पर धारा 105 बीएनएस बनाम सुनील गुप्ता उर्फ सुनील चैन पुत्र बीडी गुप्ता निवासी गली कानूनगो मण्डी रामदास थाना गोविन्दनगर जिला मथुरा व उसके अन्य साथियो के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया था। अभियुक्त व मुख्य आरोपी सुनील गुप्ता के विरुद्ध 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। फरार चल रहे अभियुक्त्स सुनील गुप्ता उर्फ सुनील चैन को थाना गोविन्दनगर पुलिस ने 17 जून को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। अभियुक्त सुनील गुप्ता उर्फ सुनील चैन वर्तमान में जिला कारागार मथुरा में निरुद्ध है जो जमानत पर छूटने के लिये भरसक प्रयास कर रहा था। इसके जमानत पर रिहा होने से लोक व्यवस्था पुनः छिन्न भिन्न होने की पूर्ण सम्भावना व गवाहों को डराने धमकाने व साक्ष्यों को प्रभावित करने की प्रबल संभावना को दृष्टिगत रखते हुए जैसा कि यह पूर्व में भी करता रहा है। इसके विरूद्ध पूर्व मे भी कई अभियोग पंजीकृत है।

> रासुका लगाने की कार्रवाई की सूचना न्यायालय और जेल प्रशासन को दे दी गई है। इस घटना में फरार आरोपी कन्नू अग्रवाल के खिलाफ कुर्की की कार्यवाही की जा रही है। जिला जेल में रासुका के आदेश की एक प्रति सुनील चैन को पढ़कर सुनाई गयी और उपलब्ध भी कराई गयी है।
> – श्लोक कुमार, एसएसपी मथुरा

- माया टीला खुदाई प्रकरण में की गई बड़ी कार्यवाही

> माया टीला धंसने से तीन निर्दोषों की जान गई थी। उस घटना के कारण समूचे मथुरा जनपद में आम नागरिकों में दहशत और असुरक्षा का माहौल व्याप्त हो गया था जिसके चलते 55 वर्षीय अभियुक्त सुनील चैन पुत्र बीडी गुप्ता निवासी गली कानूनगो मंडी रामदास पर रासुका लगाने की कार्रवाई की गई है।
> – सीपी सिंह, जिलाधिकारी मथुरा

लोक व्यवस्था के प्रतिकूल कार्यवाहियो को रोकने के उद्देश्य से जनहित मे प्रभारी निरीक्षक थाना गोविन्दनगर द्वारा दो जुलाई को सुनील गुप्ता उर्फ सुनील चैन के विरूद्ध राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम 1980 की धारा 3(2) की कार्यवाही की गयी है।

**सुनील चैन का आरापाधिक रिकार्ड**

वर्ष 2025 में धारा 105 बीएनएस के तहत थाना गोविन्दनगर पर अभियोग पंजीकृत हुआ। 2024 में धारा 120बी, 307, 323, 420, 467, 468, 471, 504, 506 आईपीसी में थाना गोवर्धन पर रिपोर्ट दर्ज हुई थी। वर्ष 2018 में धारा 302, 201, 120 बी आईपीसी में थाना सुरीर पर अभियोग दर्ज हुंआ था। वर्ष 2019 में धारा 363, 366 आईपीसी व पोक्सो एक्ट में थाना गोविन्दनगर मुकदमा दर्ज हुंआ था। चैन के खिलाफ वर्ष 2020 में धारा 323, 324, 504, 506, 336, 34 आईपीसी में थाना गोविन्दनगर पर रिपोर्ट लिखी गई थी।

# सीएमओ ने टीकाकरण सत्र का निरीक्षण कर दिए सख्त निर्देश



- संचारी रोग अभियान व दस्तक कार्यक्रम में सहयोग की अपील

मैनपुरी, 03 जुलाई (तरूणमित्र)। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आरसी गुप्ता ने मंगलवार को पीएचसी सुल्तानगंज के उपकेंद्र ललूपुर और माया चांदपुर पर नियमित टीकाकरण सत्र का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि कोई भी बच्चा या गर्भवती महिला टीकाकरण से वंचित न रहे और 10 व 16 वर्ष की आयु के बच्चों का टीडी टीकाकरण शत-प्रतिशत कराया जाए। निरीक्षण में आशा की अनुपस्थिति और सहयोग न करने पर नाराजगी जताते हुए प्रभारी चिकित्साधिकारी को जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए। वहीं, सीएचओ के पास बीपी मशीन न होने पर फंड से तत्काल व्यवस्था करने को कहा।

सीएमओ ने ग्रामीणों से अपील की कि 1 से 31 जुलाई तक संचालित विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान में साफ-सफाई, मच्छरदानी के उपयोग और स्वच्छ पानी पीने की आदत अपनाएं। साथ ही 11 जुलाई से शुरू होने वाले दस्तक अभियान में आशाओं और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सहयोग कर बुखार, टीबी, कुष्ठ व कुपोषण की जांच में मदद करें। निरीक्षण के दौरान डीएमसी यूनिसेफ संजीव कुमार पांडेय और प्रभारी जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी रवींद्र सिंह गौर भी मौजूद रहे।

# कब्रिस्तान की भूमि पर मिट्टी डालकर कलोनाइजर ने बनाया अवैध रास्ता

- नगर पंचायत व राजस्व विभाग की टीम द्वारा दी गई समय अवधि समाप्त होने के बाद भी नहीं हटाई गई मिट्टी

शामली/थानाभवन, 03 जुलाई (तरूणमित्र)। नगर के दिल्ली सहारनपुर हाइवे के किनारे रतन सर्विस सेंटर के सामने शमशान कब्रिस्तान वाले रास्ते के पास स्थित कब्रिस्तान की भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत पर उच्च अधिकारियों के आदेश पर गठित टीम बीते मंगलवार को जांच के लिए पहुंची थी! राजस्व एवं नगर पंचायत की टीम ने मौके पर पहुंच कर मुआयना कर बराकर मे कॉलोनी काट रहे कलोनाइजर व भूमि स्वामी को मौके पर बुलाया और सख्ती दिखाते हुए कब्जा हटाने के लिए नगर पंचायत कर्मचारियों ने जेबीसी मशीन को बुलाया, जैसे ही नगर पंचायत ने कब्जा हटाने की कार्यवाही शुरू की तो कलोनाइजर ने कॉलोनी की जमीन का भराव करने के लिए लिखित मे चार दिन का समय मांगा था।

एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी कलोनाइजर द्वारा कब्रिस्तान की भूमि पर अवैध रूप से मिट्टी अथवा अस्थाई रास्ता नहीं हटाया गया है, विदित हो की खसरा नंबर 1135 कब्रिस्तान की भूमि पर आस्थाई रास्ता बनाकर इमरान पुत्र रफीक आदि की कास्त की भूमि का भराव कर रहे है! सूत्रों से ज्ञात हुआ है की उक्त कब्रिस्तान की भूमि पर अवैध कब्जा जमाए बैठे नगर के एक व्यक्ति ने कलोनाइजर से साठ गांठ कर कब्रिस्तान की भूमि मे अवैध रूप से कॉलोनी को रास्ता देकर उसकी एवज मे कब्रिस्तान की भूमि का भराव व चारदीवारी कराने का वायदा कर रखा था! जबकि कब्रिस्तान की भूमि में किसी भी व्यक्ति का नाम दर्ज नहीं है! सप्ताह बीत जाने के बाद भी समाधान न होने से नगर में तरह-तरह की चचाएं व्याप्त है

## नए गृहकर में गोलमाल, दो हजार वाला बिल बना तीन लाख का

मेरठ, 03 जुलाई (तरूणमित्र)। 230 रुपये का 12 हजार, 1800 रुपये का 2.70 लाख और तीन हजार का 4.12 लाख रुपये तक का नया गृहकर बताकर नगर निगम ने बिल तैयार कर दिया है। एक-दो नहीं, 50 हजार से ज्यादा भवन स्वामियों के गृहकर बिल की यह हालत है। नए गृहकर में घपलेबाजी है, इसलिए भवन स्वामी आपत्ति कीजिए और स्वकर प्रपत्र निगम से लीजिए। यह बातें अब नगर निगम अफसरों ने भवन स्वामियों से कहनी शुरू कर दीं हैं। महापौर हरिकांत अहलूवालिया का कहना कि नए गृहकर बिल को देखकर घबराए नहीं। निगम द्वारा डोर-टू-डोर स्वकर प्रपत्र वितरित कराए जाए और आप खुद ही अपने भवन की जानकारी दें। उसके आधार पर गृहकर की वसूली की जाएगी। महापौर ने बुधवार को सूरजकुंड स्थित अपने कैंप कार्यालय में नगर आयुक्त सौरभ गंगवार, मुख्य एवं वित्त लेखाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह, अपर नगर आयुक्त पंकज कुमार, लवी त्रिपाठी, मुख्य नगर लेखा परीक्षक अमित भार्गव और प्रभारी नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. हरपाल सिंह के साथ बैठक की।

# युवाओं के लिए शुरू होंगे तीन से छः माह के रोजगारपरक कोर्स

- नहीं जाना पड़ेगा बाहर जिले में ही मिलेगा रोजगार-जिला समन्वयक

मेरठ, 03 जुलाई (तरूणमित्र)। जिला समन्वयक, जिला कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई, उ०प्र० कौशल विकास मिशन, मेरठ सी०पी०अग्रवाल ने बताया कि शासन ने कौशल विकास मिशन के तहत युवाओं को स्थानीय स्तर पर ही प्रशिक्षित कर रोजगार दिलाने की कार्ययोजना तैयार की जा रही है। इसमें जिले की उन औद्योगिक इकाईयों को शामिल किया जा रहा है। जिनका पिछले तीन वर्षों में सालाना सर्विस सेक्टर में टर्नओवर 50 करोड या उससे अधिक एवं मैनुफैक्चरिंग सेक्टर में 100 करोड़ या उससे अधिक रहा है। कौशल विकास मिशन योजना के अन्तर्गत आरएफपी-25 (आईटीपी) के तहत इन इकाइयों को इंडस्ट्रीज ट्रेनिंग पार्टनर के रूप में जोड़ा जा रहा है।

अतः जनपद में ऐसी इंडस्ट्री जिनका पिछले तीन वर्षों में सालाना सर्विस सेक्टर में टर्नओवर 50 करोड़ या उससे अधिक एवं मैनुफैक्चरिंग सेक्टर में 100 करोड़ या उससे अधिक रहा है, कौशल विकास मिशन में इंडस्ट्रीज ट्रेनिंग पार्टनर के रूप में सम्मिलित होना चाहती है तो कार्यालय जिला कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई, उ०प्र० कौशल विकास मिशन, पता- राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, साकेत मेरठ अथवा विनय कुमार गौतम मो0नं0-7991200225, गौरव डबास मो0नं0-7991200224, 9837291468 पर सम्पर्क करें।

## वार्ड नं. 1 व 2 में वर्षों से खराब स्ट्रीट लाइटें

हथगाम, फतेहपुर, 03 जुलाई (तरूणमित्र)। वार्ड नं. एक नगर पंचायत हथगाम में सालों से खराब पड़ी लाइटों को बदला नहीं जा रहा है। वार्ड के लोगों का कहना है कि वार्ड नं 1 व 2 के बीच लगे खंभे में खराब पड़ी लाइटों का निस्तारण क्यों नहीं हो रहा है। दुर्गेश व संदीप का कहना है कि अगर दूसरे वार्डो की लाइट खराब होती है तो एक से दो दिन के भीतर लाइट लग जाती हैं। आखिर सालों से खराब पड़ी लाइटों का कब निस्तारण होगा। या फिर नगर पंचायत के कर्मचारी वार्डवासियों के साथ सौतेला व्यवहार कर रहे हैं। वार्ड नंबर 2 कजियाना के ही रहने वाले संदीप, दीपक, दुर्गेश, बाबूलाल, सोनू आदि लोगों ने जल्द से जल्द खराब स्ट्रीट लाइटों को बदलवाए जाने की चेयरमैन से मांग की है।

## जंगल में पेड़ से लटका मिला किशोरी का शव

फतेहपुर, 03 जुलाई (तरूणमित्र)। शौचक्रिया के लिए घर से निकली 17 वर्षीय किशोरी का शव गुरूवार की सुबह गांव के बाहर जंगल में पेड़ से लटका मिला। पुलिस ने शव को विच्छेदन हेतु भेजा है। जानकारी के अनुसार गाजीपुर थाना क्षेत्र के गढ़ी गांव निवासी रंगनाथ निषाद की पुत्री रेशमी बुधवार की शाम लगभग पांच बजे शौचक्रिया के लिए घर से निकली थी फिर वापस नहीं लौटी। काफी देर बीतने के बाद जब वह वापस नहीं आई तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की लेकिन कोई सुराग न लगा। आज सुबह गांव के कुछ लोग शौचक्रिया के लिए जा रहे थे तभी गांव के बाहर जंगल में महुए के पेड़ पर किशोरी का शव लटका देख परिजनों को दी।

# स्कूलों को बंद करने से युवाओं के सपनों का होगा दमन



फतेहपुर, 03 जुलाई (तरूणमित्र)। प्रदेश सरकार द्वारा पांच हजार स्कूलों को बंद करने के आदेश से खफा कांग्रेसियों ने जिलाध्यक्ष महेश द्विवेदी एवं शहर अध्यक्ष मो. आरिफ गुड्डा के सह नेतृत्व में आदेश को निरस्त कराने हेतु जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को एक ज्ञापन भेजा।

ज्ञापन में प्रदेश के पांच हजार स्कूलों के बंद करने से होने वाले दुष्परिणाम के बाबत कहा गया कि यह प्रदेश के शिक्षित युवाओं व बेरोजगारों के सपनों का दमन होगा। साथ ही बीएड, बीटीसी प्रशिक्षण का कोई महत्व नहीं रह जाएगा। जो बच्चे प्रशिक्षण प्राप्त कर नौकरी की बाट जोह रहे हैं सीधे तौर पर उनके सपनों पर कुठाराघात होगा। प्रस्तुत ज्ञापन में यह भी कहा गया कि छोटे-छोटे बच्चों को गांव से दूर शिक्षा के लिए जाना पड़ेगा। जो एक कठिन विषय होगा। हर गांव में बने स्कूलों के भवन देखरेख के अभाव में क्षतिग्रस्त हो नष्ट हो जाएंगे। जिनके बनाने में व्यय धन का कोई औचित्य नहीं रह जाएगा। ज्ञापन प्रस्तुत कर पत्रकारों से बात करते हुए जिलाध्यक्ष महेश द्विवेदी ने कहा कि योगी सरकार के प्रत्येक कार्य जन विरोधी हैं। उसे हिंदू-मुस्लिम के अलावा अन्य किसी समस्या से कोई लेना देना नहीं है। आज प्रदेश की जनता भययुक्त होकर जी रही है। चारों तरफ भ्रष्टाचार का बोलबाला है। कांवड़ यात्रा के नाम में गुंडई हो रही है जो उचित नहीं है। शहर अध्यक्ष मो. आरिफ गुड्डा ने कहा कि इस सरकार में बेरोजगारों का मजाक उड़ाया जा रहा है। रोजगार के नाम में हिंदू मुस्लिम समझाया जा रहा है। नवयुवक भ्रमित किया जा रहा है। महिलाएं पूरी तरह असुरक्षित हैं, परन्तु कोई पुरसाहाल नहीं है। प्रदेश जातीय नफरत की आग में जल रहा है। ज्ञापन देने वालों में वरिष्ठ नेता श्रवण कुमार गौड़, शेख एजाज अहमद, सुधाकर अवस्थी, हिदायत उल्ला खां, कलीम उल्ला खान, शिवाकांत तिवारी, उदित अवस्थी, सन्तोष कुमारी शुक्ला, हेमलता पटेल, पूनम द्विवेदी, शकीला बानो, अरविंद द्विवेदी, ओम प्रकाश गिहार, आदित्य श्रीवास्तव, मनोज घायल, पप्पू पाल, अनुराग नारायण मिश्र, राजेंद्र लोधी, आशीष गौड़, पंडित राम नरेश महराज, चंद्र प्रकाश लोधी, हफीज अहमद, ओम प्रकाश कोरी, इशरत खान, मोहसिन खान, सलीम खान, सत्येंद्र श्रीवास्तव, इंद्र जीत लोधी, सैयद सहाब अली, लाल तिवारी, अभय शुक्ला, इमरान अहमद सिद्दीकी, एमएल श्रीवास, आरिफ अली, मो. नफीस, आनंद सिंह गौतम, कौशल किशोर शुक्ला, अजय बच्चा निजामुद्दीन, रमजान अहमद, आमिर उज्जमा, सब्बीर अहमद, सरताज, अकरम काले, आशीष यादव, मुकेश मौर्य, उस्मान बेग आदि थे।

# बरसात शुरू होते ही सड़क पर भरा 4 से 5 फीट पानी

मथुरा, 03 जुलाई (तरूणमित्र)। नगर निगम के वार्ड 33 सोख रोड स्थित नरसी विहार कॉलोनी के साइड से जा रही सडक का नामकरण हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के नाम पर किया गया है। जिस पर 10 से 12 कॉलोनी बसी हुई है। यहां पक्का मार्ग काफी पुराना बना हुआ है लेकिन पानी का निकास नहीं है जिसके कारण रोड पर चार से पांच फीट बारिश का पानी अभी भी भरा हुआ है। जिसको लेकर क्षेत्रीय महिलाओं द्वारा नगर निगम के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। नगर निगम के खिलाफ नारेबाजी की गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि जल निकासी की समस्या भी पुरानी हो चली है।

बसावट बढने के साथ यह और विकराल हो रही है। जल्द सडक और नाली का निर्माण नहीं हुआ तो जनप्रतिनिधियों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। पार्षद से लेकर मेयर तक को बहुत उम्मीदों के साथ चुना था।

हालत यह है कि किसी की मौत होने पर सडक पर शव रखने की जगह भी नहीं बची है। बारिश में खड़े होकर शव को अंतिम संस्कार के लिए लेकर गए थे। इन सभी समस्याओं को लेकर क्षेत्रीय पार्षद अभिजित चौधरी को सूचना देकर बुलाया तो क्षेत्रीय पार्षद अभिजीत चौधरी द्वारा बताया गया कि इस रोड को लेकर कई बार नगर निगम के उच्च अधिकारियों को अवगत करा चुके हैं लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं हुआ है। इस समस्या को लेकर दोबारा उच्च अधिकारियों को अवगत करा दिया जाएगा। वहीं इस पूरी घटना से अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार को अवगत कराया तो उन्होंने भी आश्वासन दिया है कि जल्द रोड और नाली का निर्माण होगा लेकिन उसके लिए अभी पानी की निकासी कैसे हो सकता है उसके लिए संभवत पूर्ण प्रयास कर रहे हैं।

## पेज 1 का शेष...

### अयोध्या में एनएसजी हब...

उत्तर प्रदेश पूर्व सैनिक कल्याण निगम लिमिटेड से पूर्व सैनिकों व होमगार्ड की सेवाएं जेम पोर्टल से इतर सीधे लिए जाने के सम्बंध में प्रस्ताव को मंजूरी मिली है। इसमे पूर्व सैनिकों को भी जोड़ा गया है। वित्त विभाग की ओर से कैबिनेट के समक्ष इंटीग्रेटेड फाइनेंशियल मैनेजमेंट सिस्टम बनाने के लिए प्रस्ताव रखा गया। इस प्रस्ताव को भी मंजूरी मिल गयी है। राजस्व में वृद्धि एवं परिवहन विभाग के कर ढांचे को परिवर्तन किए जाने के उपयोजनार्थ उत्तर प्रदेश मोटरयान कराधान अधिनियम 1997 की धारा 4 व धारा 4(9) में संशोधन प्रस्ताव को मंजूरी मिली। वन टाइम टैक्स की व्यवस्था की जाएगी। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश भाषा संस्थान के कार्मिकों की सेवानिवृत्ति आयु 58 वर्ष से बढ़ाकर 60 वर्ष किये जाने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गयी।

### भारत की विविधता...

उन्होंने स्मरण कराया कि भारत के चंद्रमा पर उतरने के दिन भी वे अफ्रीका में थे और आज जब एक भारतीय अंतरिक्ष यात्री अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में प्रयोग कर रहा है, तब भी वे अफ्रीका में हैं।उन्होंने बताया कि भारत शीघ्र ही विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। भारत वैश्विक नवाचार और स्टार्टअप का केंद्र बन चुका है, और विश्व की फामेर्सी के रूप में प्रतिष्ठित है। महिलाओं की भागीदारी विज्ञान, उड्डयन और खेल जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय स्थिति में है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री मोदी इन दिनों पांच देशों की यात्रा पर हैं। घाना दौरे के दौरान उन्हें देश के सर्वोच्च राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। भारत और घाना ने इस यात्रा में अपने संबंधों को व्यापक साझेदारी के स्तर तक बढ़ाने की घोषणा की है।

### शहरी निकायों को अधिक...

की मजबूती और जवाबदेह शासन के लिए शहरी स्थानीय निकायों को संवाद और आदर्श आचरण के जरिए सशक्त बनाए जाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि निकाय प्रतिनिधि जनता से सीधा संवाद करते हैं और समस्या व संकट की सबसे पहली जानकारी इन्हें मिलती है। ऐसे में संवाद से इनका समाधान निकल सकता है। इसी सोच से संसद की संरक्षक की भूमिका को समझते हुए श्रेष्ठ प्रथाओं को साझा करने की यह पहल की गई है। बिरला ने कहा कि लोकतांत्रिक संस्थाओं को उच्च स्तर पर ले जाना सभी की जिम्मेदारी है। शहरी क्षेत्रों में एक उत्तरदायी और पारदर्शी निकाय प्रणाली विकसित होनी चाहिए। सदन में प्रश्नोत्तर हों, मुद्दों पर चर्चा हो, बैठकें नियमित चलें—यह परंपरा विकसित की जानी चाहिए।

साथ ही इन निकायों में जन हितधारकों जैसे बुद्धिजीवी वर्ग, पर्यावरणविद को नीतिगत प्रक्रिया और बजट निर्माण में शामिल किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि निकायों में समितियां बनें और संसद की तरह कार्य करें। उन्होंने उल्लेख किया कि 18वीं लोकसभा में सकारात्मक परिवर्तन आया है और सभी दलों ने सदन को चलाने की दिशा में सहयोग दिखाया है। अब रुकावट डालने वाले स्वयं समाज के प्रति उत्तरदायी होंगे। हमें यह सोचकर भी कार्य करना चाहिए कि भविष्य में राजनीतिक नेतृत्व शहरी निकायों से ही निकलेगा। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि शहरी निकायों की जड़ें जितनी मजबूत होंगी, राष्ट्र उतना ही मजबूत बनेगा। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम निकाय एक विकास मॉडल है जिसे वर्ष 2050 तक 75 लाख की आबादी के लिए तैयार किया जा रहा है। निकायों को पारदर्शी और आधुनिक बनाना जरूरी है। स्मार्ट सिटी, स्वच्छता और पर्यावरण को प्राथमिकता दी जा रही है और प्रधानमंत्री का विजन है कि शहर स्लम मुक्त हों। सम्मेलन की जानकारी देते हुए लोकसभा महासचिव उत्पल कुमार सिंह ने बताया कि इस आयोजन की प्रेरणा लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मिली। उनका मानना है कि संसद को अन्य निकायों का संरक्षक बनना चाहिए। यह पहली बार है जब शहरी निकायों के लिए राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण ने कहा कि सम्मेलन का उद्देश्य यह समझाना है कि शहरी निकाय राष्ट्र निर्माण में कैसे भूमिका निभा सकते हैं। यह अवसर है कि निकाय अपनी जिम्मेदारी को समझें और जनता की जरूरत के अनुसार काम करें। इस सम्मेलन के दूरगामी परिणाम होंगे और हरियाणा में इस दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं।

# यातायात प्रभारी ने चलाया जागरूकता अभियान

- वाहन चालकों को पंपलेट देकर बताए नियम, उल्लंघन पर किए चालान



फतेहपुर, 03 जुलाई (तरूणमित्र)। मार्ग दुर्घटनाओं को कम किए जाने के उद्देश्य से यातायात प्रभारी लालजी सविता समेत उनके हमराहियों ने शहर क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों में जागरूकता अभियान चलाया। वाहन चालकों को पंपलेट देकर जहां यातायात के नियम बताए वहीं उल्लंघन किए जाने पर चालान की कार्रवाई भी की। हाईवे किनारे खड़े वाहनों को हटवाया गया।

बताते चलें कि पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी यातायात एचएल सिंह के पर्यवेक्षण में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान को यातायात प्रभारी लगातार अमलीजामा पहना रहे हैं। अभियान में प्रभारी लालजी सविता उनके हमराहियों ने बिना फिटनेस, बिना नम्बर प्लेट लगे वाहनों, दो पहिया वाहन चालकों द्वारा हेलमेट धारण न करने वाले, चार पहिया चालक द्वारा सीटबेल्ट का प्रयोग न करने वाले वाहनों एवं नाबालिक द्वारा ई-रिक्शा चलाये जाने वाले पर आवश्यक कार्यवाही की। साथ ही हाइवे किनारे खड़े वाहनों को हटवाया। आम जनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। प्रचार-प्रसार सामग्री वितरित की।


### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं श्रवण कुमार श्रीवास्तव पुत्र स्व. जागेश्वर लाल श्रीवास्तव निवासी बिसवां थाना बिसवां, जिला सीतापुर सूचित करता हूँ कि मेरी भाभी की भतीजी अंशिका के गलत आचरण, व्यवहार के कारण मैं स्वयं व अपने परिवार से सभी से संबंध विच्छेद करता हूँ। भविष्य में उसके द्वारा किए गये किसी भी कृत्य से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा वह स्वयं जिम्मेदार होगी।

**श्रवण कुमार श्रीवास्तव पुत्र स्व. जागेश्वर लाल श्रीवास्तव, निवासी बिसवां, थाना-बिसवां, जिला- सीतापुर**

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपने पुत्र पारस कुमार शर्मा व उसकी पत्नी प्रीति शर्मा को उनके गलत व्यवहार व आचरण के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं और भविष्य में उनके द्वारा किये गये कृत्य, व्यवहार अथवा लेन-देन के वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा अथवा मेरे शेष परिवार का कोई लेना-देना नहीं रहेगा।

राजेन्द्र प्रसाद शर्मा पुत्र स्व. राम दुलारे शर्मा, नि. मकान नं.-5, कैलाश स्टेट, आम्रपाली योजना, बरावन कलाँ-लखनऊ


स्वत्वाधिकार-श्री विश्वकर्मा चैरिटेबल ट्रस्ट जौनपुर संस्थापक, संपादक स्व. कैलाशनाथ। तरुणमित्र मीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक, मुद्रक व संपादक योगेन्द्र विश्वकर्मा द्वारा इण्डियन एक्सप्रेस सी-26 अमौसी इण्डस्ट्रियल एरिया, लखनऊ से मुद्रित, 23 जहांगीराबाद मेंशन अशोक रोड हजरतगंज, लखनऊ से प्रकाशित। फोन- 0522-4067598, 2288985, 2288968, फैक्स- 0522-4066898, डाक पंजीयन सं0 GPOLW/NP-128/2023-25 Email-tarunjnp@gmail.com, website. www.tarunmitra.in RNI NO-UPHIN/1999/00103 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन होंगे।

# आरटीओ में खाली पड़ी कुर्सी खा रही एसी व पंखे की हवा!

◆ ऊमस भरी गर्मी में बिजली की आवाजाही से शहर वासी परेशान
◆ टीपीनगर परिवहन कार्यालय में 'बिजली बचाओ' का अजब दृश्य




लखनऊ, 03 जुलाई (तरूणमित्र)। राजधानी के ट्रांसपोर्ट नगर इलाके में मौजूद आरटीओ दफ्तर का हाल गुरूवार अजब-गजब दी देखने को मिला। इस भीषण गर्मी में एक तरफ जहां राजधानी लखनऊ के कई इलाकों में लोग जोकि नियमित विद्युत उपभोक्ता भी हैं, वो असमय पॉवर कट की समस्या से जूझ रहे हैं, वहीं गुरूवार को आरटीओ कार्यालय में अधिकारियों के चैंबर में खाली पड़ी कुर्सी, फाइलें और टेबल एसी और पंखे की हवा खाते कैमरे में कैद हो गये।

यह आलम आरटीओ कार्यालयों के अफसरों के केबिन का रहा। सूबे की सरकार जहां एक ओर बिजली आपूर्ति को लेकर लगातार निर्देश जारी कर रही है,वहीं बिजली मंत्री भी लगातार दौरे पर दौरा कर रहे हैं। जबकि आरटीओ दफ्तर में बिजली की इस बदहाली पर बोलने वाला कोई नहीं है।

दरअसल, तरुणमित्र की टीम गुरूवार शाम चार बजे आरटीओ दफ्तर का जमीनी जायजा लेने पहुंची थी। इसी दौरान टीम को आरटीओ कार्यालय में पहले एआरटीओ प्रशासन और फिर आरटीओ प्रवर्तन के कक्ष का यह उपरोक्त नजारा दिखा जोकि कैमरे में कैद हो गया। हलांकि इस दौरान आरटीओ प्रशासन अपनी कुर्सी पर दिनभर की गतिविधियों और फाईलों के निस्तारण को लेकर अपने स्टॉफ से बातचीत करते नजर आये।

बता दें कि उक्त दोनों अफसरों के कमरे पूरी तरह एसी की कूलिंग से चिल्ड थे, इन कमरों में पंखे और लाइटें भी जल रही थी। कोई भी कर्मचारी इस ओर ध्यान ही नहीं दे रहा था। सब अपने कार्यों में जैसे मस्त और व्यस्त थे। इन अधिकारियों के कमरे में बेवजह चल रहे एसी पंखे की हवा मानो टेबल,फाइलें और कुर्सियां खा रही हों।

**डीएम के आदेश पर सील बिल्डिंग खुली!**

आरटीओ कार्यालय के बाहर बनी बिल्डिंग में अनधिकृत तरीके से जब दलालों का सिंडिकेट चल रहा था तो बीते दिनों इसकी शिकायत किये जाने पर मौजूदा डीएम विशाख जी अय्यर ने त्वरित संज्ञान लिया था और यहां का औचक दौरा किया था।

इस दौरान कई बाहरी व्यक्ति पकड़े भी गये थे और तभी डीएम के आदेश पर उक्त बिल्डिंग को सील कर दिया गया था और बाहर दीवार पर बकायदे चेतावनी भी लिखी गई थी। मगर गुरुवार को एलडीए की चेतावनी की जगह बिल्डिंग मालिक द्वारा बिना लाइसेंस दुकान चलाने वालों को दुकान खाली करने का नोटिस बैनर के तौर पर टंगा नजर आया।

**धूल खा रहा लाखों रुपए का इंटरसेप्टर!**

आरटीओ कार्यालय परिसर में उक्त नजारे के बाद एक और ऐसा दृश्य दिखा जोकि पिछले काफी समय से अपनी ही जगह पर पूरी तरह टिका हुआ है। परिसर में लाखों रुपए की लागत से खरीदा गया इंटरसेप्टर धूल खाता हुआ नजर आया।

गौर हो कि ये इंटरसेप्टर वही हैं जोकि योगी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता, परिवहन मंत्री की गहन मंशा और परिवहन आयुक्त मुख्यालय के रोड सेफ्टी विंग के अथक प्रयासों से शासन द्वारा मुहैया कराये गये थे। हैरानी की बात यह है कि यह धूल फांकता इंटरसेप्टर आज ही नहीं, पिछले काफी समय से वहीं पर खड़ी है जिसका पुरसाहाल लेने वाला कोई नहीं है, जबकि दूसरी तरफ विभाग के ही तमाम अधिकारी और कर्मी अक्सर यह कहते सुने जाते हैं कि उन्हें तो केवल रोड सेफ्टी टीम से जोड़ दिया गया, संसाधन तो दिया ही नहीं गया।



कैसरबाग बेगम हजरत पार्क में प्रदर्शन करते कांग्रेसी। छाया: तरूणमित्र

# प्रदेश व्यापी आंदोलन को ले नगर विकास मंत्री को सौंपा ज्ञापन

लखनऊ, 03 जुलाई (तरूणमित्र)। उप्र स्थानीय कर्मचारी महासंघ अपनी पूर्व से लम्बित प्रमुख रूप से 10 सूत्रीय मांगों को लेकर गुरूवार नगर विकास मंत्री ऐके शर्मा भेंट कर ज्ञापन सौंपा। नगर विकास मंत्री के आवास पर महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष शशि कुमार मिश्र एवं महामंत्री रमाकान्त मिश्र तथा अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। पदाधिकारियों ने 9 जुलाई को होने वाले प्रदेश व्यापी आन्दोलन के सम्बन्ध में पत्र देकर उनका ध्यान आकर्षित किया।

महासंघ वर्ष 2019 से वर्ष 2025 तक प्रमुख रूप से 06 बैठके प्रमुख सचिव, नगर विकास की अध्यक्षता में कर चुका है जिस पर जारी कार्यवृत्त का समयबद्ध कार्यवाही का लिखित आश्वासन जारी होने के बाद भी कोई आदेश जारी नही किया गया। वहीं नगर विकास मंत्री ने दो पत्र 8 अक्टूबर, 2024 व 21 फरवरी, 2025 को लिखकर मांगों के समाधान के लिए निर्देश दिए लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई।

पदाधिकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि 08 जुलाई तक यदि जारी कार्यवृत्त एवं मांग-पत्र के बिन्दुओं पर कोई कार्यवाही नहीं हुई तो 9 जुलाई को प्रदेश की समस्त ईकाईयों द्वारा अपने-अपने मुख्यालय पर सांकेतिक कार्यबन्दी कर अपने-अपने विभागाध्यक्ष के माध्यम से नगर विकास मंत्री एवं प्रमुख सचिव, नगर विकास को ज्ञापन दिया जायेगा। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष शशि कुमार मिश्र, महामंत्री रमाकान्त मिश्र, प्रदेश प्रवक्ता मुन्ना हजारिया, प्रचार मंत्री सुधाकर मिश्र, आनन्द मिश्र अध्यक्ष नगर निगम एवं जलकल कर्मचारी संघ, संजय चन्द्रा, अमित सिंह, अमरेन्द्र दीक्षित, अनिल शुक्ला लोग मौजूद रहे।



इंदिरा नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में सीटीपीटी चेंबर खराब होने से अस्पताल की लाइट हुई गुल मरीज परेशान व मोबाईल टार्च जलाकर काम करते कर्मचारी। छाया: तरूणमित्र

# गंभीर मरीजों का बिना देर किए इलाज शुरू करें: डॉक्टर कजली

**सिविल अस्पताल की नवनियुक्त निदेशक ने दिये गैरजरूरी कामों के लिए छुट्टी न देने के निर्देश**



लखनऊ, 03 जुलाई (तरूणमित्र)। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिविल अस्पताल की नवनियुक्त निदेशक डॉ. कजली गुप्ता ने गुरुवार को निरीक्षण किया। उन्होंने ओपीडी सहित प्लास्टिक सर्जरी के बर्न वॉर्ड और नई बिल्डिंग का जायजा लिया।

अस्पताल परिसर में खड़ी एम्बुलेंस को भी चेक किया। उन्होंने डॉक्टरों को मरीज के इलाज में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। इमरजेंसी में तैनात सभी डॉक्टरों को बेहद सतर्क रहने के साथ ही गंभीर मरीजों का बिना देर किए इलाज शुरू करने की बात कही। निदेशक ने अस्पताल स्टाफ से मीटिंग भी की। इस दौरान गैरजरूरी कामों के लिए छुट्टी लेने की परंपरा तक तत्काल रोक लगाने के निर्देश दिए। सपोर्ट स्टाफ को मरीजों के प्रति अच्छा व्यवहार करने की सीख दी।

सिविल अस्पताल परिसर में पार्किंग को लेकर डॉक्टरों और मरीजों दोनों को ही रोजाना परेशानी होती है। लंबे समय से इसको लेकर कई तरीके की योजनाएं बनीं, लेकिन परिसर में जगह की कमी की वजह से वो अमल में नहीं लाई जा सकी। निदेशक ने इसको लेकर नए सिरे से प्लान बनाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान बर्न वार्ड में भर्ती 47 साल के सुनील कुमार से भी मिलीं। थर्मल इंजरी से जलने के बाद सुनील को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया था। भर्ती करने के बाद उनकी तबीयत में आराम है। निदेशक ने उनसे दवा और इलाज को लेकर बात की।

# मेटा अलर्ट पर 15 मिनट में पहुंची पुलिस, युवक की बचाई जान



○ आजमगढ़ के युवक ने युवक व युवती की फोटो इंस्ट्राग्राम पर पोस्ट कर फांसी लगाने की कहीं थी बात
○ बीती रात्रि एक बजे युवक ने सोशल मीडिया पर डाला पोस्ट
○ विगत ढाई वर्षो में 1100 से अधिक आत्म हत्याएं पुलिस ने रोकीपर डाला पोस्ट

लखनऊ, 03 जुलाई (तरूणमित्र)। उत्तर प्रदेश पुलिस की सोशल मीडिया निगरानी प्रणाली और मेटा कंपनी (इंस्टाग्राम/फेसबुक) के बीच सहयोग से एक बार फिर एक युवक की जान बच गई।

घटना आजमगढ़ जनपद के पवई थाना क्षेत्र की है, जहां एक 19 वर्षीय युवक ने इंस्टाग्राम पर आत्महत्या की मंशा जताते हुए एक पोस्ट साझा की। युवक ने एक लड़की और लड़के की तस्वीर के साथ लिखा, यह लड़की मुझसे प्यार करती थी, लेकिन अब धोखा दे रही है। मेरी मौत की वजह यही दोनों होंगे। बीती देर रात एक बजे मेटा कंपनी द्वारा इस पोस्ट की जानकारी पुलिस महानिदेशक मुख्यालय स्थित सोशल मीडिया सेंटर को ई-मेल से दी गई। डीजीपी राजीव कृष्ण के निर्देश पर तत्काल संज्ञान लेते हुए युवक की मोबाइल लोकेशन ट्रेस कर आजमगढ़ पुलिस को भेजी गई।

पवई थाना पुलिस की टीम मात्र 15 मिनट में युवक के घर पहुंच गई और परिजनों की मदद से उसे आत्महत्या करने से पहले ही रोक लिया। युवक ने पंखे में फंदा डाल लिया था, लेकिन पुलिस और परिवार की तत्परता से समय रहते उसकी जान बच गई। काउंसलिंग के बाद युवक ने दोबारा ऐसा कदम न उठाने का वादा किया। बताया गया कि युवक बीएससी एग्रीकल्चर का छात्र है और प्रेम प्रसंग में निराश होकर अवसाद में चला गया था। गौरतलब है कि वर्ष 2022 में यूपी पुलिस और मेटा के बीच बनी साझेदारी के तहत यदि कोई सोशल मीडिया पर आत्महत्या से संबंधित पोस्ट करता है, तो मेटा कंपनी तुरंत अलर्ट भेजती है। इसी व्यवस्था के तहत 01 जनवरी 2023 से 30 जून 2025 के बीच 1107 लोगों की जान बचाई जा चुकी है।

## बलरामपुर चिकित्सालय की पहली महिला निदेशक बनी डॉ. कविता



लखनऊ, 03 जुलाई (तरूणमित्र)। बलरामपुर चिकित्सालय में नवनियुक्त निदेशक डॉ.कविता आर्य को चिकित्सा स्वास्थ्य महासंघ की कार्यकारिणी ने पुष्पगुच्छ भेंट कर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। गुरुवार को महासंघ के महासचिव, अशोक कुमार ने बताया कि बलरामपुर चिकित्सालय में पहली महिला निदेशक के रूप में डॉ.कविता आर्य की नियुक्ति से सभी कर्मचारियों और अधिकारियों में उत्साह और प्रसन्नता का वातावरण है। यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है जो न केवल डॉ. आर्य के लिए बल्कि संस्थान के लिए भी गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा डॉ. कविता आर्य के नेतृत्व में चिकित्सालय नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा और स्वास्थ्य सेवाओं में उत्कृष्टता की दिशा में आगे बढ़ेगा, ऐसी अपेक्षाएं हैं। एक बार फिर से डॉ. कविता आर्य को उनकी नई जिम्मेदारी के लिए हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं।

## बैंक के रिकवरी एजेंट ने की आत्महत्या

लखनऊ, 03 जुलाई (तरूणमित्र)। बिजनौर थाना क्षेत्र में एक्सिस बैंक के रिकवरी एजेंट ने फांसी लगाकर जान दे दी। मृतक की पहचान उन्नाव जिले के गंगा खेड़ा निवासी ज्ञानेंद्र विक्रम सिंह (24) के रूप में हुई है। ज्ञानेंद्र अपने मामा राम प्रकाश यादव के घर में रहता था। वो बिजनौर के अयोध्यापुरी स्थित मकान के प्रथम तल पर कमरे में रह रहा था। बुधवार की शाम को उसने खाना खाया और सोने के लिए अपने कमरे में चला गया। गुरुवार सुबह काफी देर तक कमरे से बाहर नहीं निकलने पर मामा राम प्रकाश ने उसे आवाज दी। दरवाजा अंदर से बंद था। कई बार आवाज देने के बाद भी कोई जवाब नहीं मिला। खिड़की से झांककर देखा तो ज्ञानेंद्र पंखे के हुक से बेडशीट के सहारे लटका मिला। बिजनौर पुलिस को सूचना दी गई।

## लखनऊ स्टेशन पर धरे गये खानपान के अवैध वेंडर



लखनऊ, 03 जुलाई (तरूणमित्र)। उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल के वाणिज्य विभाग की कैटरिंग टीम ने रेल सुरक्षा बल आरपीएफ के सहयोग से लखनऊ स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या 06 पर गाड़ी संख्या 11124 में अनाधिकृत वेंडरों के विरुद्ध संयुक्त जांच अभियान चलाया। सीनियर डीसीएम कुलदीप तिवारी ने बताया कि इस अभियान के दौरान कुल 5 अनाधिकृत वेंडर पकड़े गए, जो बिना किसी वैध अनुमति या प्राधिकार पत्र के गाड़ी में निम्न गुणवत्ता के खाद्य पदार्थ बेच रहे थे। पकड़े गए वेंडरों को उनके पास से बरामद खाद्य सामग्री सहित आवश्यक कार्रवाई हेतु रेल सुरक्षा बल को सौंप दिया गया है।

# नारी सुरक्षा व स्वालंबन को समर्पित होगा कला महाकुंभ



लखनऊ, 03 जुलाई (तरूणमित्र)। राजधानी में 23 दिनों तक आयोजित हो रहे कला महाकुंभ में नारी सुरक्षा, स्वालंबन के साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के उत्कृष्ट प्रदर्शनों का मंच सजेगा। कला महाकुंभ के नाम से आयोजित हो रही इस प्रदर्शनी में उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना एक जिला एक उत्पाद (ओडोओपी) और मिशन शक्ति को विशेष मंच मिलेगा।

बृहस्पति वेलफेयर फाउंडेशन की ओर से विशाल स्मृति उपवन में 26 सितंबर से 18 अक्टूबर तक आयोजित हो रहे कला महाकुंभ में अप्रतिम महिला शक्तियों, कलाकारों और नई प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा। समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर रही महिलाओं को खास तौर से विश्व विभूति सम्मान, कला विभूति सम्मान, आदर्श सम्मान और कला सम्मान से नवाजा जाएगा। कला महाकुंभ के दौरान महिला उद्यमियों व ओडीओपी के क्षेत्र में विशेष काम कर रही महिला शिल्पियों को भी सम्मानित किया जाएगा।

लगभग महीने भर चलने वाले कला महाकुंभ के दौरान हर दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा। आयोजन की जानकारी देने के लिए गुरुवार को आयोजित भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (आईसीसीआर) के उपाध्यक्ष एवं पूर्व महानिदेशक राष्ट्रीय आधुनिक कला संग्रहालय पदमश्री अद्वैत गड़नायक, गौरी घोष, कवियत्री एवं साहित्यकार, विमल पंत, वरिष्ठ गायिका, सुगम एवं लोकगीत, ज्योति मोदक, सचिव, आईपीएस ओडब्लूए, दिनेश चंद्र दुबे, पूर्व आईपीएस एवं कीर्ति शंकर अवस्थी, पूर्व संयुक्त निदेशक पंचायत राज, आर पी श्रीवास्तव पूर्व जिला जज, एस के द्विवेदी मौजूद रहे।

कला महाकुंभ के बारे में जानकारी देते हुए बृहस्पति वेलफेयर फाउंडेशन के संयोजक पदमश्री अद्वैत गड़नायक ने बताया कि यह आयोजन भारत के समृद्ध दर्शन, सभ्यताओं, प्राचीन कलाओं एवं संस्कृति जैसे संगीत, कला, साहित्य, मूर्तिकला, चित्रकला व अभिनय कला, हस्तकला व पाक कला की एक आलौकिक झलक पेश करेगा। उन्होंने कहा कि कला महाकुंभ के दौरान फाउंडेशन उन युवा महिला उद्यमियों को सम्मानित करेगा जो अपने नवाचार व दृढ़ संकल्प से समाज में सकारात्मक बदलाव लायी हैं।

## नगर निगम करेगा सम्याओं का संपूर्ण समाधान

लखनऊ, 03 जुलाई (तरूणमित्र)। नगर निगम में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन शुक्रवार को किया जाएगा। इसमें नगर आयुक्त समेत सभी अधिकारी मौजूद रहेंगे। नगर निगम मुख्यालय, लालबाग में सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक समस्याओं की सुनवाई होगी।

जीआईएस सर्वेक्षण के बाद कई भवन स्वामियों द्वारा कर निर्धारण को लेकर आपत्तियां दर्ज कराई गई थीं। ऐसे मामलों के समाधान के लिए नागरिक इस संपूर्ण समाधान दिवस में भाग ले सकते हैं। साथ ही जलकल, सफाई, सड़कों की मरम्मत, स्ट्रीट लाइट और अन्य नागरिक सेवाओं से जुड़ी शिकायतों के समाधान से संबंधित विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। नगर निगम लखनऊ ने शहरवासियों से अपील की है कि वे 4 जुलाई को समय से पहुंचे। अपनी समस्या से संबंधित आवश्यक दस्तावेज साथ लाएं। नगर आयुक्त ने कहा कि यह समाधान दिवस केवल समस्याओं के निस्तारण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जनता और प्रशासन के बीच संवाद एवं विश्वास का एक सशक्त माध्यम भी है।

# सिविल चिकित्सालय निदेशक से कर्मचारी मोर्चा ने की मुलाकात



लखनऊ, 03 जुलाई (तरूणमित्र)। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिविल चिकित्सालय की निदेशक डॉ. कजली गुप्ता के पदग्रहण के बाद गुरुवार को सिविल चिकित्सालय कर्मचारी मोर्चा द्वारा शिष्टाचार भेंट कर उनका स्वागत किया गया। डॉ कजली गुप्ता ने डॉ सुनील भारती की सेवानिवृत्ति के पश्चात कार्यभार ग्रहण किया है। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल में सभी संवर्गों के प्रतिनिधि शामिल रहे।

मोर्चा के पदाधिकारियों ने निदेशक का स्वागत करते हुए उन्हें पूर्ण सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया।मोर्चा के संरक्षक एवं फार्मेसिस्ट फेडरेशन के अध्यक्ष सुनील यादव, मोर्चा के अध्यक्ष एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष महेंद्र पांडे, मंत्री विवेक तिवारी ने आशा व्यक्त की है कि नवनियुक्त निदेशक के सजग नेतृत्व में सिविल चिकित्सालय सफलता की नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा और मरीजों को अच्छी से अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी, साथ ही कर्मचारियों, अधिकारियों और चिकित्सालय प्रशासन के बीच बेहतर सामंजस्य का माहौल बना रहेगा।

इस अवसर पर प्रभारी अधिकारी फामेर्सी दया शंकर पांडे, उपाध्यक्ष अशोक शुक्ला, अजय कश्यप,चतुर्थ श्रेणी महासंघ के राजेंद्र दुबे, संगठन मंत्री रविंद्र यादव, जावेद, फिजियोथेरेपिस्ट विवेक तिवारी, एक्सरे टेक्नीशियन जे के निगम, चालक रिजवान अहमद, चीफ फार्मेसिस्ट आनंद प्रकाश मिश्रा, फार्मेसिस्ट रजनीश पांडे, सुरक्षा प्रभारी प्रदीप तिवारी, टेक्निकल प्रभारी धीरज रावत अन्य लोग उपस्थित थे।

# जून माह में आया आबकारी विभाग का रिकॉर्ड राजस्व

## आबकारी मंत्री बोले, विभाग ने 4458.22 करोड़ रुपये राजस्व अर्जित किया



लखनऊ, 03 जुलाई (तरूणमित्र)। प्रदेश के आबकारी एवं मद्यनिषेध राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल ने बताया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष के माह जून, 2025 में आबकारी विभाग ने 4458.22 करोड़ रुपये राजस्व अर्जित किया है, जो गत वर्ष इसी माह में अर्जित किये 3431.20 करोड़ रुपये राजस्व के सापेक्ष 1027.02 करोड़ रुपये अर्थात लगभग 30 प्रतिशत से अधिक है। उन्होंने बताया कि माह अप्रैल-जून तक तिमाही माह में 14400 करोड़ रुपये निर्धारित राजस्व लक्ष्य के सापेक्ष 14229 करोड़ रुपये लगभग 98.8 प्रतिशत राजस्व प्राप्त करने में सफलता प्राप्त हुई है, जो गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में इसी अवधि अर्जित राजस्व 11783.76 करोड़ रुपये की तुलना में 2445 करोड़ रुपये लगभग 20 प्रतिशत से अधिक है। आबकारी मंत्री ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में माह जून, 2025 तक प्रदेश में अवैध शराब के निर्माण, बिकी एवं तस्करी के कुल 29,784 अभियोग दर्ज करते हुए 7.72 लाख लीटर अवैध मदिरा बरामद की गयी। अवैध मदिरा के कारोबार में संलिप्त 5,559 व्यक्तियों को गिरफ्तार करते हुए 1,075 व्यक्तियों को जेल भेजा गया तथा अवैध मदिरा की तस्करी में संलिप्त 35 वाहनों को जब्त किया गया। उन्होंने बताया कि गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में माह जून, 2025 तक प्रदेश में अवैध शराब के निर्माण, बिकी एवं तस्करी के कुल 27,276 अभियोग दर्ज करते हुए 7.38 लाख लीटर अवैध मदिरा बरामद की गयी थी। अवैध मदिरा के कारोबार में संलिप्त 6,426 व्यक्तियों को गिरफ्तार करते हुए 2,062 व्यक्तियों को जेल भेजा गया था तथा अवैध मदिरा की तस्करी में संलिप्त 50 वाहनों को जब्त किया गया था। आगे बताया कि वर्ष 2025-26 में 06.06.2025 से 20.06.2025 तक 15 दिवस का विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया गया। इस अभियान के अन्तर्गत 5,079 अभियोग दर्ज करते हुए 1,42,401 ली. अवैध शराब बरामद की गयी। अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त 924 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया तथा 189 अभियुक्तों को जेल भेजा गया। मदिरा के परिवहन में संलिप्त कुल 03 वाहन जब्त किये गये।

## व्यावसायिक व आवासीय भूखण्डों का होगा ई-ऑक्शन

लखनऊ। एलडीए व्यावसायिक व आवासीय सम्पत्तियों की सौगत लेकर आया है। जिसके तहत शहर के प्राइम लोकेशन पर स्थित प्राधिकरण की विभिन्न व्यावसायिक व आवासीय सम्पत्तियों को लोग ई-नीलामी के माध्यम से ले सकेंगे।

एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर 04 जुलाई, 2025 से ई-ऑक्शन पोर्टल खोला जा रहा है। इस बार का ई-ऑक्शन काफी खास होगा। इसमें 60-60 वर्गमीटर क्षेत्रफल के आवासीय भूखण्डों एवं फ्लैटों के अलावा विभिन्न योजनाओं में स्थित ग्रुप हाउसिंग, स्कूल, नर्सिंग होम, मैरिज हॉल, फैसेल्टीज, होटल, फाइन डाइन व मिश्रित भू-उपयोग आदि के 300 से अधिक भूखण्ड उपलब्ध होंगे। एलडीए सचिव विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि प्राधिकरण ने पिछले ई-ऑक्शन में लगभग 450 करोड़ रुपए की सम्पत्ति बेची है। एलडीए वीसी के निर्देश पर 4 जुलाई से पुनः ई-ऑक्शन पोर्टल खोला जा रहा है।


# जमीन से आसमां तक, बुलन्दियों का सफर

## एसआरएमएस के स्वास्थ्य सेवा में पूरे हुए गौरवमयी 23 वर्ष

**आपके विश्वास के 23 वर्ष**

**सेंटर ऑफ एक्सीलेंस एवं उच्चस्तरीय इलाज की सुविधायें**

- इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी
- कार्डियक, थोरेसिक एवं वस्कुलर सर्जरी
- रोबोटिक सर्जरी
- रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
- ऑन्को (कैंसर) सर्जरी
- मेडिकल ऑन्कोलॉजी
- किडनी ट्रांसप्लांट एवं किडनी केयर सेंटर
- यूरोलॉजी (मिनीमल इनवेसिव/ लेजर सर्जरी)
- नैफ्रोलॉजी एवं 20 बेड डायलिसिस यूनिट
- गैस्ट्रोएंट्रोलॉजी एवं गैस्ट्रो सर्जरी
- न्यूरो सर्जरी एवं न्यूरोलॉजी
- हैड एण्ड नैक सर्जरी
- क्रिटिकल केयर (ICU, ICCU, NICU, PICU)
- प्लास्टिक, कॉस्मेटिक व माइक्रो वस्कुलर सर्जरी
- इनफर्टिलिटी, आई.वी.एफ. एवं ICSI
- जोड़ प्रत्यारोपण, आर्थोस्कोपी एवं स्पोर्ट्स इन्जरी
- मिनिमल इनवेसिव सर्जरी
- प्रीमियम IOL ट्रांसप्लांटेशन एवं फेको सर्जरी
- हेयर ट्रांसप्लांट, लेजर एवं कॉस्मेटिक सर्जरी
- एडवांस इमेजिंग एवं इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी
  - 3 टैस्ला 48 चैनल MRI
  - 128 स्लाइस ड्यूल सोर्स सी.टी. स्कैन
  - डैक्सा स्कैन, फ्लूरोस्कोपी, कलर डॉप्लर
  - डिजिटल एक्स-रे, डिजिटल मेमोग्राफी

SRMS
श्री राम मूर्ति स्मारक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, बरेली
✆ 9458705555




बरेली: न्यूनतम खर्च पर विश्वस्तरीय इलाज लेना हो तो आज सभी के जेहन में एक ही नाम आता है। और वह है एसआरएमएस मेडिकल कालेज। साल दर साल एसआरएमएस में बढ़ती मरीजों की संख्या, इस पर बढ़ते विश्वास को बयान करने के लिए काफी है। इमरजेंसी और गंभीर बीमारियों में बरेली और आसपास के मरीज दिल्ली या लखनऊ जाने के बजाय उपचार के लिए एसआरएमएस आते हैं। स्वस्थ होकर घर वापस जाते हैं। यह भरोसा किसी उपलब्धि से कम नहीं। इसी विश्वास और उपलब्धियों के सहारे एसआरएमएस मेडिकल कालेज चार जुलाई को स्वास्थ्य सेवा में 24वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। संस्थान के चेयरमैन देव मूर्ति जी कहते हैं कि हमने पहले दिन से ही हेल्थ फार आल, हास्पिटल फार आल को अपना आदर्श बनाया। हम सभी मरीजों को कम खर्च पर उच्चस्तरीय चिकित्सीय सेवाएं दे रहे हैं। यही वजह है कि आसपास के मरीजों के साथ ही उत्तराखंड एवं नेपाल के लोगों का भी भरोसा बढ़ा है। इन 23 वर्षों में मरीजों के विश्वास के साथ ही एसआरएमएस मेडिकल कालेज ने कई उपलब्धियां भी हासिल की हैं। जिसमें 100 बेड का आरआर कैंसर इंस्टीट्यूट एण्ड रिसर्च सेंटर, अंतरराष्ट्रीय मानकों के साथ 175 बेड की क्रिटिकल केयर यूनिट, किडनी ट्रांसप्लांट, रोबोटिक सर्जरी, कोक्लेअर इम्प्लांट सर्जरी, इनफर्टिलिटी सेंटर, ज्वाइंट रिप्लेसमेंट एवं स्पोर्ट्स इंजरी सेंटर, ओन्को सर्जरी, मिनिमल इनवेसिव सर्जरी, इंटरवेंशनल कार्डियोलाजी, इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी, कास्मेटिक सर्जरी, यूरो लेज़र सर्जरी, ट्रामा एवं थोरेसिक सर्जरी आदि का स्थापित होना अहम है।

**विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर में इलाज की सभी अत्याधुनिक तकनीक उपलब्ध**

एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज लखनऊ और दिल्ली के बीच स्थित पश्चिमी उत्तर प्रदेश का अत्याधुनिक संसाधनों से युक्त 1200 बेड का मल्टी सुपर स्पेशियलिटी एवं ट्रॉमा हास्पिटल है। जहां सभी उच्चस्तरीय एवं अत्याधुनिक चिकित्सीय सुविधाओं के साथ 24 घंटें ट्रॉमा सेवायें, अनुभवी एवं प्रशिक्षित डॉक्टरों की टीम, ट्रेंड पैरामेडिकल एवं नर्सिंग स्टाफ हर समय मरीज की सेवा में कुशलतापूर्वक समर्पित है। यहां प्रतिदिन 2500 से अधिक ओपीडी की सेवायें लेने आते है। साथ ही विभिन्न विभागों में 200 के लगभग मरीज प्रतिदिन भर्ती होते है। कार्डियोलॉजी, न्यूरो साइंसेज, ट्रॉमा/एक्सीडेंट, गैस्ट्रो सर्जरी, प्लास्टिक एवं वस्कुलर सर्जरी, ऑर्थोपैडिक्स, गायनोकोलॉजी, जनरल सर्जरी एवं मेडिसिन आदि विभागों में प्रतिवर्ष 20 हजार से अधिक मरीज इमरजेंसी इलाज के लिए दूर-दूर से यहां पहुंचते हैं। यहां 20 अत्याधुनिक मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर, 175 बेड का इंटेंसिव केयर यूनिट, 100 बेड का समर्पित कैंसर सेंटर, 20 बेड की डायलिसिस यूनिट, ब्लड ट्रांसफ्यूजन विभाग जैसी सभी सुविधायें उपलब्ध है। रोबोटिक, लैप्रोस्कोपिक, एण्डोस्कोपिक, आर्थोस्कोपिक एवं लेजर सर्जरी जैसी सभी सर्जिकल सुविधायें यहां एक छत के नीचे उपलब्ध है। किडनी ट्रांसप्लांट, कोक्लियर इम्प्लांट सर्जरी, कॉर्निया ट्रांसप्लांट, इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी, आर्थ्रोस्कोपी, ज्वाइंट रिप्लेसमेंट, ब्रेन एवं स्पाइन सर्जरी, हैड एण्ड नेक सर्जरी, ऑन्को सर्जरी, ईआरसीपी, एण्डोवीनस लेजर ट्रीटमेंट, वस्कुलर सर्जरी जैसी समस्त सर्जरी यहां की जा रही है। एसआरएमएस मेडिकल कालेज में मरीजों के इलाज के लिए सर्वश्रेष्ठ टेक्नोलॉजी और उपकरण जैसे रोबोटिक आर्म, 4K3D लैप्रोस्कोप, लेमिनर फ्लो/ मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर, विश्वस्तरीय क्रिटिकल केयर यूनिट, लीनियर एक्सेलिरेटर, ब्रेकीथैरेपी, कैथ लैब, डीएसए लैब, होल्मियम लेजर थूलियम लेजर, एण्डोवीनस लेजर, सभी उच्चस्तरीय डायग्नोस्टिक सेवायें जैसे 3.0 टेस्ला 48 चैनल एमआरआई, 128 स्लाइस ड्यूल सोर्स सीटी स्कैन, वीडियो लैरेंजोस्कोपी, एंडोस्कोपी, वीडियो ब्रोंकोस्कोपी, एण्डो ब्रोकिंयल अल्ट्रासाउण्ड (ई-बस), स्लीप लैब, थोरोकोस्कोपी, इंटरवेंशनल रेडियोलाजी उपलब्ध हैं।

**7 वर्ष से लगातार देश के टॉप 40 मेडिकल कालेजों में एसआरएमएस का स्थान**

मेडिकल शिक्षा में देश में तेजी से उभर रहा एसआरएमएस मेडिकल कालेज पिछले सात वर्षो से इंडिया टुडे के सर्वेक्षण में देश के टाप 40 मेडिकल कालेजों में स्थान हासिल किए हुए है। इंडिया टुडे ने इसी माह के संस्करण में अपने एमडीआरए सर्वे 2025 के आंकड़े प्रकाशित किये जिसमें एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज को सरकारी और निजी सभी 780 मेडिकल कालेजों में 37वें स्थान पर रखा है। एसआरएमएस देश के कुछ मेडिकल कॉलेजों में शामिल है जिन्हें एनएबीएच की पूर्ण मान्यता प्राप्त है।